2 फरीदाबाद
नगर निगम और हूडा की गलतियों का खामियाजा भुगत रहे हैं शहरवासी

6 अभिमत
पश्चिम बंगाल चुनाव का विश्लेषण

9 देश/विदेश
'न्यायालय की सुनवाई के सीधे प्रसारण पर गंभीरता से विचार कर रहा हूं'


11 स्पोर्ट्स
सालाना अपडेट के बाद भारत आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष पर

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 98
फरीदाबाद, शुक्रवार, 14 मई, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



त्वचा को खूबसूरत बनाने और ग्लो बढ़ाने में बहुत फायदेमंद है मैदा
पेज - 12

## बिना श्रद्धालुओं की मौजूदगी के खुलेंगे युमनोत्री, गंगोत्री के कपाट

एजेंसी। उत्तरकाशी

कोविड-19 के बढ़ते कहर के बीच विश्वप्रसिद्ध हिमालई धामों यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट छह माह के शीतकालीन अवकाश के बाद शुक्रवार और शनिवार को बिना श्रद्धालुओं की मौजूदगी के खुलेंगे। कोरोना संक्रमण के चलते ऐसा लगातार दूसरी बार हो रहा है, जब पिछले वर्ष भी कपाटोद्घाटन के मौके पर केवल तीर्थ पुरोहित और प्रशासनिक अधिकारी ही मौजूद रहे थे।

उधर, उत्तराखंड सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने दोनों धामों के कपाट खोलने को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है, जिसमें समारोह के दौरान केवल 25-25 लोग ही उपस्थित रह सकेंगे। गंगोत्री मंदिर समिति के सह सचिव राजेश सेमवाल ने बताया कि शुक्रवार को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर यमुनोत्री धाम के कपाट और उसके अगले दिन शनिवार सुबह गंगोत्री धाम के कपाट मात्र 25-25 तीर्थपुरोहितों और प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में खोले जाएंगे। शुक्रवार दोपहर अभिजीत मुहूर्त में यमुनोत्री धाम के कपाट सवा 12 बजे खुलेंगे। वहीं 15 मई शनिवार की सुबह 07:31 मिनट पर खुलेंगे।



### पुजारी समेत केवल 25 लोग होंगे शामिल

यमुनोत्री मंदिर समिति के उपाध्यक्ष राजस्वरूप उनियाल एवं सचिव सुरेश उनियाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह आठ बजे मां यमुना की उत्सव मूर्ति को डोली यात्रा के साथ खरसाली से यमुनोत्री धाम के लिए रवाना किया जाएगा। मां यमुना के भाई समेश्वर देवता (शनि महाराज) की डोली भी उन्हें विदा करने यमुनोत्री तक जाएगी। अभिजित मुहूर्त में दोपहर 12.15 बजे विशेष पूजा अर्चना और विधि विधान के साथ यमुनोत्री मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी को देखते हुए इस बार कपाटोद्घाटन में पुजारी, तीर्थ पुरोहित एवं पलगीर समेत कुल 25 लोग शामिल होंगे। इन सभी लोगों की कोरोना जांच कराई गई है।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि सरकार द्वारा दोनों धामों के लिए जारी की गई एसओपी के तहत ही गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान धामों में आसपास के गांवों से भी कोई धाम में प्रवेश नहीं कर पाएगा। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की गंभीर स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने 29 अप्रैल को चारधाम यात्रा स्थगित करने की घोषणा की थी और कहा था कि धामों के कपाट नियत समय पर खुलेंगे, लेकिन उनमें पूजा पाठ केवल तीर्थ पुरोहित ही करेंगे।

## हरियाणा में बीपीएल को दो लाख का बीमा, सरकार देगी प्रीमियम

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**प्रदेश के 50 लाख लोगों को मिलेगा लाभ**

**जनधन खातों से लिंक होंगे आवेदन**

**31 मई अंतिम तिथि**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के सभी बीपीएल और गरीब परिवारों को बीमा सुरक्षा प्रदान करने का ऐलान किया है। सरकार की इस योजना से 50 लाख से अधिक लोगों का दो-दो लाख रुपये का बीमा होगा। 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति' योजना के तहत यह सुविधा राज्य में लागू होगी। इस योजना का 330 रुपये सालाना का प्रीमियम राज्य सरकार वहन करेगी। इसके लिए इन सभी व्यक्तियों को बैंकों में फार्म जमा करवाना होगा। ये आवेदन फार्म 'जनधन' खातों के साथ कनेक्ट होंगे।

गुरवार को चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रीमियम की राशि सरकार वहन करेगी, लेकिन इसमें शर्त यह रहेगी कि पहली किस्त का पैसा लाभार्थियों को बैंक खातों में रखना होगा। बीमा प्रीमियम की राशि कटने के बाद सरकार द्वारा यह भी उनके बैंक खातों में रिफंड कर दी जाएगी। योजना का लाभ 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के नागरिकों को मिलेगा। प्रदेश के बीपीएल परिवारों के अलावा 1 लाख 80 हजार रुपये सालाना और 15 हजार रुपये मासिक से कम आय वाले परिवार योजना में कवर होंगे। पीएम जीवन ज्योति योजना के तहत कोरोना संक्रमण, सड़क दुर्घटना, हादसे या अन्य किसी भी वजह से जान जाने पर मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की आर्थिक मदद मिलेगी। संबंधित बीमा कंपनी द्वारा यह पैसा दिया जाएगा। एक अनुमान के हिसाब से 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के लोगों की संख्या करीब 50 लाख होगी। सीएम ने कहा कि इस योजना को हरियाणा में एक मार्च को लागू माना जाएगा। जिसके आवेदन 31 मई तक फार्म भरे जाएंगे। अगर कोई व्यक्ति इस अवधि में फार्म नहीं भर सकेंगे तो उन्हें सरकार की ओर से दो-दो लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। 31 मई के बाद बीमा कंपनी द्वारा पैसा दिया जाएगा।

### कोविड अस्पतालों में ड्यूटी देंगे ईएसआई के डॉक्टर

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के मद्देनजर गुरवार को ईएसआई के तीन सौ डॉक्टरों की सेवाएं अस्पतालों में दे दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आमतौर पर ईएसआई में डॉक्टरों के पास काम कम होता है, लेकिन इन दिनों अस्पतालों में कोरोना मरीजों के कारण लोड बढ़ रहा है। जिसके चलते गुरवार को पहले चरण में तीन सौ डॉक्टरों की सेवाएं स्वास्थ्य विभाग को सौंप दी गई हैं। आने वाले दिनों में जरूरत के अनुसार डॉक्टरों की संख्या को बढ़ाया जाएगा।


### निजी अस्पतालों ने की मनमानी तो होगी कार्रवाई

सीएम ने स्वीकार किया कि कोरोना से निपटने में सरकारी सिस्टम अकेला सक्षम नहीं था। प्राइवेट अस्पतालों का बड़ा योगदान है। कुल मरीजों में से 40 प्रतिशत का सरकारी और 60 का प्राइवेट अस्पतालों में उपचार हुआ। उन्होंने कहा कुछ अस्पताल ऐसे हैं, जो मरीजों से अधिक पैसा वसूल रहे हैं। सरकार द्वारा तय किए गए दामों से अधिक लेने वाले अस्पतालों के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज होंगे। उनके लाइसेंस रद्द किए जाएंगे। सरकार ऑक्सीजन की सप्लाई भी बंद कर देगी। सीएम ने कहा कि इसी तरह से एम्बुलेंस के भी रेट तय किए हैं।

### अगले सप्ताह शुरू होगा पानीपत का अस्पताल

हिसार और पानीपत में बनाए जाने वाले 500-500 बेड्स के कोविड अस्पताल पर सीएम ने कहा कि पानीपत में 300 बेड का अस्पताल 16 को शुरू हो जाएगा। 16-17 को ही हिसार का अस्पताल भी शुरू होगा। इन अस्पतालों में मरीजों को सीधे भर्ती नहीं किया जाएगा, बल्कि आसपास के जिलों को इनके साथ कनेक्ट किया है। साथ लगते जिलों से रेफर किए जाने वाले मरीजों का इन अस्पतालों में उपचार होगा। सीएम ने कहा कि ईएसआई के 300 डॉक्टरों व पैरा-मेडिकल स्टॉफ की सेवाएं फिलहाल स्वास्थ्य विभाग को सौंपी हैं।

### ईद मुबारक



**अवकाश सूचना**

ईद के अवसर पर पायनियर प्रेस और कार्यालय 14 मई शुक्रवार को बंद रहेगा। अतः अगला अंक 16 मई रविवार को प्रकाशित होगा।
-संपादक

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 36.08°C
न्यूनतम 26.02°C

## क्विक न्यूज

### यूपीएससी ने 27 जून को होने वाली परीक्षा स्थगित की

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने कोविड-19 की चिंताजनक स्थिति के मद्देनजर 27 जून में होने वाली सिविल सेवा की प्रारंभिक (प्रीलिम्स) परीक्षा बृहस्पतिवार को स्थगित कर दी। अब यह परीक्षा 10 अक्टूबर 2021 को आयोजित होगी। आयोग हर साल तीन चरणों प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार में सिविल सेवा परीक्षा कराता है, जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी चुने जाते हैं।

### आज पीएम-किसान के तहत 8वीं किस्त जारी होगी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई (शुक्रवार) को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 8वीं किस्त के रूप में 9.5 करोड़ लाभार्थी किसान परिवारों के लिए 19,000 करोड़ रुपये की राशि करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम-किसान सम्मान निधि की राशि जारी करेंगे और लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद रहेंगे।

### असम : आकाशीय बिजली गिरने से 18 हाथियों की मौत

**गुवाहाटी।** असम के नगांव जिले में जंगल में आकाशीय बिजली गिरने से 18 हाथियों की मौत हो गई। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बारे में बताया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अमित सहाय ने बताया कि कठियाटोली रेंज के कुंडोली वन क्षेत्र में पहाड़ी पर बुधवार रात आकाशीय बिजली गिरने से यह घटना हुई। उन्होंने बताया, यह सुदरवर्ती क्षेत्र है और हमारी टीम गुरवार दोपहर वहां पहुंच पाई। दो झुंड में हाथियों के शव मिले।

### पोवार भारतीय महिला क्रिकेट टीम के कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व स्पिनर रमेश पोवार को गुरवार को डब्ल्यू वी रमन की जगह भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पोवार इससे पहले भी टीम के साथ यह भूमिका निभा चुके है। उन्हें हालांकि 2018 टी-20 विश्वकप के बाद सीनियर खिलाड़ी मिताली राज के साथ विवाद के बाद निलंबित कर दिया गया था।

● विस्तृत खबर पेज-11

**कोरोना पर पड़ेगी मार**

# देश में पांच महीने में बनेंगी वैक्सीन की 216 करोड़ डोज

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में जल्द ही कोरोना के टीकों की किल्लत दूर हो सकती है। देश में वैक्सीन की कमी के बीच बृहस्पतिवार को नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल ने एक उम्मीद भरी घोषणा की। वहीं अगले ही सप्ताह से रूस में बनी वैक्सीन स्पूतनिक-वी मार्केट में बिक्री के लिए उपलब्ध होने वाली है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने अगस्त से दिसंबर के दौरान भारत में 216 करोड़ कोरोना टीकों की मैन्युफैक्चरिंग का ऐलान किया है। पॉल ने कहा, 'देश में अगस्त से दिसंबर के दौरान कुल 216 करोड़ कोरोना टीके तैयार किए जाएंगे। ये टीके पूरी तरह से भारत और भारतीयों के लिए ही बनेंगे।' उन्होंने कहा, इस बात में कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि आने वाले समय में सभी को वैक्सीनेशन के तहत कवर किया जाएगा।

नीति आयोग के सदस्य ने कहा कि एफडीए और विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से मंजूर की गई किसी भी दवा को भारत में अनुमति दी जा सकती है। इन दवाओं के आयात के लिए लाइसेंस भी एक से दो दिन में ही दिया जाएगा। फिलहाल हमारे पास कोई इंपोर्ट लाइसेंस का आवेदन लंबित नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने विदेशी संस्थाओं को अपनी कंपनियों के साथ मिलकर काम करने का आमंत्रण दिया है। जॉनसन एंड जॉनसन ने काफी अच्छा काम किया है। उन्होंने कुछ ही दिनों में हमारे ऑफर को स्वीकार किया है। पॉल ने बताया, "जॉनसन का कहना है कि वह अपने तरीके से काम कर रहे हैं। भारत में इस साल की तीसरी तिमाही में टीकों की उपलब्धता हो सकती है। हम उनसे संपर्क में हैं। हमें उम्मीद है कि वे भारत में टीकों की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए काम करेंगे।' भारत में विदेशी टीकों को मंजूरी के सवाल पर उन्होंने कहा कि डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नॉलजी एवं अन्य संबंधित विभाग फाइजर, मॉडर्ना, जॉनसन एंड जॉनसन जैसी कंपनियों के साथ शुरुआती दौर से ही संपर्क में हैं। हमने उनसे आधिकारिक तौर पर कहा है कि यदि वे भारत में वैक्सीन भेजना चाहेंगे या मैन्युफैक्चरिंग को तैयार होंगे तो हम उन्हें मदद करेंगे और उनके लिए पार्टनर की भी तलाश करेंगे।



### अब कोविशील्ड की दोनों खुराकों में होगा 12-16 हफ्तों का गैप

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने कोविशील्ड टीके की दो डोज लगवाने के बीच के समय को 6-8 सप्ताह से बढ़ाकर 12-16 सप्ताह करने की कोविड-19 कार्य समूह की सिफारिश को बृहस्पतिवार को स्वीकार कर लिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को दो डोज के बीच समय बढ़ाने की घोषणा करते हुए उक्त बात बताई। मंत्रालय ने कहा, लेकिन नेशनल टेक्नीकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्युनाइजेशन (एनटीएजीआई) (टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह) ने कोवैक्सिन के दो डोज के समयांतर (पहला और दूसरा डोज लगने के बीच का समय) में बदलाव का कोई सुझाव नहीं दिया है। उसने कहा, वास्तविक समय के साक्ष्यों, विशेष रूप से ब्रिटेन से प्राप्त, के आधार पर कोविड-19 कार्य समूह कोविशील्ड टीके के दो डोज के बीच समयांतर को बढ़ाकर 12 से 16 सप्ताह करने पर राजी हो गया है। कोवैक्सिन के दो डोज के बीच समयांतर में बदलाव की कोई सिफारिश नहीं की गई है।

**कोरोना मरीजों को रिकवरी के छह माह बाद लगवाना चाहिए टीका:** सरकारी पैनल का कहना है कि कोरोना मरीजों को रिकवर होने के 6 महीने बाद ही वैक्सीन की पहली डोज लेनी चाहिए। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

### अगस्त से दिसंबर तक का प्रोडक्शन

| | |
|---|---|
| कोविशील्ड | 75 करोड़ |
| कोवैक्सिन | 55 करोड़ |
| बायो ई सब यूनिट | 30 करोड़ |
| जायडस कैडिला डीएनए | 05 करोड़ |
| एसआईआई नोवावैक्स | 20 करोड़ |
| बीबी नजल वैक्सीन | 10 करोड़ |
| जिनोवा एमआरएनए | 06 करोड़ |
| स्पुतनिक | 15.6 करोड़ |
| कुल | 216.6 करोड़ |



### कोवैक्सिन को बच्चों पर दूसरे-तीसरे चरण के ट्रायल को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष दवा नियामक ने भारत बायोटेक के कोविड-19 रोधी टीके कोवैक्सिन का दो से 18 साल तक के बच्चों को लगाने के लिए दूसरे-तीसरे चरण के क्लिनिकल ट्रायल को मंजूरी दे दी है। यह ट्रायल 525 स्वस्थ स्वयंसेवकों पर किया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा, देश के राष्ट्रीय नियामक, ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने सावधानीपूर्वक जांच करने के बाद विषय विशेषज्ञता समिति (एसईसी) की सिफारिश को मंजूर कर लिया है और कोवैक्सिन (कोविड रोधी टीके) के निर्माता भारत बायोटेक लिमिटेड को 12 मई को दो से 18 वर्ष की आयु के लोगों पर इसके दूसरे-तीसरचरण के क्लिनिकल ट्रायल को मंजूरी दे दी। हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक ने दो से 18 वर्ष की आयु वर्ग पर क्लिनिकल ट्रायल करने का प्रस्ताव दिया था।

### 100 जिलों के डीएम से बात करेंगे प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के उन 100 जिलों के कलेक्टरों से बात करेंगे, जहां कोरोना संक्रमण के ज्यादा केस हैं। सरकारी सूत्रों ने गुरवार को बताया कि प्रधानमंत्री 18 और 20 मई को दो चरणों में जिलाधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे। देश के 9 राज्यों में पड़ने वाले 46 जिलों के डीएम से मोदी पहली बैठक में बात करेंगे। इसके बाद अगले राउंड में 10 राज्यों के 54 जिलों के कलेक्टरों से बात करेंगे। यही नहीं इस मीटिंग के दौरान संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे।

### 20 राज्यों में पॉजिटिविटी रेट में गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में पिछले कुछ दिनों से कोरोना के नए केस में गिरावट दर्ज की गई है। 20 राज्यों सहित 187 जिलों में पिछले दो सप्ताह से मामलों में कमी देखी जा रही है। यह कहना है केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल का। अग्रवाल ने गुरवार को बताया कि 24 राज्य ऐसे हैं जहां 15 फीसद से अधिक पॉजिटिव केस हैं। 5 फीसद से 15 फीसद के बीच केस वाले 8 राज्य हैं, वहीं 4 राज्य ऐसे हैं, जहां 5 फीसद से भी कम पॉजिटिविटी रेट है। अग्रवाल ने बताया कि में नए केस में गिरावट देखी जा रही है।

### पीएनबी घोटाला नीरव मोदी को कारण बताओ नोटिस जारी

**मुंबई।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले में कथित धोखाधड़ी और धनशोधन के मामले में वांछित भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को यहां की एक विशेष अदालत ने सार्वजनिक नोटिस जारी कर पूछा है कि उसकी संपत्तियों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) कानून के तहत जब्त क्यों नहीं किया जाए। विशेष न्यायाधीश वीसी बर्डे ने नीरव मोदी से 11 जून को अदालत के समक्ष पेश होने को भी कहा। अदालत ने कहा कि अगर आरोपी पेश नहीं होता तो उसके खिलाफ एफईओ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। विशेष अदालत ने दिसंबर 2019 में नीरव मोदी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर ऐसा किया गया था जो इस मामले में जांच कर रहा है।

**गंगा में लाशें बहने का मामला**

## एनएचआरसी ने केंद्र, बिहार यूपी को जारी किया नोटिस

**चार सप्ताह में मांगी कार्रवाई की रिपोर्ट**

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उत्तर प्रदेश और बिहार में गंगा नदी में कई लाशें मिलने की शिकायतों के बाद गुरवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय और दोनों राज्यों को नोटिस जारी किया। आयोग ने बयान में कहा, इसने (एनएचआरसी) दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों और केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सचिव को गुरवार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रहने वाले लोगों के मुताबिक नरही इलाके के उजियार, कुल्हड़िया और भरौली घाट पर कम से कम 52 लाशें बहती हुई दिखाई दी हैं। इसी तरह गंगा नदी में लाशों के बहने की खबर बिहार से भी मिली है। बयान में एनएचआरसी ने कहा कि ऐसा लगता है कि प्रशासनिक अधिकारी जनता को जागरूक करने और गंगा नदी में अधजली या बिना जली लाशों को बहाने से रोकने में असफल हुए हैं। एनएचआरसी ने बयान में कहा, शवों को हमारी पवित्र गंगा नदी में प्रवाहित करना स्पष्ट रूप से जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है।

### पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर को 20 मई तक गिरफ्तार नहीं करेंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने बृहस्पतिवार को बंबई हाईकोर्ट को बताया कि वह मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को अत्याचार कानून के तहत ठाणे पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी के संबंध में 20 मई तक गिरफ्तार नहीं करेगी। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता डेरियस खंबाटा ने न्यायमूर्ति पीबी वराले और न्यायमूर्ति एनआर बोरकर की खंडपीठ से कहा कि अकोला में एक पुलिस इंस्पेक्टर ने सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार के, जो आरोप लगाए हैं, वे काफी गंभीर हैं।

### किसान प्रदर्शन स्थगित करें, इससे गांवों में संक्रमण फैल रहा: खट्टर

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने तीन कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों से बृहस्पतिवार को कोविड-19 महामारी के मद्देनजर प्रदर्शन स्थगित करने की अपील की। उन्होंने इसके साथ ही दावा किया कि धरना स्थलों से किसानों की आवाजाही के कारण गांवों में संक्रमण फैल रहा है। खट्टर ने कहा, किसान चाहें तो अपनी इच्छा से प्रदर्शन दोबारा शुरू कर सकते हैं, लेकिन अभी उन्हें इसे बंद कर देना चाहिए।

### 21 घंटे बाद जेल पहुंचा गुरमीत राम रहीम

**रोहतक।** साध्वियों से दुष्कर्म मामले में रोहतक जेल सजा काट रहे गुरमीत राम रहीम को बुधवार को छह बजे रक्तचाप कम होने के कारण पीजीआई में दाखिल कराया गया था। 21 घंटे बाद राम रहीम को दोबारा जेल भेज दिया गया। वहीं सूत्रों के अनुसार, जब राम रहीम अस्पताल में भर्ती था, तो लगातार हनीप्रीत और अपने परिवार से मिलने की जिद कर रहा था। दोपहर करीब सवा दो बजे डॉक्टरों ने उसे डिस्चार्ज कर दिया। अस्पताल में राम रहीम को कैमरे की निगरानी में रखा गया था। सुनारिया जेल में सजा काट रहे राम रहीम की तबीयत तीन दिन से खराब थी। पहले उसे जेल के भीतर अस्पताल में दवा दी गई थी।

**प्रवासी मजदूरों को उच्चतम न्यायालय से राहत**

## हरियाणा, दिल्ली और यूपी सरकार एनसीआर में खोलें सामूहिक रसोई

एजेंसी। नई दिल्ली

देशभर में फैले कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने फिर से प्रवासी मजदूरों की सुध ली। सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आने वाले जिलों में सामूहिक रसोई खोली जाए, ताकि मजदूर और उनके परिवार दो वक्त का खाना खा सकें। कोर्ट ने कहा कि ये सामूहिक रसोइयां जानी-मानी जगहों पर होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह सामुदायिक रसोई औद्योगिक क्षेत्र, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के आसपास बनाई जाए, जहां अधिक संख्या में प्रवासी रहते हैं। शीर्ष



### जो घर जाना चाहते हैं, उनके लिए परिवहन की समुचित व्यवस्था हो

पीठ ने कहा, कोरोना के कारण एनसीआर में फंसे कामगारों में से जो घर जाना चाहते हैं, उनके लिए परिवहन की समुचित व्यवस्था करें। न्यायालय ने निर्देश दिया कि जिला प्रशासन, पुलिस के साथ मिलकर ऐसे फंसे हुए प्रवासी कामगारों की पहचान करें और बस या ट्रेन से उनकी वापसी की व्यवस्था करें। पीठ ने कहा, मई 2021 से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फंसे प्रवासी कामगारों को आत्मनिर्भर भारत या भारत सरकार, दिल्ली सरकार, उत्तर प्रदेश हरियाणा सरकार की किसी अन्य योजना के तहत राशन की दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न दिया जाएगा। पीठ ने कहा कि खाद्यान्न देते हुए प्रशासन उन प्रवासी कामगारों को पहचान पत्र दिखाने पर जोर न दें, जिनके पास फिलहाल दस्तावेज नहीं है और सिर्फ उनके कहने के आधार पर उन्हें राशन मुहैया कराए। न्यायालय ने केंद्र के साथ-साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा सरकारों को निर्देश दिया कि वे फंसे हुए प्रवासी कामगारों की तकलीफें कम करने के लिए आवेदन में दिए गए सलाह पर जवाब दें। अदालत ने कहा कि अधिकारियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि घर लौट रहे प्रवासी मजदूरों से निजी बस संचालक अत्यधिक किराया न वसूलें। केंद्र को उन्हें परिवहन की सुविधा देने के लिए रेलवे को शामिल करने पर विचार करना चाहिए। न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एमआर शाह की पीठ ने तीन कार्यकर्ताओं की याचिका पर सुनवाई के दौरान ये बातें कहीं। इसमें राज्यों और केंद्र को महामारी के बीच देश के कई हिस्सों में लॉकडाउन की वजह से परेशानी झेल रहे प्रवासी मजदूरों के भोजन की सुरक्षा, नकदी हस्तांतरण, परिवहन सुविधाएं और अन्य कल्याण उपाय सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 37.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 26.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- सभी जरूरी दुकानें सुबह 8 से दोपहर एक बजे तक तथा शाम को 6 से 8 रहेंगी खुली।
- बीके अस्पताल में कोरोना जांच सुबह 8 बजे से शुरू।
- बीके अस्पताल की ओपीडी सुबह 8 से 11 बजे तक।
- जिले में 49 केन्द्रों पर लगाई जाएगी वैक्सीन सुबह सुबह 10 से शाम 4 बजे तक।

**निवेश गुरु**

**शादियों** के सीजन की शुरुआत होने वाली है। वेडिंग सीजन में सोने की खरीदारी बढ़चढ़ कर होती है। लोग अपन लिए और अपनों के लिए सोने की ज्लैवरी खरीदते हैं। ऐसे में अगर आप भी सोना खरीदने का मन बना रहे हैं तो इस मौके का लाभ उठाएं। सोने की कीमत में फिलहाल बड़ी गिरावट है। सोना अपने उच्चतम मूल्य से 9085 रुपये तक सस्ता हो चुका है। वहीं आने वाले दिनों में सोने की कीमत में तेजी आने की उम्मीद है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### सोसायटी में लगाया जांच शिविर

**फरीदाबाद।** ओजोन पार्क सोसायटी में आरडबल्यूए के प्रधान चेतन रावत द्वारा सोसायटी में कोरोना जांच शिविर का आयोजन बृहस्पतिवार को कराया गया। जिसमें सोसायटी में काम करने वाले सिक्योरिटी गार्ड, मेंट्नेन्स, हाउस कीपिंग, बागवानी, कार साफ करने वाले व हाउस मेड स्टाफ के लिये कोरोना की नि:शुल्क जांच का आयोजन कराया गया। इस जांच का फायदा सोसायटी के निवासियों ने भी उठाया। लगभग डेढ़-सौ से अधिक लोगों ने जांच करवायी। सोसायटी मे काम करने वाले तीन कर्मचारियों को कोरोना पॉजिटिव पाया गया। जिन्हें 15-15 दिन की छुट्टी देकर घर भेज दिया गया।

**क्विक न्यूज**

### बाइक चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को धर दबोचा है। आरोपी खालिद पुत्र जफरुद्दीन जिला अलीगढ़ यूपी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को थाना सेक्टर 17 के मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल पेंशन प्रो बरामद कर, आज आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। पूछताछ पर सामने आया कि आरोपी अलीगढ़ जेल में भी चोरी के मामले में बंद रह चुका है।

### अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी ने अवैध रूप से तस्करी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान धर्मपाल पुत्र अमर सिंह निवासी एसजीएम नगर फरीदाबाद के रूप में हुई है। आपको बताते चलें कि क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि एसजीएम नगर एरिया में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है जिस पर कार्रवाई करते हुए एनआईटी क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को दो पेटी देसी शराब सहित मौके पर धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ थाना एसजीएम नगर में हरियाणा एक्साइज एक्ट के तहत एवं कोरोना वायरस महामारी नियमों की अवहेलना करने के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शराब बेचने के मामलों में पहले भी जेल में जा चुका है। आरोपी के खिलाफ आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# ऑक्सीजन संकट : नगर निगम और हूडा की गलतियों का खामियाजा भुगत रहे हैं शहरवासी

## हजारों एकड़ जमीनों पर बने ग्रीनबेल्ट उजड़ने से प्रदूषित हुई हवा

**राजेश दास।** फरीदाबाद







**कोरोना** की दूसरी लहर में भारी संख्या में कोविड मरीजों को ऑक्सीजन की परेशानी होने लगी। जिसके कारण शहर भर में कृत्रिम ऑक्सीजन के लिए बुरी तरह मारामारी शुरू हो गई थी। पिछले लंबे समय से निजी फायदे के लिए लोग पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करते आ रहे हैं।

कोरोना के प्रकोप ने लोगों को पर्यावरण के महत्व का पाठ तो पढ़ा दिया है, लेकिन सरकारी तंत्र अभी भी समझने को तैयार नहीं है। अरावली के साथ वर्षों से हो रही छेड़छाड़ के कारण स्थिति लगातार खराब होती जा रही है, लेकिन नगर निगम और हूडा ने शहर में पर्यावरण की तरफ कभी ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की। ऐसे नहीं है कि शहर में पेड़- पौधों और हरियाली के लिए जगह का कोई अभाव है। शहर में हजारों एकड़ जमीन ग्रीनबेल्ट के लिए आरक्षित है, लेकिन इन दोनों ही विभागों की लापरवाही से या तो ग्रीनबेल्ट उजड़ चुकी है या फिर उन पर अवैध कब्जे हो चुके हैं। यदि नगर निगम और हूडा समय रहते शहर की ग्रीनबेल्टों और पार्कों के रख रखाव पर ध्यान देता तो शहर की आबोहवा खराब नहीं होती। शहर हरा भरा होता तो लोगों को ऑक्सीजन के अभाव में यूं जान नहीं गंवानी पड़ती, लेकिन दोनों ही विभागों की उद्यान शाखा अपने काम में रुचि नहीं दिखाती।

**उद्यान शाखा की रुचि नहीं**

**नगर** निगम और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के पास अपनी-अपनी उद्यान शाखाएं मौजूद हैं। इन शाखाओं में अधिकारियों और कर्मचारी तो तैनात हैं ही, साथ ही सभी तरह के पर्याप्त संसाधन भी मौजूद हैं, लेकिन शहर की ग्रीनबेल्ट और पार्कों की हालत को देखकर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि नगर निगम और हूडा की उद्यान शाखाएं किस तरह से अपना काम कर रही हैं। दोनों ही विभागों की शाखाओं की रुचि ग्रीनबेल्टों में हरियाली करने की तरफ बिल्कुल भी दिखाई नहीं देती। उद्यान शाखाओं की रुचि पार्कों में कनॉपी, झूले, स्टील बैंच और अन्य कई तरह की चीजें लगवाने में ज्यादा रहती है। पार्कों में हरियाली हो या न हो लेकिन इन तमाम चीजों के लिए बजट की कमी कभी महसूस नहीं की जाती। इससे अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि इन चीजों पर आखिरकार क्यों सरकारी धन खर्च किया जाता है। यदि इन दोनों ही विभागों की उद्यान शाखाएं शहर की ग्रीनबेल्ट और पार्कों के रख रखाव पर जरा भी ध्यान देती तो आज शहर की स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती।

**अदालत के आदेश भी ताक पर**

**शहर** की ग्रीनबेल्टों का रख रखाव न किये जाने से इनमें गंदगी और कूड़े के ढेर पड़े हुए कहीं भी देखे जा सकते है। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम और हूडा के संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण शहर की ज्यादातर ग्रीनबेल्टों पर लोगों ने अवैध तरीके से कब्जे किये हुए हैं। शहर की ग्रीनबेल्ट पर कहीं भी अवैध दुकानों, रेहड़ी और खोमचों को देखा जा सकता है। कई स्थानों पर लोगों ने ग्रीनबेल्टों पर पक्के निर्माण तक कर रखे हैं। शहर के रिहायशी सेक्टरों में कई स्थानों पर लोगों ने ग्रीनबेल्ट की जमीनों पर कब्जे कर अवैध तरीके से रैम्प बनाए हुए हैं। वहीं कई स्थानों पर निगम, हूडा अथवा विकास कार्य कराने वाली एजेंसियों के ठेकेदारों द्वारा निर्माण सामाग्री डाली जाती है। एक मामले की सुनवाई के दौरान कुछ समय पहले एनजीटी ने नगर निगम को शहर की तमाम ग्रीनबेल्टों से अवैध कब्जे हटाने के आदेश दिये थे। उस समय निगम की तरफ से एक दो स्थानों पर दिखावे के लिए अवैध कब्जों को हटा दिया गया। जहां बाद में फिर से अवैध कब्जे हो गए। इन विभागों की लापरवाही के कारण शहर से हरियाली लगातार गायब होती जा रही है और हवा में जहर घुलता जा रहा है।

### विभागों की लापरवाही या भ्रष्टाचार

**शहर में** हरियाली के लिए पर्याप्त जगह होने के बावजूद कोरोनाकाल में लोग ऑक्सीजन की कमी से जूझ रहे हैं। नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न रिहायशी इलाकों, सेक्टरों औद्योगिक क्षेत्र और प्रमुख सड़कों के किनारे ग्रीनबेल्टों के लिए सैकड़ों एकड़ जमीन है।

इसी तरह हूडा के तमाम सेक्टरों, बाइपास रोड और प्रमुख सड़कों के दोनों तरफ हजारों एकड़ जमीन ग्रीनबेल्ट के लिए छोड़ी गई है। लेकिन शहर की ज्यादातर ग्रीनबेल्ट नगर निगम और हूडा के अधिकारियों की लापरवाही के कारण बुरी तरह उजड़ चुकी है। दोनों विभागों के अधिकारियों की लापरवाही के कारण ग्रीनबेल्टों का काफी बढ़ा हिस्सा विकास की भेंट चढ़ चुका है। एनआईटी के ज्यादातर इलाकों में ग्रीनबेल्ट सड़कों के निर्माण के बाद खत्म हो चुकी है।

पैरिफेरल रोड के निर्माण के बाद एनआईटी के कई हिस्सों में ग्रीनबेल्ट का नामों निशान मिट चुका है। सेक्टर 21 में स्मार्ट रोड के निर्माण के दौरान मलवा डालकर ग्रीनबेल्ट उजाड़ दी गई। निर्माण के दौरान उजड़ चुकी ज्यादातर ग्रीनबेल्टों को निगम की तरफ से दोबारा कभी विकसित करने का प्रयास नहीं किया गया। जिसका खामियाज अब शहर के लोगों को उठाना पड़ रहा है।

**ग्रीनबेल्ट विकसित करें**



**समाजसेवी** एवं डबुआ कॉलोनी निवासी अमनदीप सिंह का कहना है कि संबंधित विभागों की लापरवाही से शहर में प्रदूषण बढ़ रहा है। शहर की आबोहवा में सुधार लाने के लिए जिला प्रशासन को ठोस कदम उठाते हुए ग्रीनबेल्टों से अवैध कब्जे हर हाल में हटवाने चाहिए। साथ इन ग्रीनबेल्टों में हरियाली कर नियमित रख रखाव सुनश्चित करना होगा। जिससे शहर का वातावरण शुद्ध हो सकेगा और शहर के लोगों को ऑक्सीजन की कमी से नहीं जूझना पड़ेगा।



# जिले के सभी गांव में ठीकरी पहरा लगाने के आदेश : यशपाल

## ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे मामलों को देखते हुए उठाया गया कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**उपायुक्त** यशपाल ने कहा कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोरोना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में सभी गांव में ठीकरी पहरा लगाने के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला के सभी लोगों से और खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से यह अपील की गई है कि वह इस महामारी को गंभीरता से लें ताकि लोगों की कीमती जान को बचाया जा सके।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से निपटने के लिए जिला प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास अस्पतालों में साधारण बेड, ऑक्सीजन बेड, आईसीयू और वेंटिलेटर की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन जितने भी कोविड-19 पॉजिटिव के मामले आ रहे हैं हम तुरंत उनकी कांटेक्ट ट्रेसिंग करवा रहे हैं। जरूरत के अनुसार सभी को घरों में दवा की किट और अगर आवश्यकता है तो अस्पताल में दाखिल भी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव में मंदिर व अन्य धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर के माध्यम से और जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के प्रचार वाहन के माध्यम से भी लोगों से घरों में रहने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी गांव में मुनादी करवाकर लोगों को बीमारी की गंभीरता के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि गांव में कई लोग इकट्ठा बैठकर हुक्का पीते हैं और ताश खेलते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह ऐसा न करें और सामूहिक रूप से इकट्ठा न हो। उन्होंने कहा कि कोविड-19 एक संक्रामक बीमारी है और इसका संक्रमण बड़ी तेजी से फैलता है। उपायुक्त ने कहा कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग से नोडल अधिकारी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी की गई है और स्वास्थ्य विभाग की टीमों का गठन कर लोगों की जांच भी कराई जा रही है।

उपायुक्त ने इस दौरान सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों से कहा कि वह किसी भी बुखार जुकाम अथवा खांसी जैसी बीमारी को गंभीरता से लें। अगर उन्हें कोरोना के कोई भी लक्षण दिखाई देते हैं तो तुरंत अपनी जांच कराएं। उन्होंने कहा कि अधिकतर मरीज घर पर ही कुछ दिन दवाई लेने के पश्चात ठीक हो जाते हैं ऐसे में किसी भी तरह से घबराने की आवश्यकता नहीं है।

# बनवाया पीएनजी गैस का नया शवदाह गृह

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**कोविड-19** वैश्विक महामारी कोराना के संक्रमण से होने वाली मौतों के मद्देनजर स्थानीय तिगांव रोड स्थित शवदाह गृह में अब बिना किसी दुषित पर्यावरण/ पोलूशन के पीएनजी गैस के माध्यम से तैयार शवदाह गृह में अंतिम संस्कार किए जा सकेंगे। इस शवदाह गृह को नगर निगम द्वारा लगभग 70 लाख रूपये की धनराशि की लागत से तैयार किया गया है। हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने बताया कि सरकार ने बल्लबगढ़ में पीएनजी गैस के इस शवदाह गृह को बनवाया है ताकि शहर के अंदर पर्यावरण में फैलने वाले संक्रमण/ प्रदूषण को कम किया जा सके। इसका निर्माण निगम के कार्यकारी अभियंता विवेक गिल की देख रेख में किया गया। इसमें श्मशान घाट की कमेटी के सदस्य ही अंतिम संस्कार के रेट तय करेंगे। इस शवदाह गृह के अंदर एक डेडबॉडी के पूर्ण गति होने के लिए करीब 3 घण्टे का समय लगता है। बता दे कि अंतिम संस्कार के लिए आज की इस महामारी के समय बहुत ज्यादा लकड़ियों की आवश्यकता पड़ रही थी ,अब यह समस्या भी खत्म हो जाएगी और पर्यावरण भी ठीक रहेगा।

# डीसीपी ने पुलिस कर्मियों से बातचीत कर बढ़ाया हौसला

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पुलिस** उपायुक्त सेंट्रल मुकेश मल्होत्रा ने सेंट्रल जोन एरिया में आने वाले सभी नाकों का औचक निरीक्षण किया और इस दौरान नाकों पर खड़े पुलिसकर्मियों से बातचीत कर उनका हौसला भी बढ़ाया।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि महामारी को काबू करने के लिए और लोगों के ज्यादा आवागमन को रोकने के लिए सेंट्रल जोन में 20 नाके लगाए हुए हैं। सेंट्रल जोन में 13 पीसीआर और 23 राइडर वाहनों से गस्त कर लोगों पर नजर रखी जा रही है। अगर कोरोना वायरस गाइडलाइंस का उल्लंघन होना पाया जाता है तो उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाती है। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल मुकेश मल्होत्रा ने सेक्टर 14, 15, 16, बाईपास रोड, डीपीएस चौक बिहारी मार्केट, साईं धाम मार्केट, सेक्टर 28, एत्मादपुर चौक, सराय बॉर्डर, दुर्गा विहा,र एमसीडी टोल, भूपानी मोड़ पर तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत कर उनका हाल जाना और उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने मौजूद पुलिस कर्मियों को विटामिन सी की गोलियां, मास्क, सैनिटाइजर वितरित किए। मुकेश मल्होत्रा ने पुलिसकर्मियों को कहा कि ड्यूटी के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें समय पर भोजन करें।

# घर में ही ईद मना दें जिम्मेदारी का परिचय : सीपी

## गाइडलाइन का उल्लंघन न हो, पुलिस कमिश्नर ने जारी किए दिशा निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**पुलिस** कमिश्नर ओपी सिंह ने सभी डीसीपी, एसीपी, सभी थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज, सीआईए यूनिट को 14 मई को मनाए जाने वाले ईद के पर्व पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। जैसा कि सभी जानते हैं कोरोनावायरस महामारी चारों तरफ फैला हुई है। जिसके चलते सरकार ने गाइडलाइन बनाई हुई है ताकि गाइडलाइन का पालन कर संक्रमण को कम किया जा सके।

गाइड लाइन के अनुसार संक्रमण को देखते हुए लोगों की भीड़ इकट्ठी होने पर पाबंदी है। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने ईद मनाने वाले लोगों से कहा है कि कोरोना वायरस की गाइडलाइन का पालन करें और घरों में ही ईद मनाए। कोरोना वायरस की गाइडलाइन का उल्लंघन न हो इसके चलते पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। ईद के पर्व के चलते फरीदाबाद पुलिस जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आने वाले धार्मिक स्थलों पर तैनात रहेगी।

उन्होंने कहा कि सभी को मालूम है हरियाणा राज्य में भी कोरोना वायरस के चलते सभी धार्मिक स्थल और राजनीतिक कार्यक्रम आदि में भीड़ इकट्ठी होने के लिए मनाही है। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने फरीदाबाद जिले में रह रहे लोगों से अपील की है घरों में रहकर हंसी खुशी अपने परिवार के साथ ईद मनाए और प्रबुद्ध नागरिक होने का परिचय दें। घरों से बाहर न निकलें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, यदि घर से बाहर निकलना अति आवश्यक हो तो मास्क का इस्तेमाल करें, समय-समय पर हाथों को सैनिटाइज करते रहे। अपनी एवं दूसरों की जिंदगी की कीमत समझे, न तो खुद मुसीबत में पड़े न दूसरों को मुसीबत में डाले, घर रहें सुरक्षित रहें।

# न वैक्सीन लगी और न प्रशिक्षण दिया, कैसे करेंगे टीचर ड्यूटी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिले** के प्राध्यापक गांवों में लोगों को कोविड 19 के बारे में जागरूक करने के लिए लगाई जा रही ड्यूटी को तैयार है, लेकिन प्राध्यापक पहले वैक्सीनेशन कराने व उचित प्रशिक्षण लेने की मांग कर रहे हैं। चूंकि बिना वैक्सीनेशन और उचित प्रशिक्षण के अभाव में प्राध्यापकों को मौत के मुंह में धकेलने के बराबर है। इस मामले में हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स असोसिएशन (हसला) के राज्य प्रधान सतपाल सिंधू के नेतृत्व में जूम मीटिंग में कई निर्णय लिए गए है।

### मीटिंग में सभी जिलों के 22 जिला प्रधान शामिल हुए

**हसला** प्रधान फरीदाबाद संदीप चौहान ने बताया कि पिछले साल भी कोविड महामारी में अध्यापकों ने बना जोखिम की परवाह किए सरकार द्वारा दी गई डयूटियों की बढ़-चढ़कर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया और साथ ही शिक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा अपनी आमदनी से 13 करोड़ के लगभग फंड भी दिया। एसोसिएशन ने पिछली बार भी पत्र के माध्यम से विभाग और सरकार के समक्ष ड्यूटी में पाई गई विसंगतियों से अवगत करा दिया था। इस बार भी मुख्य सचिव हरियाणा सरकार को पत्र लिखकर एहतियातन सभी अध्यापकों को वैक्सीन लगवाने, पद क्रम अनुसार ड्यूटी लगाने, अध्यापकों को फ्रंट लाइन वर्कर्स का दर्जा देते हुए महामारी की चपेट में आने पर इलाज का खर्च सरकार द्वारा वहन करने, कोविड संक्रमण के चलते अध्यापक की मृत्यु हो जाने पर एक करोड़ रुपये सरकार द्वारा देने की मांग रखी। ज्ञात है कि इस बार वायरस संक्रमण के चलते शिक्षा विभाग से ही सैकड़ों अध्यापकों की जान जा चुकी है और इसके बावजूद सरकार वैक्सीनेशन की दो डोज के बिना और बिना उचित प्रशिक्षण के प्राध्यापकों को मौत के मुहं में धकेलने पर अड़िग है। राज्य प्रेस सचिव अजित चंदेलिया ने सरकार से अपील करते हुए कहा है कि सबसे पहले प्राध्यापकों को वैक्सीन की दोनो डोज लगाई जाए एंटीबाडी बनने के अंतराल तक फ्रंट लाइन वर्कर्स के साथ ड्यूटी न लगाए और साथ ही उचित प्रशिक्षण भी दे अन्यथा हसला को मजबूरन सभी 22 जिलों में लगाई गई ड्यूटियों का विरोध करना पड़ेगा।

### मौत के मुंह में जा रहा धकेला : संदीप

**हरियाणा** स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के प्रधान संदीप चौहान ने बताया कि सरकार द्वारा जिला भिवानी में अध्यापकों की ड्यूटी कोविड सैंपलिंग में लगा गई है, जिसमें अध्यापक वर्ग सक्षम नहीं है। ऐसा ही एक उदाहरण हिसार जिले का है जहां अध्यापकों की ड्यूटी लैबोरेटरी में लगाना साक्षात मौत के मुंह में धकेलने जैसा है और अब हरियाणा में भी ग्रामीण जनरल हेल्थ चेकअप स्कीम अभियान के तहत लगभग 7000 प्राध्यापकों की ड्यूटी बिना वैक्सीनेशन प्रोटोकॉल के लगाई जा रही है।

पायनियर
हमेशा सच के साथ
हरियाणा से प्रकाशित | हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

शोक संदेश व श्रद्धांजलि प्रकाशन हेतु विज्ञापन बुक कराएं
निधन-अन्तिम यात्रा-पुण्यतिथि-उठावनी-पगड़ी

जो आपसे बिछड़ गए है उनकी याद में
हम आपके दुख में सदैव साथ हैं।

बॉक्स साइज
कलर (प्रति विज्ञापन)

Size - 8x5 Sqcm. Rs. 600/-
Size - 8x10 Sqcm. Rs. 1200/-
Size - 12x10 Sqcm. Rs. 1800/-

पायनियर फरीदाबाद कार्यालय : 262-आई, सेक्टर- 24 फरीदाबाद।
मो. न. : 9582468441, 9871798095, Email ID : pioneeradvthr@gmail.com

# लापरवाही : 18 या 45 प्लस वेक्सीन लगवाने में करनी पड़ रही मशक्कत

## कहीं पहली तो कहीं दूसरी डोज के लिए लगाने पड़ रहे चक्कर

कविता। फरीदाबाद

**जिला** प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग जिले 49 सेंटरों पर वैक्सीन लगाने के दावे कर रहा है, लेकिन 18 प्लस के वैक्सीनेशन सेंटरों पर लोग परेशान हो चुके हैं।

आवेदन करते ही बुक बताता है। सेंटरों पर 10 से 20 लोगों को ही वैक्सीन लगाते हुए पाया जाता है। वहीं 45 प्लस वालों को भी दिक्कतें आनी शुरू हो गई हैं। क्योंकि उन्हें जिन सेंटरों पर भेजा जाता हैं, वहां से 18 प्लस को वेक्सीन न लगाने की बात कह कर लौटाया जा रहा है। लोग परेशान होकर बीके अस्पताल का रूख करते हैं।

यहां घंटों लाइन में लगकर पहले कोरोना जांच करानी पड़ती है, उसके बाद वैक्सीन के लिए घंटों लाइनों में लगते हैं। बाद में पता चलता है कि पहली डोज ही लगेगी, दूसरी नहीं। वहीं कुछ को कहा जा रहा है कि पहली डोज नहीं लगेगी, दूसरी डोज ही लगाई जाएगी।



बीके अस्पताल मे कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए लम्बी लाइन में खड़े लोग।

### आ रहे फर्जी संदेश

**45 प्लस** वालें कुछ लोगों को तो वैक्सीन लगाए बिना ही संदेश आ रहे हैं। कुछ को दो वैक्सीन लगने के बाद प्रथम वैक्सीन डोज का संदेश दिया जा रहा है। केन्द्रों पर जाने पर कर्मचारी आगामी 45 दिन बाद दोबारा एंट्री करवाने की बात कहकर उन्हें घर भेज देते हैं। नहर पार रहने वाले एडवोके सतेन्द्र दुग्गल को दोनों डोज लगने के बाद एक संदेश सतेन्द्र के नाम से प्रथम डोज का आया। अगले दिन फिर से सतेन्द्र दुग्गल के नाम से पहली डोज का संदेश आ गया। उनके नाम से किसी और को तो वैक्सीन नहीं लग गई, जिस पर उन्होंने इसकी लिखित में शिकायत पुलिस को दी है।

### नहीं मिल रहा सेंटर

**18 प्लस** वालों में सुमन, रोहित, सुरेखा ने बताया कि उन्हें एक मार्च से पहले तो पोर्टल पर एंट्री नहीं मिली। फिर करीब छह दिन बाद एंट्री मिलने पर रजिस्ट्रेशन नम्बर मिल गया, लेकिन उनके पिनकोर्ड के हिसाब से कोई भी सेंटर नहीं मिला। रोजाना वह जांच करते हैं, लेकिन न तो रात को सेंटर मिल रहा है और न ही दिन में हर समय पोर्टल पर बुकिंग फुल होने का संदेश आता है।

### नहीं लगी दूसरी डोज

**सेक्टर**-16 निवासी प्रीति ने बताया कि उन्हें करीब 60 दिन होने में दो दिन शेष है। वह करीब 15 दिनों से हर सेंटरों के चक्कर लगा रही है। लेकिन कहीं भी उन्हें दूसरी डोज नहीं लगाई जा रही है। दूसरी डोज न लग पाने की बात को लेकर वह चिंताग्रस्त है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में खतरा : प्रशासन ने जांच को लगाई 1200 बूथ स्तरीय टीम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कोविड**-19 के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना के फैलाव को रोकने के लिये स्वास्थ्य विभाग की टीमों के साथ-साथ अन्य लोगों की टीमें गठित करने का कार्य किया जा रहा है। बाकयदा उन्हें ट्रेनिंग भी दी गई है। निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक यह टीमें ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेंगी और जिनमें कोरोना के लक्षण ज्यादा होंगे, उन्हें सामुदायिक केन्द्रों में उपचार के लिये भर्ती किया जायेगा। इसके लिए आइसोलेशन केयर सेंटर स्थापित किये जा चुके हैं और डेडिकेटिड हेल्थकेयर सेंटर भी स्थापित किये गये हैं।

जिला में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आठ इंसीडेंट कमांडर वे 12 सौ से अधिक बूथ स्तर की टीमें भी लगाई गई हैं। प्रतिदिन सभी कार्यों की समीक्षा की जाती है। जहां पर कोरोना के केस ज्यादा पाये गये हैं, वहां पर सर्विलांस टीम द्वारा काम किया जा रहा है, टैस्टिंग की जा रही है। यह जानकारी उपायुक्त यशपाल ने गुरुवार को चंडीगढ़ से आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री मनोहर लाल



को दी। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने की दिशा में क्या कार्य एवं तैयारियां की गई है, इसकी समीक्षा भी की और उन्हें इस विषय को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

उपायुक्त यशपाल ने कहा कि जिला फरीदाबाद में इस कार्य को बेहतर तरीके से करने के लिये गांव के जिम्मेदार, मौजिज लोगों की भी टीम बनाई जा सकती है, जिसमें पूर्व प्रतिनिधि, नम्बरदार, रिटायर्ड टीचर शामिल हो सकते हैं। यह टीम उपरोक्त दोनो टीमों को बेहतर कार्य करने में सहयोग देने का काम करेगी।

उपायुक्त ने कहा कि जहां पर केस ज्यादा पाये जा रहे हैं, उन हॉटस्पॉट स्थानों का चयन करते हुए सम्बन्धित अधिकारी यदि वहां पर मैक्रो कंटेनमैंट जोन बनाने की आवश्यकता है, उस कार्य को भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिये जो टीमें तैयार की जा रही हैं, वे गांवो में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए जैसी भी स्थिति होगी, उन्हें उपचार देने का काम करवायेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशानुसार उन्हें होम आइसोलेट किट भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीसी के माध्यम से ग्रामीण आंचल में कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिये तैयार की गई टीमों को कहा कि वे पूरी तैयारी के साथ व बेहतर समन्वय के साथ इस कार्य को करना सुनिश्चित करें।

जांच के दौरान जिन मरीजों में हल्के लक्षण हैं, उन्हें घर में आइसोलेट करें, मध्यम लक्षण वाले मरीजों को जांच के उपरांत यदि उन्हें उपचार के लिये अस्पताल में दाखिल करने की जरूरत है तो उन्हें सीएचसी या पीएचसी में दाखिल कराएं और गंभीर लक्षण वाले मरीजों को कोविड अस्पतालों में दाखिल करवाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी तैयारी करके हम कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला में इस कार्य के लिये नोडल अधिकारी के रूप में जिला परिषद के सीईओ को नियुक्त किया गया है और इस पूरी व्यवस्था पर जिला उपायुक्त मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करेंगे। मीटिंग में उपायुक्त यशपाल के अलावा अतिरिक्त उपायुक्त सतवीर सिंह मान, एसडीएम परमजीत चहल, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, सीएमओ रणदीप सिंह पुनिया सहित सभी इंसीडेंट कमांडर व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कोरोना पॉजिटिव 32 मृतकों का अंतिम संस्कार सरकारी आंकड़े में आठ

## बृहस्पतिवार को 1091 संक्रमित आए सामने आंकड़ा पहुंचा 93027

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में लगातार मृतकों की संख्या का आंकड़ा सामने आ रहा है, लेकिन विभाग की तरफ से इसे छुपाया जा रहा है। आंकड़ों के खेल में विभाग ने जिले में बृहस्पतिवार को 1091 नए संक्रमित मरीज दर्शाए। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 93027 पर पहुंच गया। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 1928 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 89.1 प्रतिशत पर पहुंच गया। वहीं जिले में फिलहाल 9571 एक्टिव केस है। जिले में बृहस्पतिवार को आठ मौतें विभाग की तरफ से आंकड़ों में दर्शाई गई। जिसमें कुल अब तक 611 का आंकड़ा दर्शाया गया।

वहीं जिले में अब तक अधिक से अधिक सैम्पलिंग लेने के निर्देश जिला उपायुक्त की तरफ से दिए गए हैं। जिसके तहत रोजाना 10 हजार सैम्पल लेने के निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में बीके अस्पताल में आने वाले लोगों के लिए निःशुल्क कोरोना जांच शिविर लगाए गए हैं। जिसमें जांच के बाद पॉजिटिव आने वालों को तुरंत प्रयोगशाला कर्मियों द्वारा रिपोर्ट बनाकर थमाई जा रही है, लेकिन नेगेटिव को बता दिया जा रहा है कि वह नेगेटिव है, उन्हें रिपोर्ट नहीं दी जा रही। इसी कड़ी में बृहपतिवार को जिले में कुल 9137 आरटीपीसीआर और रैपिड जांच के सैम्पल लिए गए।



### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 746340 |
| अब तक पॉजिटिव | : 93027 |
| अब तक नेगेटिव | : 651688 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1625 |
| ऑक्सीजन पर हैं | : 828 |
| वैंटीलेटर पर हैं | : 92 |
| अब तक मौत | : 611 |
| अब तक ठीक | : 82845 |
| जिले में एक्टिव | : 9571 |

# संक्षिप्त समाचार

## बैंक कर रहा कोरोना से बचाव की सामग्री वितरित




**फरीदाबाद।** जिला अग्रणी प्रबन्धक डॉ. अलभ्य मिश्रा ने बताया कि ज़िला अग्रणी बैंक केनरा बैंक कोविड-19 महामारी में बैंकिंग सुविधाएं देने के अतिरिक्त नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत जिले के विभिन्न वर्गों में कोविड - 19 बचाव के लिए जरूरी सामग्री का वितरण कर रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा जरूरतमंद, गरीब, मजदूर, श्रमिक, ऑटो रिक्शा चालक, फल तथा सब्जी विकेता आदि को सनीटाइजर एवं मास्क वितरण किए जा रहे है। क्रार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय से महाबीर, मंडल प्रबंधक, मेजर विक्रमजीत, मंडल प्रबंधक, ईश्वर सिंह विजिलेंस अनुभाग, भगवत प्रसाद एफसीएस रवि बहल वह मेघा मौजूद थे।

## मास्क न पहनने पर 32744 लोगों का काटा पुलिस ने चालान

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओपी सिंह के कुशल नेतृत्व की बदौलत फरीदाबाद पुलिस लॉकडाउन के दौरान लोगों से नियमों का पालन करवाने में सफल रही है। कोरोना महामारी के दौरान फरीदाबाद पुलिस द्वारा लोगों को इस महामारी से सुरक्षित रखने की हर संभव कोशिश की जा रही है। फील्ड ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी लोगों को घर में सुरक्षित रहने के लिए जागरूक कर रहे हैं और साथ ही नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। बीट में तनाव पुलिस कर्मियों द्वारा 208897 लोगों को कोरोना महामारी के बारे में जागरूक किया गया है। 73841 लोगों को मास्क वितरित किए गए और 50868 लोगों की कांटेक्ट ट्रेसिंग की गई।साथ ही 32744 लोगों के मास्क के चालान काटकर 1 करोड़ 63 लाख 72 हजार रुपयों का जुर्माना लगाया गया। वहीं लॉकडाउन के दौरान नियम तोड़ने वालों के खिलाफ दर्ज 270 मुकदमों में 342 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है जिनमें दवाओं और ऑक्सीजन सिलेंडर की कालाबाजारी करने वाले 13 लोग शामिल हैं।

## प्रशासन ने 550 लोगों को उपलब्ध करवाई ऑक्सीजन : यशपाल

**फरीदाबाद।** उपायुक्त यशपाल ने बताया कि कोविड-19 से पीड़ित जरूरतमंदों को ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध करवाने के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्य की जिम्मेदारी जिला रेडक्रॉस सोसाइटी को दी गई है। गुरुवार को 575 लोगों के आवेदन प्राप्त हुए थे इनमें से 25 के पास कागज पूरे नहीं थे ऐसे में 550 लोगों को ऑक्सीजन सिलेंडर मुहैया करवाए गए। उपायुक्त यशपाल यादव ने बताया कि जिला प्रशासन लोगों को समय पर ऑक्सीजन सिलेंडर मुहैया करवाने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की जनता के लिए अब किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं रहेगी। जिला रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार ने बताया कि इस कार्य में बिजेंद्र सौरोत सह सचिव ,विमल खंडेलवाल कोऑर्डिनेटर के साथ रेडक्रॉस में वॉलिंटियर अभिषेक देशवाल, शिवम आहूजा, रवि चौहान, आदित्य मवई, राहुल चावला, नीरज नरूला, हितेश, जगप्रित सचदेवा, मनोज शर्मा, सुशील, अभिषेक, मधु भाटिया, आशा, कार्य में अपना सहयोग कर रहे हैं।

## रिबन काटकर की भगवान परशुराम चालीसा की लॉन्चिंग

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली ने अपनी शादी की सालगिरह को कुछ अलग अंदाज में मनाया। इस शुभ अवसर पर उन्होंने अपने ही द्वारा फिल्मांकित भगवान परशुराम चालीसा का रिबन काटकर शुभारंभ किया। सुरेन्द्र शर्मा बबली इससे पूर्व भगवान परशुराम आरती की लॉन्चिंग भी कर चुके हैं। इस मौके पर उन्होंने विधिवत रूप से भगवान परशुराम का गुणगान किया और जय भगवान परशुराम के जयघोष के साथ रिबन काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर भगवान परशुराम चालीसा का शुभारंभ किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान परशुराम चालीसा यू ट्यूब एवं प्रिंट यानि किताब के रूप में भी उपलब्ध होगी और भी भक्तजन इसकी कॉपी लेना चाहता है वह उनके नंबर 9873425060 पर संपर्क कर सकता है। बबली ने कहा कि न केवल भारत में बल्कि पूरे संसार में भगवान परशुराम का परचम लहराने का उनका लक्ष्य है और आज भारत एवं अन्य देशों में भगवान परशुराम के 56 से अधिक मंदिर हैं। इस मौके पर उनके साथ कैलाश पाराशर, राजू पाराशर, एडवोकेट हरीश पाराशर, नवीन एवं अन्य मौजूद रहे।



## कोरोना से बचने को काढ़े का अत्यधिक सेवन नुकसानदायक

**फरीदाबाद।** कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखना बेहद जरूरी है। ऐसे में अनेक लोग इम्युनिटी बूस्टर के रूप में काढ़े का सेवन कर रहे हैं। ऐसे में अधिक मात्रा में काढ़ा का सेवन उनके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। सेक्टर-21ए एशियन अस्पताल के गैस्ट्रोलॉजी विभाग प्रमुख डॉ. रामचंद्र सोनी ने मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। कोरोना महामारी से पूरा देश जूझ रहा है। फरीदाबाद समेत देश में अब तक लाखों लोगों की कोरोना वायरस से वजह से जान जा चुकी है। संक्रमण से बचे रहने और इसकी चपेट में आने के बाद जल्द स्वस्थ होने के बाद जरूरी है कि आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी मजबूत हो। पिछले दिनों आयुष मंत्रालय और भारत सरकार ने भी लोगों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए काढ़ा पीने की सलाह दी। इस दौरान कई ऐसे लोग हैं जो दिन में जितनी बार मन कर रहा है, उतनी बार काढ़े का सेवन कर रहे हैं। ऐसे काढ़े का सेवन करने से कुछ लोगों को विशेष प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और वह डॉक्टर के पास जा रहे हैं।

# पीड़ितों के लिए वरदान साबित होगी रोडवेज की मिनी एंबुलेंस : यशपाल

## उपायुक्त यशपाल ने पांच मिनी एंबुलेंस बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** यशपाल ने कहा कि जिला की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर हरियाणा राज्य परिवहन फरीदाबाद द्वारा पांच मिनी बसों को एंबुलेंस का रूप देकर स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि है यह प्रत्येक बस एक साथ चार मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं देने में सक्षम है।

उपायुक्त यशपाल गुरुवार को हरियाणा रोडवेज द्वारा तैयार की गई इन पांच मिनी एंबुलेंस बसों को लघु सचिवालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। उन्होंने इस कार्य के लिए जीएम रोडवेज राजीव नागपाल को बधाई देते हुए कहा कि इन बसों



को एक निर्धारित समय में तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय में प्रत्येक संपत्ति जरूरतमंदों की मदद के लिए होती है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हरियाणा पुलिस द्वारा अपनी 10 गाड़ियां एंबुलेंस के लिए प्रदान की गई थी और आज यह पांच मिनी बसें हरियाणा रोडवेज द्वारा एंबुलेंस के तौर पर तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को सौंपी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह बसें विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को तुरंत चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने के लिए प्रदान की गई है। उपायुक्त ने कहा कि अब हमारे पास एंबुलेंस में अन्य चिकित्सक वाहनों की अच्छी खासी संख्या है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना आपदा के इस दौर में कोविड-19 प्रोटोकॉल के नियमों का पालन करें। अपने घरों में रहें और किसी भी तरह का संक्रमण ने फैलने दें। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वह इन मिनी बस एंबुलेंस का बेहतर ढंग से प्रयोग करें। इस अवसर पर एसडीएम परमजीत चहल, जीएम रोडवेज राजीव नागपाल, सीएमओ डॉ रणदीप सिंह पुनिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# कोरोना : हाई पावर्ड कमेटी ने दिए कैदियों को पैरोल पर रिहा करने के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हाई पावर्ड** कमेटी की 14वीं बैठक न्यायमूर्ति राजन गुप्ता, न्यायाधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस समिति द्वारा निर्धारित श्रेणियों के तहत विशेष पैरोल पर पहले छोड़े गए सात साल से अधिक की सजा वाले दोषियों की रिहाई की अनुमति दी गयी।

इस बैठक में बलदेव राज महाजन, हरियाणा के एडवोकेट जनरल, राजीव अरोड़ा, आईएएस, अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, गृह विभाग, शत्रुजीत कपूर, आईपीएस, जेल महानिदेशक, हरियाणा और प्रमोद गोयल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-एवं -सदस्य सचिव, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित थे। यह जानकारी जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मंगलेश कुमार चौबे ने दी

प्राधिकरण के सचिव मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि किया गया है कि वर्तमान में कुल 21804 (108 प्रतिशत) कैदी हरियाणा की 19 जेलों में 20,041 (100 प्रतिशत) की अधिकृत क्षमता के सापेक्ष बंद है। 24 मार्च 2020 को आयोजित हाई पावर्ड कमेटी की पहली बैठक के बाद से, सात साल से अधिक कारावास की सजा पाने वाले 2580 दोषियों को विशेष पैरोल पर रिहा किया गया। इसी प्रकार 2094 (656.1438) दोषियों, विचाराधीन कैदी, जिन्हें 07 वर्ष तक की सजा हो/जिन्हें ऐसे अपराधों का सामना करना पड़ा। जिनमें 7 वर्ष तक की अधिकतम कारावास है। उन्हें हाई पावर्ड कमेटी के आदेशों के तहत विशेष पैरोल, अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया था।

# साईंधाम की तरफ से दिया कोरोना योद्धाओं के लिए सामान

**फरीदाबाद।** तिगांव रोड स्थित शिरडी साईं बाबा टेंपल सोसायटी ने कोरोना का मरीजों इलाज कर रहे डॉक्टरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए साईं धाम के संस्थापक डॉ. मोतीलाल गुप्ता ने जिला उपायुक्त यशपाल यादव को 250 पीपीई किट, 25 ऑक्सीमीटर, 300 मास्क दिये। इस अवसर पर बीनू शर्मा प्रिंसिपल शिरडी साई बाबा स्कूल, देवेश गुप्ता, विकास राय और इंदरजीत मौजूद रहे।

डॉ. मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि दुनिया भर के देश कोरोना महामारी से जंग लड़ रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बनता है कि अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें। सरकार द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करें। कोरोना के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए साईं धाम ने भोजन की सेवा शुरु की है। साईं धाम ने 19 अप्रैल 2021 से प्रतिदिन कोविड मरीजों को भोजन देने की सेवा शुरू की है जिसमें मरीजों को सुबह का और रात का भोजन उपलब्ध करया जा रहा है।

# लॉकडाउन में ले सकते हैं इन नम्बरों पर फ्री ओपीडी सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**लोकडॉउन** के दौरान मरीजों को सुविधा प्रदान करने के लिए आई एम ए द्वारा फ्री ऑनलाइन ओपीडी की सुविधा प्रदान की जा रही है। पिछले साल की तरह इस साल भी लोगों की मांग को मध्यनजर रखते हुए इस सुविधा को फिर से शुरू किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न विभागों के डॉक्टरों के फोन नंबर और टाइम स्लॉट्स को हम प्रकाशित कर रहे हैं। आईएमए के मीडिया प्रभारी डॉ. सुरेश अरोड़ा ने बताया कि जिन मरीजों को डॉक्टर के पास जाने में दिक्कत हो रही है। वह इन डॉक्टर को फोन करके अपनी बीमारी बता कर अपनी समस्या का समाधान ले सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि जो दिन और समय बताया जा रहा है उसी के दौरान ही फोन करें।

### ये हैं नाम और नम्बर

**आईएमए** की प्रधान डॉ. पुनीता हसीजा ने बताया कि पिछले साल इस सुविधा से कई हजार लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया था।

उन्होंने बताया कि जो डॉक्टर ऑनलाइन और वीडियो कंसल्टेशन देंगे उनमें निम्नलिखित चिकित्सक शामिल हैं। उनमें डॉ. रश्मि अहूजा, स्त्री रोग विशेषज्ञ 7982475633 सुबह 10 से एक शाम को 5 से 8 तक, सोमवार से शनिवार, डॉ. हेमंत अत्री जनरल सर्जन 9999833368 शाम 6 से 8 सोमवार से शनिवार, डॉक्टर अनुशप डे 9873380708 जनरल सर्जन एक से छह बजे सोमवार से शनिवार, डॉ आनंद गुप्ता कान नाक गला स्पेशलिस्ट 9716006017, दोपहर 1.30 से 2.30 बजे तक सोमवार से शनिवार, डॉ. धनसुख कुमावत 8377025750 बच्चों के स्पेशलिस्ट 11 बजे से 5 बजे तक सोमवार से शनिवार है।

वहीं डॉ. अमित उपाध्याय ब्लड कैंसर स्पेशलिस्ट 9999735215 सोमवार से शनिवार शाम 4 से 6 तक, डॉ. सुरेश अरोड़ा हड्डी रोग विशेषज्ञ 9810325499 शाम 4 से 8 बजे तक,



सोमवार से शनिवार तक ले कंसल्ट। वहीं डॉ. पुनीता हसीजा स्त्री रोग विशेषज्ञ 9312505796, शाम 8 से 9 बजे तक सोमवार से शनिवार, डॉ देवेंद्र सिंह जनरल सर्जन 9813643337 शाम 4 से 8 बजे सोमवार से शुक्रवार, डॉ. अरचित अग्रवाल 8867269219 चमड़ी रोग विशेषज्ञ 10 बजे से 2 बजे सोमवार से शनिवार, डॉ. गीतांजलि केसरी मनोरोग विशेषज्ञ 9899818511 दोपहर 1.30 बजे से 3.30 बजे सोमवार से शनिवार, डॉ. निखिल सचदेवा हड्डी रोग विशेषज्ञ 9599917827 शाम पांच से आठ तक सोमवार से शनिवार, डॉ अजय कपूर जनरल सर्जन 9650833577 सोमवार से शनिवार दोपहर 11.00 से 2.00 तक, डॉ. रेनू जैन स्त्री रोग विशेषज्ञ 9910002989 शाम 5 से 8 तक सोमवार से शनिवार, डॉ अशोक चावला जनरल सर्जन 9810572892 सुबह 9 से शाम 5 बजे तक सोमवार से शनिवार, डॉ कीर्ति गर्ग बाल रोग 8860583249 विशेषज्ञ शाम 3 से 5 तक, डॉ. राजेश गुप्ता कान नाक गला विशेषज्ञ 9810310187 सुबह 11 से एक बजे तक सोमवार से शनिवार, डॉ बीके शर्मा जनरल सर्जन 8178848742 शाम 8 से 9 बजे तक सोमवार से शनिवार तक, डॉ अरविंद सिंघल कार्डियोलॉजिस्ट 9910571673 सुबह 11 से 12 बजे तक सोमवार से शनिवार, डॉक्टर संजय टुटेजा बाल रोग विशेषज्ञ 9811052022 शाम 4 से 6 बजे सोमवार से शुक्रवार तक।

### करें बचाव के उपाय

**इसके** अलावा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अभी भी कोरोना से बचाव के लिए सभी उपायों का उपयोग करना बहुत जरूरी है, जैसा कि मास्क का उपयोग करना, सामाजिक दूरी रखना और हाथों को हमेशा साफ रखना बहुत जरूरी है और वैक्सीनेशन कराना अत्यंत आवश्यक है। वैक्सीन के कोई भी दुष्प्रभाव नहीं होते हैं दोनों डोस लगवाने बहुत ही जरूरी है अगर किसी को कोरोना का कोई भी लक्षण दिखाई देता है तो तुरंत उसे अपने आप को आइसोलेट करना चाहिए और बिल्कुल भी घबराना नहीं है। टेस्ट कराना चाहिए और तुरंत अपने डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। 80 से 90 प्रतिशत केस बिना किसी दवा के अपने आप ही ठीक हो जाते हैं इसलिए कोई घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। लॉकडाउन का अच्छे से पालन करें। बिना किसी वजह के घर से बिल्कुल भी बाहर न निकलें।

# कोरोना पीड़ितों के भोजन को रसोई का किया शुभारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** हरियाणा मनोहर लाल के मूलमंत्र सेवा ही धर्म है तथा हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के दिशानिर्देशों के अनुसार बड़खल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोरोना रोगियों के लिये निःशुल्क भोजन की व्यवस्था बड़खल विधायक सीमा त्रिखा एवं स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय बीके अस्पताल में एसडब्ल्यूजी ग्रुप सेक्टर 21सी द्वारा शुरू की गई। जिसका विधायक सीमा त्रिखा ने शिवा रसोई का शुभारंभ किया।

शिवा रसोई की देखरेख एनएच मंडल अध्यक्ष अमित आहुजा, मेवला मंडल अध्यक्ष हरीश खटाना व युवा मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र भाटिया करेंगे। बीके हॉस्पिटल में कोविड-19 के 100 मरीजों के लिए भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की, जिसे वे रोजाना चलाएंगे। विधायक सीमा



त्रिखा ने बताया कि कोरोना काल में अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों के परिजनों को अब भोजन के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा और उन्हें अस्पताल परिसर में स्थापित की गई शिवा रसोई में भोजन उपलब्ध हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि अमूमन दूर-दराज के इलाकों से मरीजों के परिजन अपने मरीजों को लेकर सुबह में ही बीके अस्पताल पहुंच जाते हैं। इस परिस्थिति में वे अपने साथ नाश्ता और खाना लेकर नहीं आ पाते हैं। लिहाजा बाहर जाकर उन्हें खाना पड़ता है या फिर नजदीक में घर हुआ तो घर से खाना मंगाकर खाना पड़ता है। परंतु अब उन्हें इस झंझट और दूषित खाना खाने की विवशता से मुक्ति मिल जाएगी।

शिवा रसोई में वे समय पर सेहतमंद भोजन या नाश्ता निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. सविता यादव, डॉ. विनय गुप्ता, डॉ. हेमंत, बीरेंद्र सांगवान, एनएच मंडल अध्यक्ष अमित आहुजा, मेवला मंडल अध्यक्ष हरीश खटाना व युवा मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र भाटिया और एसडब्ल्यूजी ग्रुप सेक्टर 21सी से महेंद्र शर्मा, आरडी शर्मा (मोंटू), मुकेश पुरुथी, हमेंद्र बंसल, चंद्रमोहन और विकास जोशी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में आइसोलेशन सेंटर बनाने के लिए 164 इमारतें चिह्नित

### आगामी 10 दिनों में ग्रामीणों की घर-घर जाकर स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शहरी** क्षेत्र में कोरोना कुछ हद तक नियंत्रित होने के बाद अब गुरुग्राम जिला प्रशासन शहरी क्षेत्र के साथ-साथ गावों पर भी ध्यान देगा। इसके लिए कार्य योजना तैयार कर ली गई है, जिसे आने वाले दिनों में अमलीजामा पहनाया जायेगा।

कोरोना की पहली लहर ज्यादातर शहरी क्षेत्रों तक सीमित रही थी, लेकिन अब दूसरी लहर में संक्रमण के मामले ग्रामीण क्षेत्र में भी पाए जा रहे हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। उन निर्देशों और विषय की गंभीरता को समझते हुए गुरुग्राम जिला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्र में कार्य योजना बनाकर उस पर काम भी शुरू कर दिया है। उपायुक्त डॉ. यश गर्ग के अनुसार कोरोना संक्रमित मरीजों तथा संदिग्ध व्यक्तियों को स्वस्थ लोगों से अलग करने के लिए गांवों में भी आइसोलेशन सेंटर बनाने होंगे। ऐसे सेंटर बनाने के लिए गुरुग्राम जिला के गांवों में 164 भवनों अथवा इमारतों



सोहना की ग्राम पंचायत में स्थापित आईसोलेशन सेंटर।

की पहचान की गई है, ताकि परिस्थिति अनुरूप आइसोलेशन सेंटर बनाकर कोरोना संक्रमित पाए जाने वाले व्यक्तियों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा सके। इन आइसोलेशन सेंटरो में स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा एकजुटता से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निदेशज़नुसार जिला में प्रत्येक गांव को सेनिटाइज करवाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी 10 दिन में गावों में घर-घर जाकर लोगो की स्क्रीनिंग व स्वास्थ्य जांच की जाएगी, ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग व जिला विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा संयुक्त रूप से टीमें तैयार की जा रही हैं। इन टीमों में आंगनवाड़ी वर्करों को भी शामिल किया गया है। ये टीमें ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना लक्षण वाले मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें कोविड अनुकूल व्यवहार के बारे में जागरूक करेंगी। इन टीमों को जल्द की प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा सके। इस टीम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला के 7 हाईरिस्क ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से ही 138 टीमों का गठन कर टेस्टिंग, ट्रेसिंग व ट्रीटमेंट पर काम किया जा रहा है।

उपायुक्त ने बताया कि आइसोलेशन सेंटर बनाने को लेकर पंचायतों को गांवो की आबादी के अनुसार ग्रांट भी दी जाएगी। जिन गांवों की आबादी 10 हजार से कम है, उन्हें 10 हजार रूपये तथा जिनकी जनसंख्या 10 हजार से अधिक है, उन्हें 50 हजार रुपये की ग्रांट दी जाएगी।

## खंड के 35 गांवों में बनाए गए आइसोलेशन सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खंड** की सभी 35 ग्राम पंचायतों में कोरोना से संक्रमित होने वाले ग्रामीणों को उपचार सुविधा देने के लिए विलेज आइसोलेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। पंचायत विभाग ने विलेज आइसोलेशन बनाने की कवायद शुरू कर दी है। रोगियों को 24 घंटे चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से विलेज मोनेट्रिंग कमेटी की देखरेख करेगी। कोरोना संक्रमण गांवों में न पहुंचे, इसके लिए पंचायत विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। प्रदेश सरकार के आदेश पर अब खंड की सभी 35 ग्राम पंचायतों में विलेज आइसोलेशन सेंटर बनाए जाएंगे। पंचायत विभाग आइसोलेशन सेंटन राजकीय स्कूलों में स्थापित कर रही है। शुरुआत में प्रत्येक पंचायत के अंदर दो बेड का आइसोलेशन सेंटर होगा। आवश्यकता अनुसार बेडों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में बुखार, जुखाम और खांसी के रोगियों की पहचान के लिए डोर टू डोर सर्वे किया जाएगा।

### संक्रमित को मिलेगी हर सुविधा

**विलेज** आइसोलेशन सेंटर प्रत्येक स्कूल परिसर के दो कमरों में एक-एक बेड से शुरुआत की जाएगी। आइसोलेट होने वाले रोगी को हैंडवॉस, सेनेटाइजर, दवा, मास्क, पीने के पानी की सुविधा, शौचालय और बिजली की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध होगी। कोरोना संक्रमित के स्वास्थ्य की जांच के लिए दिन में डॉक्टरों की टीम निरीक्षण करेगी। जिसके लिए डॉक्टर टीम 24 घंटे आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध रहेगी।

### कमेटी करेगी देखरेख

**ग्राम** पंचायतों में बनाए जा रहे आइसोलेशन सेंटरों पर विलेज मोनेट्रिंग कमेटी रोगियों की देखरेख करेगी। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्राम सचिव शामिल होंगे।

### ब्लॉक और जिला स्तरीय कमेटी गठित

**विलेज** आईसोलेशन सेंटर पर रोजाना ब्लॉक व जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम का गठन कर दिया है। दोनों ही टीम हर दिन प्रत्येक विलेज आइसोलेशन सेंटर का निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के दौरान सेंटर पर तैनात विलेज मोनेट्रिंग कमेटी से जानकारी प्राप्त करेगी। आइसोलेट रोगी के स्वास्थ्य से लेकर उसके खाना और सुविधाओं के विषय में जानकारी प्राप्त करेगी।

### क्या कहते हैं बीडीपीओ

**खंड** विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि सभी 35 ग्राम पंचायतों में विलेज आइसोलेशन सेंटर स्थापित कर दिए गए है। विलेज आईसोलेशन सेंटर पर केवल उस कोरोना संक्रमित को लेकर आया जाएगा। जिसके घर में आइसोलेट होने की सुविधा नहीं है। जिससे परिवार के अन्य सदस्य में संक्रमण को होने से रोका जा सके।


## संक्षिप्त समाचार

### मौत का रहस्य जानने को विवाहिता का कराया पोस्टमार्टम



**सोहना।** संदिग्ध हालत में मरने वाली 27 वर्षीय विवाहिता कोरोना संक्रमित थी। पुलिस ने मृतक महिला की मौत का राज जानने के लिए गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। मृतक के पिता ने विवाहिता की हत्या करने का आरोप पति समेत छह अन्य नामजद आरोपियों पर लगाया था। मृतक विवाहिता के मायके वालों ने सोहना सिटी थाना में पहुंच आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। मंगलवार को शहर के वार्ड-2 की नौगझा पीर कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय विवाहिता अंजू पत्नी जयप्रकाश की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। विवाहिता का उपचार से पहले कराया गया कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट गुरुवार को प्राप्त हुई। जिसमें मृतक को कोरोना पॉजिटिव बताया गया है। पुलिस ने गुरुवार को विवाहिता के कोरोना पॉजिटिव होने से पहले की गई मारपीट या हत्या का रहस्य जाने के लिए पोस्टमार्टम कराया। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार ने बताया कि विवाहिता के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही उसके साथ की गई मारपीट या हत्या का रहस्य का खुलासा हो जाएगा। रिपोर्ट के बाद ही हत्या का आरोपी सिद्ध होने पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### ईद के लिए किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**पलवल।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईद का त्योहार दिनांक 14 मई 2021 को मनाया जा रहा है। कुछ असमाजिक तत्व झगड़े को धार्मिक व जातीय झगड़े का विषय बना देते हैं। ऐसी परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक पलवल दीपक गहलावत ने जिला पुलिस पलवल को आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ईद पर्व पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक गहलावत ने कोविड-19 संक्रमण के चलते जिला के सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने इलाके में पड़ने वाली मस्जिद के मौलवी एवं इमामों से संपर्क स्थापित किया जाए कि कोरोना वायरस महामारी चेन तोड़ने के लिए मस्जिद में भीड़ के साथ नमाज अदा न कराएं। सभी पीसीआर एवं राइडर को निर्देश दिए हैं कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त होगी तुरंत मौके पर जाकर स्थिति से निपटेंगे। पुलिस अधीक्षक पलवल ने जिले के सभी नागरिकों को ईद की बधाई देते हुए कहा है कि इस त्योहार पर अपने पुराने गिले-शिकवे दूर करके बिना किसी भेदभाव और वैर विरोध के इस त्योहार का आनंद लें। इसके साथ ही कानून व्यवस्था का पालन करते हुए हरसंभव पुलिस का सहयोग करें, और किसी भी आपत्ति में पुलिस को तुरंत सूचित करें और कहा कि कानून एवं शांति व्यवस्था को किसी भी सूरत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

### फर्जी आईडी बना बैंक से 50 हजार रुपये उड़ाने वाला काबू




**फिरोजपुर झिरका।** शहर पुलिस चौकी ने बुधवार को फर्जी आई डी के आधार पर पोल गांव के एक व्यक्ति के बैंक खाते से 50 हजार रुपये निकालने के आरोप में साहिद पुत्र अहमद हसन निवासी मोहम्मद नगर को गिरफ्तार कर गुरुवार को कोर्ट में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भोंडसी भेजा गया है। पोल गांव के खुर्शीद पुत्र रहमत ने गत 23 अप्रैल को फिरोजपुर झिरका पुलिस चोकी में शिकायत कर बताया कि शाहिद उर्फ जाहिद पुत्र अहमद हसन निवासी मोहम्मद नगर थाना नगीना ने मेरे नाम की फर्जी आई डी बना कर मेरे स्टेट बैंक फिरोजपुर झिरका की शाखा से 50 हजार रुपये निकाल लिए है। पीड़ित की शिकायत पर शहर पुलिस ने पुलिस चौकी में आरोपी शाहिद के खिलाफ गत 23 अप्रैल की आपराधिक धारा 420,467,468,471 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया था। शहर पुलिस चौकी प्रभारी यशपाल ने बताया कि आरोपी मुकदमा दर्ज होने के दिन से पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि किसी मुखबिर ने शहर पुलिस को सूचना दी कि धोखाधड़ी का आरोपी शाहीद किसी काम से झिरका अम्बेडकर चौक के पास आ रहा है। यशपाल ने बताया कि इस सूचना के बाद टीम का गठन कर आरोपी की तलाश में अम्बेडकर चौक पर पुलिस खड़ी हो गई,थोड़ी ही देर में आरोपी अम्बेडकर चौक पहुंच गया जिसको पुलिस ने दबोच लिया, उन्होंने बताया कि आरोपी से 50 हजार की रिकवरी कर झिरका कोर्ट ने पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भोंडसी भेज दिया है।

## कलाकारों को 5 हजार रुपये सहायता भत्ता दे सरकार : विश्वदीपक त्रिखा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कोरोना** महामारी के चलते प्रदेश में कलाकारों को भी रोटी के लाले पड़ गए हैं। ऐसे में कलाकारों की आवाज उठाते हुए प्रख्यात रंगकर्मी विश्वदीपक त्रिखा ने कहा है कि सरकार कलाकारों को 5 हजार रुपये मासिक सहायता भत्ता दे, ताकि वे परिवार का पेट पाल सकें।

गुरुवार को कलाकारों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक करके मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कोरोना काल में कलाकारों के सामने आ रही आर्थिक तंगी से अवगत कराया है। विश्वदीपक त्रिखा के मुताबिक मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा गया कि कोरोना के चलते लॉकडाउन ने कलाकारों को अपने पैतृक काम-धंधे छोड़कर दिहाड़ी, मजदूरी, फल, सब्जी की रेहड़ियां लगाने को मजबूर



विश्वदीपक त्रिखा।

हैं। ऐसे में तुरन्त प्रभाव से जरूरतमंद कलाकारों को प्रतिमाह 5000 रुपये राहत भत्ता तब तक दिया जाना चाहिये, जब तक सरकारी तौर पर सांस्कृतिक, धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजनों की स्वीकृति न मिल जाये। कलाकारों ने मुख्यमंत्री को बताया है कि वर्ष 2020 की तरह 2021 भी कलाकारों के लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। उनके लिए परिवार का पालन-पोषण करना बहुत ही मुश्किल हो गया है। धार्मिक व सामाजिक संस्थानों ने भी कोरोना के भय से अपने दरवाजे बंद ही रखे हुए हैं। ऐसे में कलाकारों की आर्थिक स्थिति और भी कमजोर होती जा रही है। कला एवं संस्कृति कार्य विभाग, हरियाणा कला परिषद् व उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के पास प्रदेश के कलाकारों की सूची उपलब्ध है। केवल मात्र मुख्यमंत्री के आदेशों की जरूरत है। इसलिए हरियाणा के जरूरतमंद कलाकारों को चिन्हित कर उन्हें जल्द से जल्द लाभान्वित किया जाना चाहिये। इस ऑनलाइन बैठक में मोहन कांत, हर्ष कुमार, अर्जुन वशिष्ठ, प्रकाश घई, सुरेंद्र भारद्वाज, सुनैना गेरा, ऋतुराज, गौतम, सुदर्शन पंडित, कुलदीप सिंह, मनमोहन सोनी, विजय भटोटिया, विनोद दौलताबाद, अरुण मरवाहा आदि ने भाग लिया।

## कोरोना के अधिक प्रकोप वाले क्षेत्रों को पीएचसी वार 27 भागों में बांटा

### 27 स्वास्थ्य केन्द्रों के क्षेत्रों में 165 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं

**गुरुग्राम।** जिले में कोरोना को और बढ़ने से रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बड़े प्रकोप वाले क्षेत्रों की सूची जारी करते हुए उनमें प्रभावी प्रबंधन के आदेश जारी किए गए हैं।

अब इन क्षेत्रों में कंटेनमेंट के नियम सख्ती से लागू किए जाएंगे और अवहेलना करने वालों के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 तथा भारतीय दंड संहिता 1860 के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। जारी किए गए इन आदेशों में कोरोना के बड़े प्रकोप वाले क्षेत्रों अर्थात जिनमें कोरोना के पॉजिटिव केसों की संख्या ज्यादा है, उन क्षेत्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वार 27 भागों में बांटा गया है। ताकि उनका प्रबंधन ठीक से हो सके। आदेशों के साथ संलग्न सूची के अनुसार बड़े प्रकोप वाले क्षेत्रों में 165 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं। सबसे ज्यादा 26 कंटेनमेंट जोन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिगरा के क्षेत्र में है जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दौलताबाद, नाहरपुर रूपा, खांडसा और मंदपुरा के क्षेत्रों में सबसे कम एक-एक कंटेनमेंट जोन है।

सूची के अनुसार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रलोक के क्षेत्र में 19, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटेल नगर के क्षेत्र में 15, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाथूपुर के क्षेत्र में 14 और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बादशाहपुर व चौमा के क्षेत्रों में 9- 9 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं। स्वास्थ्य केंद्र फिरोज गांधी कॉलोनी, कासन और वजीराबाद में सात-सात कंटेनमेंट जोन बने हैं जबकि राजीव नगर, भांगरोला, फाजिलपुर स्वास्थ्य केंद्रों के क्षेत्रों में 6-6 कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं।

## गुरुग्राम जिला का रिकवरी रेट बढ़कर हुआ 79.64 प्रतिशत

**गुरुग्राम।** जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों के स्वस्थ होने की दर में निरंतर सुधार हो रहा है। अब जिला का रिकवरी रेट बढ़कर 79.64 प्रतिशत हो गया है, जबकि पिछले सप्ताह यह 75.71 प्रतिशत था। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर हम सभी के लिए चुनौतीपूर्ण है, ऐसे में जरूरी है कि इससे बचाव के लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं। जिला प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए टेस्टिंग, ट्रेसिंग व ट्रीटमेंट पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्य योजना बनाई गई है। जिला के 7 हाईरिस्क ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की 138 टीमों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। इतना ही नहीं, होम आइसोलेशन में रह रहे कोरोना संक्रमित मरीजों के स्वास्थ्य की मेडिकल टीम द्वारा मॉनीटरिंग की जाती है।


## कोविड-19 नियमों की अवेहलना सात लोग गिरफ्तार, चालान भी किए

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**कोविड-19** एसओपी नियमों एवं लॉकडाउन के प्रति पूरी तरह से गंभीर पलवल पुलिस ने श्री दीपक गहलावत पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल मार्गदर्शन में लगातार सख्ती दिखाते हुए लॉकडाउन में कोविड-19 के नियमों की अवेहलना करने पर अलग-अलग थाना क्षेत्र से 7 लोगों को गिरफ्तार किया है तथा अवहेलना करने वालों के चालान भी किए।

पुलिस प्रवक्ता, कार्यालय पुलिस अधीक्षक पलवल से प्राप्त जानकारी अनुसार कोविड-19 की दुसरी लहर बहुत ही घातक साबित हो रही है। कोरोना संक्रमण पर काबू पाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गत तीन मई से पहला संपूर्ण लॉकडाउन लगाया गया एवं 10 मई से लगाया गया दूसरा लॉकडाउन( महामारी अलर्ट हरियाणा सुरक्षित) जारी है इसी के साथ ही धारा-144 भी लागू है। लेकिन कुछ लोग अभी भी लॉकडाउन में कोविड-19 के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जिन पर पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इस कड़ी में कोविड़-19 नियमों एवं धारा 144 का उल्लघंन करने पर थाना कैंप पुलिस ने केएमपी पुल के नीचे से को नियमों की अवहेलना करने पर अशोक पुत्र शंभू दयाल, दीपक पुत्र बंशीधर, शंकर पुत्र बिशंबर निवासी नियामतपुर थाना नांगल चौधरी महेंद्रगढ़ एवं सतवीर पुत्र घासीराम निवासी बड़की राजस्थान को केएमपी पुल के नीचे से गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार थाना कैंप पुलिस ने अलावलपुर रेलवे पुल से सुभाष पुत्र मोतीराम निवासी कैलाश नगर को 13 बोतल देसी अवैध शराब सहित काबू किया है

इसी प्रकार मुंडकटी थाना पुलिस ने गांव नंगला एहसान पुर निवासी साकिर पुत्र हारून को



तुमसरा टोल टैक्स से ही लॉकडाउन अवधि में मास्क ना पहन कर धारा 144 की उल्लंघना के आरोप मे गिरफ्तार किया है।

इसी क्रम में एवीटी स्टाफ हथीन ने गांव बहीन निवासी जितेंद्र जीतू पुत्र धर्मवीर को गांव बहीन से ही गुप्त सूचना के आधार पर सट्टा खाई वाले करते हुए काबू किया संबंधित थाना पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## ऑटो चालक क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर कोरोना को दे रहे दावत

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** से गुरुग्राम, बल्लभगढ़, नूंह, तावडू और पलवल की सड़कों पर दौर रहे ऑटो चालक कोरोना के नियमों की जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। अधिक कमाई के लालच में ऑटो में 10 से 15 सवारियां बैठाकर सामाजिक दूरी को तार-तार कर रहे हैं।

एक तरफ प्रदेश व केन्द्र सरकारें कोरोना की चेन तोड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं। वहीं दूसरी और लॉकडाउन में कमाई का लालच रखने वाले ऑटो चालक सामाजिक दूरी के कानून को तार-तार कर रहे हैं। ऑटो चालक अधिक कमाई करने की लालच में अपनी जान जोखिम डाल रहे हैं। सोहना से गुरुग्राम, पलवल, नूंह, बल्लभगढ़ और तावडू जाने वाले मार्ग पर ऑटो धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। ऑटो चालक कम चक्कर लगाने और पुलिस की नजरों से बचते हुए सामाजिक दूरी की धज्यिां 10 से 15 सवारियां बैठाकर उड़ रहे हैं। जिसमें नवजात बच्चों से लेकर वृद्ध शामिल हैं।



क्षमता से अधिक ऑटो में सवारियों बैठाकर चालक लॉकडाउन की धज्जियां उड़ाते हुए।

### लॉकडाउन नियम का पालन नहीं

**बेधड़क** चल रहे ऑटो चालक लॉकडाउन नियम तोड़ रहे हैं। जबकि हरियाणा रोडवेज बसों के अलावा निजी वाहनों पर पूर्णरूप से पाबंदी है। केवल कॉमर्शियल वाहन माल ढुलाई के लिए अनुमति प्रमाण पत्र के साथ ही सड़कों पर आ सकते हैं।

## जियोजित ने थ्री इन वन अकाउंट प्रदान करने के लिए पीएनबी के साथ करार किया

**नई दिल्ली।** जियोजित फाइनेंसियल सर्विसेस ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ उसके ग्राहकों को थ्री इन वन अकाउंट का लाभ प्रदान करने के लिए करार किया है। नई सेवा, पीएनबी डिमैट अकाउंट और जियोजित ट्रेडिंग अकाउंट ऐसे सभी ग्राहकों को प्रदान की जाएगी जिनके पास पीएनबी में सेविंग अकाउंट है।

पीएनबी में झंझटमुक्त अभिगम के साथ सेविंग एवं डिमैट अकाउंट ऑनलाइन खोला जा सकता है। थ्री इन वन अकाउंट पीएनबी के ग्राहकों को अपनी निवेश जरूरत पूरी करने हेतु अपने सेविंग अकाउंट से पेमेंट गेटवे सुविधा के मार्फत रियल टाइम में फंड ट्रांसफर करने की सुविधा प्रदान करता है। ट्रेडिंग अकाउंट को 15 मिनट में ऑनलाइन खोला जा सकता है, जो पेपर वर्क करने से मुक्ति प्रदान करने के साथ जियोजित द्वारा ऑफर किए जाने वाले विभिन्न निवेश साधनों में ऑनलाइन निवेश करने की सुविधा प्रदान करता है।

जियोजित के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, सतीश मेनन ने कहा, पीएनबी के ग्राहक अब कुछ स्टेप में ऑनलाइन जियोजित ट्रेडिंग अकाउंट खोल सकते हैं और इक्विटी के साथ-साथ जियोजित के स्मार्टफोलियो प्रोडक्ट में ऑनलाइन निवेश प्रारंभ कर सकते हैं, जो सावधानीपूर्वक चयनित स्टॉक का बास्केट आफर करता है. इससे ग्राहकों को अपने निवेश को विविधिकृत करने और एक अकाउंट के मार्फत उन सभी को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

जियोजित ने इसी तरह का करार ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (ओबीसी) के साथ भी किया है, जो यूबीआई के साथ पीएनबी में मर्ज हो गया है।

## जीनोम एडिटिंग से कुपोषण का हल निकालने के लिए आशा की नई किरण मिली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रकृति** का संतुलन बनाए रखने के लिए वनस्पति आधारित आहार का सुझाव दिया जाता है क्योंकि यह पर्यावरण पर कम हानि के साथ ज्यादा सत्त् है और विभिन्न पीढ़ियों की खाद्य व पोषण की सुरक्षा में सुधार करता है। लोगों की सेहत में सुधार, सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरण के स्तर पर एक समान फायदे प्राप्त करने के लिए मौजूदा आहार में परिवर्तन लाया जाना बहुत आवश्यक है।

साथ ही, कोविड-19 की महामारी पूरी दुनिया में मानवता को गंभीर चुनौतियां प्रस्तुत कर रही है। वैज्ञानिक और शोधकर्ता निरंतर इसके प्रभावों को समझने के लिए प्रयासरत हैं ताकि इसका प्रभावशाली समाधान तलाशा जा सके। इस परिदृश्य में, हमारे लिए यह अनिवार्य हो गया है कि हम कोरोना वायरस से बचाव के लिए हर संभव उपाय करें। इसी तरह



का एक मुख्य उपाय है अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करना। वायरस से लड़ने के लिए उचित आहार का लिया जाना आवश्यक है। भविष्य में स्पष्ट दिख रही स्वास्थ्य की चुनौतियों के लिए अच्छी तरह से तैयार रहना होगा। यह पोषणयुक्त आहार के दिशा-निर्देशों के महत्व पर बल देता है। हमें अभिनवताओं और प्रौद्योगिकीय समाधानों को अपनाना होगा, ताकि पोषण संबंधी समस्याओं का हल मिल सके। ए, बी6, बी12, फोलेट, सी, डी और ई जैसे विटामिन एवं जिंक, कॉपर, सेलेनियम, आयरन जैसे तत्व प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं क्योंकि उनमें एंटीवायरल एवं एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं। अमीनो एसिड एवं फैटी एसिड भी सेहतमंद आहार का मुख्य तत्व हैं। ताजा फल एवं सब्जियां, अनाज, फलियां एवं जंतु उत्पाद इन पोषक तत्वों के सर्वश्रेष्ठ स्त्रोत हैं। वैश्विक पोषण के लिए यूनाईटेड नेशंस (यूएन) के प्रयास माईक्रोन्यूट्रिएंट की कमी की समस्याओं का उन्मूलन करने पर केंद्रित हैं।

यह आवश्यक है कि एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए पोषण से भरपूर, संतुलित आहार लिया जाए, ताकि लोग सेहतमंद रहें और कुपोषण के कारण होने वाली बीमारियों के लिए मेडिकल खर्च में कमी आए। इससे वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं के सामने गरीब समुदायों के लिए किफायती मूल्य में बेहतर पोषण सुनिश्चित करने की चुनौती है। दुनिया में लाखों लोग कुपोषण एवं आहार में पोषक तत्वों की कमी से प्रभावित हैं। बायोफोर्टिफिकेशन की प्रक्रिया हमारे द्वारा नियमित तौर से लिए जाने वाले पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाता है।

# आफताब अहमद ने नूंह सिविल अस्पताल को दिए 10 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर्स

## बोले, आज मेवात को मेडिकल संसाधनों की बहुत जरूरत है

दीपक कुमार। नूंह



नूंह सीएचसी में दान करते विधायक आफताब अहमद।

**नूंह** विधायक व कांग्रेस विधायक दल उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने मेवात में कोरोना के इलाज को प्रभावी ढंग से किए जाने की दिशा में अपना अहम योगदान देते हुए अपनी तरफ से 10 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर्स मेवात को दिए हैं, इन जीवन रक्षक उपकरणों को नूंह सिविल अस्पताल में चौधरी आफताब अहमद ने एसएमओ डॉ. संदीप राजपूत को सौंपा है।

नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि आज मेवात को मेडिकल संसाधनों की बहुत जरूरत है और सबसे अधिक जो इस समय मांग है वो है ऑक्सिजन की, लगातार ऑक्सीजन की कमी प्रदेश व मेवात में देखने को मिल रही है इसीलिए उन्होंने ऑक्सीजन बनाने वाले 10 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर्स नूंह सामान्य अस्पताल को दान दिए हैं। उम्मीद है कि अब काफी हद तक मरीजों को ऑक्सीजन मिल सकेगी, इन मशीनों की खासियत यह है कि ये खुद ही ऑक्सीजन बनाती हैं, इनकी छमता पांच लीटर प्रति मिनट है। इससे बार-बार ऑक्सीजन सिलेंडर भरवाने की परेशानी से भी छुटकारा मिलेगा। आफताब अहमद ने 10 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर्स के अलावा 400 इंजेक्शन जो कोरोन के इलाज में जरूरी होते हैं, हजार से अधिक हैं 95 मास्क भी जिला स्वास्थ विभाग को अपनी निजी तौर से दिए हैं। आफताब अहमद ने कहा कि मेवात के लोगों के साथ वो इस मुश्किल समय में साथ खड़े हैं और जो भी मदद संभव होगी उसे किया जाएगा। बता दें कि आफताब अहमद खुद कोरोना संक्रमित हो गए थे और अभी भी उनके भाई महताब अहमद भी बीमारी से पीड़ित हैं फिर भी नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद लगातार जनता के बीच में नजर आ रहे हैं। बीते दिनों जब मेडिकल कॉलेज मामले में स्थानीय युवाओं को गिरफ्तार किया गया तो भी वो अपना इलाज छोड़ एसपी, डीसी से बैठक करते देखे गए। इस दौरान नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष लाला सुक्खन व पार्षद मदन तंवर ने नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा कि विधायक ने इंसानियत का सबसे बड़ा धर्म निभाया है, आज इस मुश्किल समय में उनका मेवात के साथ खड़ा होना उनकी शख्सियत को बयान करता है। वहीं नूंह शहर के मुफ्ती मोहम्मद जाहिद ने कहा कि रोजों में मरीजों के लिए जरूरी इलाज की चीजें खुद से देकर आफताब अहमद ने इंसानियत का बड़ा काम किया है। महामारी में लोगों की मदद करना अल्लाह के रास्ते का नेक काम है। नूंह विधायक ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनका हाल जाना और डाक्टरों को बेहतर इलाज देने के निर्देश दिए। इस दौरान आफताब अहमद ने उन सभी लोगों का धन्यवाद किया जो लगातार कोरोना में लोगों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों ने अपने धरती पुत्र होने का परिचय दिया है, आफताब अहमद ने और लोगों से भी मदद करने का आह्वान किया है। इस दौरान डा साबिर, डा अजीम, राजू पार्षद, अख्तर चंदेनी, आसिफ चंदेनी, मुमताज अहमद, हाजी बशीर, फारुख कुरेशी, रजा वकील, अल्ताफ डीके आदि मौजूद थे।

# रोडवेज बसों में तैयार पांच एम्बुलेंस मेवात को मिलीं



बस सेवा की शुरुआत।

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**कोविड** मरीजों के इलाज में एंबुलेंस अब रोड़ा नहीं बनेगी। हरियाणा रोडवेज की बसों में तैयार की गई पांच एंबुलेंस मेवात जिले को मिल चुकी हैं। जिन्हें गुरुवार से ही जनता के लिए समर्पित कर दिया गया है। यह जानकारी डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण राज तंवर ने पत्रकारों को दी।

डिप्टी सिविल सर्जन ने कहा कि हरियाणा रोडवेज की बसों में तैयार की गई पांच एंबुलेंस मिल चुकी हैं। एंबुलेंस में एक साथ चार मरीजों को लाने ले जाने का काम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बेसिक एंबुलेंस की तरह इस एंबुलेंस में भी सभी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए हरियाणा रोडवेज ने यह सराहनीय पहल की है। जिससे कोरोना मरीजों को सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि इन एंबुलेंस के आने के बाद जिले में कोरोना से निपटने के लिए इंतजामों को बल मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इन्हें गुरुवार को फील्ड में उतार दिया जाएगा, लेकिन आज शुक्रवार से रोस्टर बनाकर इन्हें उन स्थानों पर भेजा जाएगा, जहां इनकी ज्यादा आवश्यकता है। कुल मिलाकर कोरोना से जंग जीतने के लिए अब केंद्र व राज्य सरकार तेजी से कदम उठा रही हैं। जिसके नतीजे देखने को मिल रहे हैं। मेवात जिले में तेजी से कोरोना से निपटने के लिए सरकार व जिला प्रशासन कदम उठा रहे हैं, जो इलाके के लोगों के लिए राहत भरी खबर है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में हाट स्पॉट के गांवों को चिह्नित किया

**नूंह।** जिला उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने मुख्यमंत्री के साथ हुई वीडियो कांफ्रेंस के बाद बताया कि जिले में जिन गांवों को हाट स्पाट बनाया गया है उन्हें चिह्नित कर लिया गया है। इन गांवों में कोरोना ज्यादा न फैले इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जिला उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन ने 16 गांवों को हाट स्पाट के लिए चिह्नित किया है और कोशिश की जा रही है कि इन गांवों जल्द से जल्द स्वास्थ्य विभाग की तरफ से स्क्रीनिंग कर ली जाए। इसके अलावा गांव स्तर पर खाली इमारतों को भी चिह्नित किया जा रहा है जिससे कि आने वाले वक्त में आइसोलशन सेंटर बनाने में आसानी हो। इसके अलावा प्रशासन तरफ से सभी गांवों को निर्देश दिए है कि गांवों में टीकरी पहरा लगाया जाए। सभी गांवों को यह भी निर्देश दिए हैं कि दो गज की दूरी का दृढ़ता से पालन किया जाए। इसके लिए गांव में मुनादी के माध्यम से भी लोगों को सजग किया जा रहा है। जिला उपायुक्त ने आम लोगों से अपील भी की है कि जिन भी लोगों को बुखार या कोरोना का कोई भी लक्षण आ रहा है तो वह तुरंत अपना टेस्ट कराएं। ताकि हर व्यक्ति को सही इलाज मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि समय पर टेस्टिंग और सही इलाज ही इस बीमारी से हमको बचाने में कारगर है।

### गांवों और शहरों में ठीकरी पहरा लगाने के आदेश

**नूंह।** जिलाधीश धीरेन्द्र खड़गटा ने पंजाब विलेज एंड स्माल टाउन पेट्रोल एक्ट 1918 की धारा 3 (1) के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला नूंह के सभी गांवों व शहरों में ठीकरी पहरा लगाने के आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश ने बताया कि सरकार द्वारा कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए जिले में किसी भी व्यक्ति को केवल विशेष परिस्थिति को छोड़कर घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। महामारी से लोगों को बचाने के दृष्टिगत जिला नूंह के सभी गांवों, शहरों में लागू ठीकरी पहरा के आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधीश ने कहा है आदेश का पालन कराने की जिम्मेदारी जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संबधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय की होगी। सभी थाना प्रबंधन भी इस मामले में संबधित नगर पालिकाओं, ग्राम पंचायत से सम्पर्क बनाए रखेंगे। इन आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पंजाब विलेज एंड स्माल टाउन एंड पेट्रोल एक्ट 1918 की धारा 9 व 11 के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी।

### ऑक्सीजन प्लांट लगाने का काम हुआ शुरू



**मेवात।** कोरोना महामारी से निपटने के लिए ऑक्सीजन का प्लांट लगाने का काम शुरू हो चुका है। जिले का यह पहला प्लांट अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में लगाया जा रहा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और डीआरडीओ के संयुक्त सौजन्य से यह प्लांट लगाया जा रहा है। यह जानकारी डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण राज तंवर ने दी। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण राज ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने पिछले तीन-चार दिन से अल आफिया सामान्य अस्पताल प्रांगण में ऑक्सीजन प्लांट लगाने के लिए निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद डीआरडीओ ऑक्सीजन प्लांट लगाना शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि यह ऑक्सीजन प्लांट सात जून तक शुरू हो जाएगा, ऐसी पूरी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन प्लांट पर अनुमानित लागत तकरीबन एक करोड़ रुपये की आएगी। उन्होंने बताया कि अल आफिया सामान्य अस्पताल में जो 50 बेड कोविड-19 से निपटने के लिए लगाए गए हैं। इस प्लांट के चालू होने के बाद उन पर बाहर से ऑक्सीजन मंगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्लांट से 500 लीटर पर मिनट ऑक्सीजन तैयार होगी। कुल मिलाकर अब तक स्वास्थ्य विभाग मेवात में पलवल और अन्य जिलों से ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही थी। अब जल्दी ही स्वास्थ्य विभाग के पास अपना ऑक्सीजन प्लांट होगा। जिससे इस महामारी से निपटने में आसानी मिलेगी।

### जमीयत उलेमा युवा संगठन ने जरूरतमंदों को राशन बांटा



**मेवात।** लॉकडाउन में जहां सभी तरह के काम बंद होने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जो रोजाना मेहनत कर कमाते थे और उसी रोजाना की कमाई से अपना और अपने परिवार की आजीविका चलाते हैं। लॉकडाउन मे काम बंद होने से वह लोग बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। जिससे परिवार के सामने एक तरह से खाने-पीने का संकट खड़ा है, लेकिन इस संकट की घड़ी में जमीयत उलेमा युवा संगठन मसीहा बनकर लोगों की बढ़-चढ़कर मदद कर रहे हैं। युवाओं का कहना है कि कोई भी गरीब और असहाय परिवार को कोरोना वायरस में भूखे नहीं सोने के लिए राशन वितरित कर रहे हैं। जमीयत उलेमा के सदस्य साबिर मजाहिरी व उनकी टीम ने कहा कि जरूरतमंदों के लिए भोजन पैकेट, नि:शुल्क राशन की भी व्यवस्था की जा रही है। जरूरतमंदों की सहायता के लिए क्षेत्र के युवा इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहें हैं। कोरोना महामारी के चलते जिन गरीब लोगों का काम बंद हो गया है और उनको अपनी आजीविका चलाने में कठिनाइयां सामने आ रही है उन परिवारों के लिए हम यह राशन वितरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया इसके लिए हमें किसी भी तरह की प्रशासन व सरकार से किसी भी प्रकार की कोई मदद नहीं मिल रही है हम युवा संगठन मिलकर जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित कर रहे हैं, और आगे भी हम ऐसे ही सेवा देते रहेंगे। उन्होंने बताया कि पुन्हाना में आज 20 जरूरतमंद लोगों को खाना वितरित किया है और अभी तक करीब सैकड़ों से अधिक जरूरतमंदों को राशन वितरित कर चुके हैं और आगे भी यह मुहिम जारी रहेगी और जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया जाएगा। इस दौरान जमीयत उलेमा की टीम द्वारा गरीब परिवारों को चावल, चाय पत्ती, हल्दी, धनियां, मिर्च, तेल, चीनी जैसी जरूरत का राशन वितरित किया। इस मौके पर तौसीफ खान बीसरू, साकिर लाहबास, मुस्ताक नई, मुकीम निजामपुर, जानू नवलगढ, राजेश बिजली बोर्ड, अजहरुद्दीन पिनंगवा, राम अवतार, सहित टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# जिला न्यायिक परिसर में दूसरी बार लगा टीकाकरण कैंप




जिला न्यायिक परिसर में टीकाकरण कैंप के आयोजन के दौरान टीकाकरण कराते हुए लोग।

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

## कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप गर्ग ने उठाया कदम

**कोरोना** संक्रमण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए नूंह में दूसरी बार नूंह में बृहस्पतिवार को जिला न्यायिक परिसर में कोरोना टीकाकरण का आयोजन किया गया। जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इससे पूर्व 45 से अधिक उम्र के लोगों के लिए भी एक टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान हेल्प डेस्क लगाकर जिन लोगों के रजिस्ट्रेशन नहीं हुए थे उनके मौके पर रजिस्ट्रेशन किए गए।

इस टीकाकरण कैंप का आयोजन जिला सत्र एवं न्यायाधीश संदीप गर्ग व डालसा के सचिव प्रतीक जैन द्वारा किया गया। जिसमें जिला बार एसोसिएशन, कोर्ट कर्मचारी व क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर जिला सत्र एवं न्यायाधीश संदीप गर्ग ने बताया कि कैंप में 18 वर्ष से अधिक उम्र की आयु वालों को मुफ्त में टीके लगाए गए। इस दौरान लोगों को डालसा की वीडियो के माध्यम से टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया। जिला सत्र एवं न्यायाधीश प्रतीक जैन व डालसा के सचिव प्रतीक जैन ने कहा कि अपनी बारी आने पर सभी टीकाकरण अवश्य कराएं। टीकाकरण कराने से हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता और अधिक बढ़ती है। इसलिए हर हाल में सभी युवक युवतियां टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। कोरोना टीकाकरण से हम कोरोना संक्रमण से लड़ने के लिए हमारा शरीर तैयार हो जाता है इससे हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा सभी मिलकर कोरोना से लड़ाई लड़े घबराएं नहीं।

हम कोरोना के खिलाफ लड़ाई को अवश्य जीतेंगे, उन्होंने कहा कि कोरोना लक्षण होने पर व्यक्ति को अपनी जांच अवश्य करानी चाहिए। इस दौरान कैंप में आने वाले लोगों को सेनिटाइजर व मॉस्क वितरित किए। उन्होंने कहा कि घर से बहार जाने पर समय-समय पर हाथों को सेनिटाइज करने के साथ दूसरों से हमें दो गज की सामाजिक दूरी के नियम का कढ़ाई से पालन करने के लिए भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूकता का परिचय देना चाहिए हर व्यक्ति को अपने घरों से बाहर निकलकर टीकाकरण कराना चाहिए। इसके अलावा डालसा द्वारा लोगों को गांवों में कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# तावडू में नाबालिग को बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**उपमंडल** के एक गांव में नाबालिग को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में दो नामजद आरोपियों सहित एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता नाबालिग के पिता ने बताया कि पांच मई दोपहर करीब तीन बजे उनकी नाबालिग बेटी गांव में ही रेलवे लाइन के पास मिट्टी लेने के लिए गई थी।


काफी देर तक जब वह नहीं लौटी तो परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने बताया कि देर शाम उन्हें उनकी पुत्री बदहवास हालत में उन्हें खेतों में मिली। घर पहुंच कर नाबालिग ने बताया कि उन्हें गांव के ही शक्की पुत्र सहाबुद्दीन व सुस्सा पुत्र जमील खेतों में मिले थे, जो उसे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर घुसपैठी पहाड़ में चेंबर में ले गए। जहां पर उन्होंने एक अन्य व्यक्ति की मदद से चेंबर में बने कमरे को बाहर से बंद कर दिया। फिर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने किसी को बताने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी और तीन चार घंटे तक उन्हें एक कमरे में बंधक बनाकर रखा। आखिर में आरोपी उन्हें खेतों में छोड़कर भाग गए। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि अब तक मामले का समाधान करने के लिए फैसले की बात चल रही थी, लेकिन कोई फैसला नहीं हो सका। पुलिस ने पीड़ित नाबालिग लड़की के पिता की शिकायत पर आरोपी शक्की व सुस्सा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ दो युवकों द्वारा घर में घुस कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 16 वर्षीय लड़की का आरोप है कि 28 अप्रैल की रात 11 बजे के करीब जब उनके परिवार के सभी सदस्य घर पर सोए हुए थे, तभी सुबेदिन उर्फ पुछु और निसार उनके कमरे में घुस आए। जिन्होंने उनका मुंह बंद कर दिया फिर दोनों ने उनके साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों ने जाते समय उन्हें धमकी दी यदि शोर मचाया या अपने घर वालों को बताया तो वह उसकी वीडियो वायरल कर देंगे, लेकिन उन्होंने फिर भी शोर मचाया जिसके बाद उनके पिता और परिवार के अन्य सदस्य जगकर उनके पास आए, लेकिन तब तक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी हर रोज उन पर फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। वहीं खुलेआम गांव में घूम कर उन्हें जान से मारने की भी धमकी दे रहे हैं। जिससे वह सदमे में है। पीड़िता नाबालिग की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों सुबेदिन उर्फ पुछु व निसार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मेवात में 16 मई को डेंगू दिवस मनाया जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा।

**मौसम** बार-बार करवट ले रहा है। दो - चार दिन बाद लगातार बारिश हो रही है। बरसात का साफ पानी अगर इकट्ठा होता है, तो इससे डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी फैल सकती है। लिहाजा सावधानी ही इस बीमारी का इलाज है। 16 मई को विश्व डेंगू दिवस है। इस डेंगू दिवस पर स्वास्थ्य विभाग नूंह ने जिले के लोगों को डेंगू बुखार से बचाव एवं रोकथाम के लिए शहर के आठ मुख्य सार्वजनिक स्थानों पर बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर जागरूक करने की पहल की है।

मड़ीखेड़ा अस्पताल के सीनियर डॉक्टर जितेंद्र ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि कोरोना काल में विश्व डेंगू दिवस को इस बार कुछ अलग तरीके से मनाया जा रहा है। इसमें लोगों को जागरूक करने पर ध्यान दिया गया है। होर्डिंग, पैम्फलेट के अलावा कम्युनिटी रेडियो, समाचार पत्रों, टीवी चैनलों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने की पहल की गई है। उन्होंने बताया कि डीसी ऑफिस, सीएमओ ऑफिस, सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा, बस अड्डा नूंह के अलावा जिले के तावडू, पुन्हाना, नूंह, फिरोजपुर झिरका में बनी सीएचसी में बड़े बोर्ड लगाए जाएंगे। जिनमें छोटा डंक बड़ा खतरा से लोगों को जागरूक करने की कोशिश की गई है।

**क्या है डेंगू बुखार के लक्षण :** अचानक तेज बुखार आना। सिर-मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द होना। आंख के पिछले भाग में दर्द। अत्यधिक कमजोरी, भूख में कमी। मुंह का स्वाद खराब व गले में दर्द, शरीर पर लाल चकत्ते का होना।

**खतरे के लक्षण :** शरीर का एकदम ठंडा होना। तेज पेट दर्द का होना। लगातार उल्टी का होना। तेज सांस लेना। मसूड़ों से खून का रिसाव होना। थकावट व बेचैनी। उल्टी में खून आना। रक्तचाप एवं पल्स का एक दम कम हो जाना। इसके खतरे के लक्षण हैं।

**कैसे फैलता है डेंगू :** एडीज मच्छर के काटने से डेंगू की बीमारी फैलती है, यह मच्छर दिन में काटता है। यह मच्छर बरसात के मौसम में और उसके तुरंत बाद के महीने में फैलता है। अकसर जुलाई से नवंबर माह इसका पीक टाइम है।

**उपचार :** डॉक्टर की सलाह के अनुसार पेरासिटामॉल की गोली या सीरप लेकर बुखार को कम रखें, रोगी का एस्प्रिन डाइक्लोफेनेक और डिस्प्रिन जैसी दवा कभी न दें, सामान्य रूप से भोजन एवं तरल पदार्थ देना जारी रखें, क्योंकि बुखार होने पर शरीर को और अधिक भोजन की आवश्यकता होती है, रोगी को आराम करना चाहिए, रोगी को तुरंत निकटतम अस्पताल ले जाएं, जिससे उसका आवश्यक मुफ्त परीक्षण करके रोग का मुफ्त निदान किया जा सके।

**क्या न करें :** घर में तथा घर के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें, एस्प्रिन तथा डिस्प्रिन जैसी दवाएं बिना डॉक्टर की सलाह के न लें, घर की टंकियों को खुला नहीं छोड़ें, टूटे-फूटे बर्तन, टायर, कप, गमले आदि जिनमें बरसात का पानी जमा हो सकता है उनमें पानी जमा न होने दें, निगम कर्मचारियों को जांच के लिए घर में आने से नहीं रोकें।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

महामारी भी हो ग़ायब मुबारक़ ईद हो सबको
दिखा दे रब कोई करतब मुबारक़ ईद हो सबको
सभी की ज़िंदगी में फिर ख़ुशी के रंग भर जाएं
इसी उम्मीद के संग अब मुबारक़ ईद हो सबको

# गांव स्तर तक हर व्यक्ति की होगी कोरोना की स्क्रीनिंग : अशोक खेमका

## नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में आरटी पीसीआर टेस्ट की संख्या बढ़ाने पर जोर : उपायुक्त

दीपक कुमार। नूंह




वीडियो कांफ्रेंस में बैठे प्रधान सचिव अशोक खेमका व उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने गुरुवार को सभी जिलों के उपायुक्त और जिले में नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से बैठक की। बैठक में सरकार ने गांव स्तर तक कोरोना की स्क्रीनिंग के लिए टीम बनाने के निर्देश दिए हैं।

बैठक के बाद हरियाणा सरकार में प्रधान सचिव अशोक खेमका ने निर्देश देते हुए कहा कि पूरे जिले को 7 जोन के अंदर बांटा जा रहा है। जिसमें हर गांव की स्क्रीनिंग की जाएगी। हरगांव के लिए दो टीमें बनाई जाएंगी जिसमें एक टीम गांव स्तर की जबकि दूसरी हेडक्वार्टर टीम कहलाएगी। गांव स्तर की टीम में एक बीएलओ आंगनबाड़ी वर्कर और पंचायत सरपंच हो सकते हैं। जो घर-घर जाकर हर परिवार की स्क्रीनिंग करेंगे। अगर किसी व्यक्ति में कोरोना के लक्षण दिखते हैं तो हेडक्वार्टर टीम उनका कोरोना टेस्ट करेगी। यह टेस्ट रैपिड टेस्ट किट से किए जाएंगे ताकि जल्द से जल्द मरीजों की पहचान हो सके।

इसके अलावा जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में आधारभूत ढांचा तैयार होने के बाद अब टेस्टिंग के ऊपर बल दिया जा रहा है। आरटी पीसीआर टेस्ट की संख्या नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में पढ़ सके इसके लिए प्रशासन प्रयासरत है।

इसी क्रम में एक नई ræ÷t-pcræ् टेस्ट की मशीन की डिमांड भेजी जा रही है जिसके बाद मेडिकल कॉलेज में टेस्ट की संख्या और बढ़ सकेगी। जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द यह स्क्रीनिंग शुरू की जाए और संक्रमित मरीजों की पहचान की जाए ताकि इस बीमारी को गांव स्तर पर और ज्यादा बढ़ने से रोका जाए।

इस बैठक में सीओ जिला परिषद महावीर प्रसाद, नल्हड़ मेडिकल कॉलेज के नोडल इंचार्ज विवेक पदम सिंह, एसडीएम नूंह संजीव कुमार, सीएमओ सुरेन्द्र यादव आदि उपस्थित थे।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं सार्जन तॉती पुत्र स्व. श्री खोखल प्रसाद तांती निवासी मकान न. 994 पटेल नगर सेक्टर-4 तह. बल्लभगढ जिला फरीदाबाद ने अपने सगे पुत्र सुनील को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है ये अपने लेनदेन के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी, मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## कोविड महामारी
### एकजुट संघर्ष आवश्यक

**हालांकि** कोविड महामारी के बारे में बहुत भ्रम फैला है, पर हमें इससे एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए। हालिया स्मृति में कोई ऐसा अन्य मुद्दा नहीं है जिसका भारत के सार्वजनिक विमर्श पर कोविड महामारी जितना कब्जा रहा हो। मीडिया इससे भरा पड़ा है, सोशल मीडिया पट गया है, यह सभी चर्चाओं की दिशा तय करता है तथा सार्वजनिक विमर्श से लेकर सर्वाधिक निजी विमर्श तक छाया हुआ है। राजनीतिक पार्टियां भूल गई हैं कि पहले कब उन्होंने ऐसे मुद्दे पर चर्चा की होगी जिसका संबंध वायरस से न रहा हो। यह केन्द्र या राज्यों की सरकारों की क्षमता मापने का एकमात्र मानक बन गया है। विधायी या स्वशासी संस्थाओं का मतदान इससे प्रभावित रहा है। चिकित्सा शिक्षक, शोध केन्द्र तथा जर्नल इसका अत्यन्त सूक्ष्म विश्लेषण कर रहे हैं। लेकिन इस सारी चर्चा ने अब तक कोविड की दूसरी लहर का प्रभाव समाप्त करने या स्वास्थ्यरक्षा के प्रबंधन व निगरानी की कोई सुगठित या सुसंगत राष्ट्रीय योजना नहीं पेश की है। अभी ठीक-ठीक यही नहीं पता है कि महामारी के बारे में वास्तव में राष्ट्रीय विमर्श क्या है? यदि आप स्वास्थ्य व गृह मंत्रालय की रूटीन, दैनिक तथा लगभग एकरूपी घोषणाओं को छोड़ दें तो विमर्श का अर्थ केवल कड़वाहट, शिकायतें, आरोप, गालियां, निन्दा, अपना वर्चस्व प्रदर्शन, राजनीतिक दीवालियापन, सब कुछ जानने की लफ्फाजी, आदि तक सीमित हो जाता है। अब केवल सोशल मीडिया या टेलीवीजन चैनलों पर युद्ध जैसी बहस ही नहीं होती है, बल्कि संस्थान भी इस शोर-शराबे में शामिल हो गए हैं। न्यायपालिका भी सरकार को चुनौतियां देने लगी है, जबकि सरकार इसे गलत सक्रियता कहती है। सरकार, सत्तारूढ़ पार्टी तथा विपक्ष केवल अपना क्षेत्र बचा रहा है। इससे किसी भी चीज के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है।



एक राज्य में पाजिटिविटी दर गिरी है, पर कोई नहीं जानता कि यह मामले घटने के कारण है या टेस्टिंग कम करने का नतीजा है। मृत्यु दर गिरी है, लेकिन कोई नहीं जानता कि चिकित्सा देखभाल में सुधार हो रहा है या आंकड़ों के साथ हेराफेरी हो रही है। 18-44 आयुवर्ग के लिए काफी वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन कोई नहीं जानता कि इसका कारण वैक्सीन की कमी या वैक्सीन को उच्च जोखिम वाली श्रेणियों को देना है। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों को वैक्सीन की बरबादी रोकने तथा उनसे टीकाकरण तेज करने का आह्वान किया है। सरकार या दवा उद्योग ने इस विचित्र स्थिति की व्याख्या की है जहां टीके की अनेक कीमतें हैं। इसका नतीजा भ्रम की स्थिति है। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका का फोकस आक्सीजन सप्लाई पर है जिसके कारण अब इसकी सप्लाई विभिन्न स्रोतों से हो रही है। भारतीय वायुसेना आगरा से जामनगर तथा ग्वालियर से रांची क्रायोजेनिक आक्सीजन कंटेनर ले जाती है। जापान 200 आक्सीजन कंसेंट्रेटर भारत भेज रहा है। अनेक अन्य देशों ने भी भारत को भूमि, समुद्र व वायुमार्ग से आक्सीजन कंटेनर भेजे हैं। दिल्ली पुलिस ने एक बिजनेसमैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है जिसने अपने स्वामित्व वाले एक होटल में आक्सीजन कंसेंट्रेटरों की जमाखोरी की थी। यदि यह मान लिया जाए कि भारत में आक्सीजन उपलब्ध है तथा इसके घरेलू उत्पादन में सुधार हो रहा है तो मरीज फिर आक्सीजन की कमी से मर क्यों रहे हैं? इस बात के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि आखिर गंगा में बड़ी संख्या में उतराती लाशें कहां से आई हैं, उत्तर प्रदेश से या बिहार से। यदि प्रकृति अपने रास्ते पर चलती है तो निश्चित रूप से महामारी एक दिन कम हो जाएगी। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण विमर्श केवल इस बात पर हो सकता है कि वायरस के खिलाफ संघर्ष में सक्रिय व समन्वित रूप से बहुआयामी दृष्टिकोण कैसे अपनाया जाए।

# पश्चिम बंगाल चुनाव का विश्लेषण

भाजपा भले ही राज्य के हालिया चुनावों में अपना प्रभुत्व न स्थापित कर सकी हो, पर उसका प्रदर्शन कम से कम विश्वसनीय जरूर है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



पश्चिम बंगाल में अत्यधिक कठिन चुनाव के परिणाम कमोबेश उम्मीद के अनुसार हैं। नि:संदेह दिल्ली के आशावादियों को निराशा मिली जिन्होंने भाजपा के बहुमत की उम्मीद की थी। लेकिन उनकी इच्छायें ज्यादातर सपनों की तरह थीं। मेरा मानना है कि बंगाल को समझना कठिन है। इस अखबार में पहले प्रकाशित एक लेख में मैंने संकेत दिया था कि बंगाल का विशिष्ट चरित्र है। 1947 के प्रारम्भ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बड़े भाई शरत तथा किरन शंकर सरकार हिंदुओं के पक्ष में थे और लोकप्रिय किसान नेता सर अब्दुल रहीम और फजलुर रहमान एक संयुक्त बंगाल के लिए बातचीत कर रहे थे। यह भारत और पाकिस्तान से अलग तीसरा स्वतंत्र देश हो सकता था। आश्चर्यजनक रूप से इन वार्ताओं की शुरुआत अगस्त, 1946 में कोलकाता के भयानक नरसंहार के कुछ ही महीनों के भीतर हुई थी। मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन डे के नाम पर हजारों लोगों को मार डाला गया था। इस कार्रवाई का निर्देश मुहम्मद अली जिन्ना ने ब्रिटिश सरकार को यह संदेश देने के लिए दिया था कि हिंदू और मुसलमान एक देश में एकसाथ नहीं रह सकते हैं और इसलिए स्वतंत्रता के पहले विभाजन जरूरी है। इसके परिणामस्वरूप जिन्ना ने जोर दिया कि पाकिस्तान को 14 अगस्त को भारत की स्वतंत्रता के एक दिन पहले आजाद घोषित किया जाना चाहिए।

जिन्ना ने दो मुस्लिम नेताओं को प्रोत्साहित किया था कि वे किसी प्रकार एक अलग संयुक्त बंगाल बनाने का प्रयास करें। कम्युनिस्ट पार्टी ने भी शरत बाबू का इस समझौते के लिए समर्थन किया था। इसका कारण सरल रूप से केवल यह था कि बहुसंख्य मुस्लिम जनसंख्या तथा उसी समुदाय का प्रधानमंत्री होने के कारण संयुक्त बंगाल द्वारा भारत की तुलना में पाकिस्तान को पसंद करने की संभावना अधिक थी। इसके पहले जिन्ना ने 1939 में असम के प्रीमियर मुहम्मद सादुल्ला व उनके साथियों से कहा था कि वे आदिवासियों की गणना हिंदुओं के बजाय पशुपूजकों के रूप में करें। इससे आदिवासी अल्पसंख्यक बन जाते और कम से मुसलमान थोड़े ही अंतर से बहुसंख्यक हो जाते। इस विचार का उद्देश्य असम को पाकिस्तान में शामिल करना था। गोपीनाथ बारडोलई ने समय रहते असम की रक्षा की। वे दिल्ली गए और कांग्रेस आलाकमान को हस्तक्षेप करने के लिए मना लिया।

संयोग से भारत और बांग्लादेश के राष्ट्रगीत गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर रचित हैं। कवि नजरुल इस्लाम को व्यापक रूप से केवल टैगौर के बाद सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता था। दमदम कहे जाने वाले कोलकाता हवाईअड्डे के परंपरागत राजमार्ग का नाम नजरुल इस्लाम एवेन्यू रखा गया। सबसे अच्छा रवीन्द्र संगीत इस समय ढाका की महिला रिजवाना चौधरी देती हैं। वे आमतौर से साड़ी पहनती हैं तथा माथे पर लाल टीका लगाती हैं। फरवरी, 1948 में पाकिस्तान के पश्चिमी भाग से बांग्लादेश की लड़ाई की शुरुआत जिन्ना द्वारा उर्दू को पाकिस्तान की एकमात्र राजभाषा घोषित करने के बाद हुई थी। अगले दिन ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने सड़कों पर उतर कर बांग्ला भाषा के प्रति अपना प्रेम प्रकट किया था जो कई दिनों तक जारी रहा था।

इसके बाद से 1971 के अंत तक पूर्वी पाकिस्तान के लिए बहुत कष्टदायक समय रहा और अंतत: वह बांग्लादेश बन गया। इसके बाद से उन्होंने जब भी पाकिस्तान के बारे में सोचा, वे केवल बांग्लादेशियों के बजाय बंगालियों की तरह सोचते थे। उनकी रेडियो वार्ता आकाश पाताल के बारे में होती थीं। अधिकांशत: अपने हिंदू समकक्षों से ईर्ष्या का अनुभव करने के कारण वे इसे आसमान जमीन कहने लगे। वे पहले बंगाली है, दूसरे स्थान पर बांग्लादेशी हैं और तीसरे स्थान पर मुसलमान हैं। पश्चिम बंगाल के बहुसंख्य लोग भी कमोबेश प्राथमिकता का यही क्रम रखते हैं। इसलिए भाजपा को हालिया चुनाव में स्वयं को मिली 77 सीटों को किसी प्रकार पराजय मानने के बजाय महान सफलता समझना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा मुश्किल से ही बड़ी बैठकों को संबोधित करने के लिए एक बांग्लाभाषी लोकप्रिय व्यक्ति तैयार कर सकी। बंगाली के लिए इसका अर्थ बहुत बड़ा है। जब मैं उसकी भाषा के कुछ वाक्य बोलता हूं तो स्रोता प्रसन्नता से आश्चर्यचकित हो कर कहता है, 'आपकी बंगाली कितनी अच्छी है।' इसका कारण भाषा पर बहुत अच्छी पकड़ के बजाय कोलकाता में पला-बढ़ा होना है। मैं जानता हूं कि बंगाली पहले एक धुन है और बाद में भाषा। तीसरी पीढ़ी के अनेक लोग इसे नहीं समझते हैं और बंगाली स्रोता बिना किसी लोच वाली ऐसी भाषा नहीं पसंद करता है। गुजरात में बसने वाला यदि कोई व्यक्ति गुजराती बोलता है तो अक्सर प्रतिक्रिया यह होती है कि उसने भाषा सीखने पर अपनी इतनी ऊर्जा क्यों नष्ट की? 'हम हिंदी समझते हैं'। यह बंगाल में अपनी भाषा के प्रति असाधारण प्रेम का एक उदाहरण है।

**कठिनाइयों को देखते हुए भाजपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और वह पांच साल में तीन सीट से बढ़ कर 77 सीट पर पहुंच गई है। यदि भाजपा के किसी सदस्य ने वास्तव में बहुमत मिलने की बात सोची थी तो वह सपना देख रहा था। हालांकि, पांच साल लंबा समय होता है, पर समय लगातार बहती एक नदी है जो बहती रहती है और स्वयं विपक्ष को अवसर देती रहती है।**

इसके साथ ही यदि मुझे ठीक से याद है तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 1953 में निधन के बाद हुए दो आम चुनावों में हिंदू महासभा के चार उम्मीदवार बांकुड़ा से विधायक बने थे। इसके बाद हर हिंदू पार्टी को कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिला। हरिपद भारती एक सम्मानित व्यक्ति थे, पर वे सालों तक जनसंघ के नेता होने के बावजूद विधायक नहीं बन सके। पश्चिम बंगाल का लगभग एक तिहाई हिस्सा पूर्वी पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले शरणार्थियों का वारिस है।

लेकिन 2011 तक वे वाममोर्चा के समर्थक थे। यह भले ही आश्चर्यजनक हो, पर सत्य है। कम्युनिस्टों ने खुलेआम विभाजन का समर्थन किया था, पर इसकी चिन्ता अपने परिवारों के साथ शरणार्थियों के रूप में आए इन लोगों को नहीं थी। इन कठिनाइयों को देखते हुए भाजपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और वह पांच साल में तीन सीट से बढ़ कर 77 सीट पर पहुंच गई है। टीएमसी का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। यदि भाजपा के किसी सदस्य ने वास्तव में बहुमत मिलने की बात सोची थी तो वह सपना देख रहा था।

हालांकि, पांच साल लंबा समय होता है, पर समय लगातार बहती एक नदी है जो बहती रहती है और स्वयं विपक्ष को अवसर देती रहती है।

# कोरोना के दौर में विश्व व्यवस्था प्रबंधन

**"भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन का उद्देश्य सदस्य राष्ट्रों के बीच समसामयिक मुद्दों को संबोधित करना है।"**

**सुधीर हिन्दवान**
(लेखक एक प्रोफेसर व सामरिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



कोरोनावायरस महामारी के बीच, भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हाल ही में आभासी शिखर सम्मेलन ने व्यापार, आर्थिक साझेदारी और निवेश संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर बातचीत के लिए एक बड़ा मंच प्रदान किया है, जो सदस्य देशों के बीच समानता ला रहा है। एशिया, प्रशांत और अफ्रीकी क्षेत्रों में संयुक्त सहयोग स्थापित करने के लिए भी सूक्ष्म प्रयास हैं। यह निश्चित रूप से दोनों पक्षों की उच्च स्तरीय अंतर्दृष्टि और समझ को प्रदर्शित करता है। यह उन नेताओं की ओर भी इशारा करता है जिन्हें वर्तमान कोविड - 19 महामारी द्वारा आवश्यक विश्व व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लीन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने व्यापार और वैश्विक सुरक्षा के लिए बातचीत के चैनल बनाने और विश्व राजनीति के समावेशी लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक नए मार्ग के लिए दूरदर्शिता का प्रदर्शन किया। शिखर सम्मेलन टकराव के बजाय सहयोग के माध्यम से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों को संभालने वाले विश्व समुदाय के लिए एक प्रोटोटाइप का निर्माण करता है। महामारी ने सदस्य देशों को एक दूसरे पर भरोसा करने और अपने मतभेदों को दफनाने की आवश्यकता को मजबूत किया है। प्रमुख मुद्दा अधिकतम जीवन को बचाने में मदद करने के लिए महामारी से निपटने के लिए, संभवत: आराम से संबंधित ट्रेड-रिलेटेड ट्रेड-रिलेटेड एस्पेक्ट्स ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टीज (ट्रिप्स) से निपटने के संदर्भ में अधिक से अधिक देशों को बातचीत की मेज पर लाना है। जलवायु परिवर्तन के मुद्दों को सीमित करने और तकनीकी ऊर्जा के विकास में अक्षय ऊर्जा और विकास के लिए गेटवे खोलने और बिजली उत्पादन के स्रोतों को चैनलाइज करने और चीन के (बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव) द्वारा उत्पन्न किसी भी अचानक खतरे का सामना करने के लिए एक तंत्र बनाने के संबंध में बढ़ता समर्थन और समझौता।) सभी सदस्य देशों की शांति और समृद्धि के लिए अच्छी तरह से वृद्धि। 2019 जापान ईयू सौदा इस दिशा में एक प्रयास था।



भारत और यूरोपीय संघ ने एक सकारात्मक संबंध साझा किया है, उनके व्यापार में पिछले पांच वर्षों के दौरान एक अच्छा मील का पत्थर पार हो गया है, जो उम्मीद से कहीं अधिक है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, जर्मनी, इटली और नीदरलैंड के साथ घनिष्ठ संबंध रहे हैं, वे भारत से सबसे बड़े आयातक हैं जबकि जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम माल के सबसे बड़े निर्यातक हैं।

शिखर सम्मेलन के हालिया प्रयासों से उनके संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास को स्थिर करने के लिए एक वास्तविक माहौल बनेगा (साथ ही माल और सेवाओं के मुक्त प्रवाह को सुनिश्चित करना) रणनीतिक सुरक्षा, समृद्धि, स्थिरता और जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न होने वाली अचानक चुनौतियों का मुकाबला करना। इसके अलावा, कोविड - 19 के दूसरे उछाल के दौरान यूरोपीय संघ के नागरिक सुरक्षा प्रणाली से भारत की मदद करने से निकट एकीकरण के लिए रास्ते खुले हैं।

विदेशी संबंध कुशल राजनयिक प्रणाली की मदद से संचालित होते हैं और संकट के समय कूटनीति सही इशारों और सहयोग और समन्वय के बारे में है। बेल्जियम और स्पेन के प्रधानमंत्रियों और फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने महामारी से निपटने के भारत के प्रयासों की सराहना करते हुए केवल और सहयोग किया। हालांकि, परमाणु ऊर्जा, सतत विकास और पर्यावरणीय मुद्दों के संबंध में एकमत की कमी नहीं है। आगे की वार्ता से गैर-राज्य अभिनेताओं द्वारा आतंकवाद, अंतर्राष्ट्रीय अपराध, ड्रग डीलिंग, तस्करी और साइबर खतरे के खिलाफ एक कवच प्रदान करने के लिए एक रणनीतिक तंत्र का निर्माण हो सकता है। यह समुद्री मैत्रीपूर्ण संबंधों को भी तेज कर सकता है और हिंद महासागर और भारत-प्रशांत क्षेत्रों के आसपास सुरक्षा बढ़ा सकता है जो हाल ही में चिंता के क्षेत्र बन गए हैं।

ये बदलता समय है और हाल ही में अंतरराष्ट्रीय संबंधों में कई बदलाव हुए हैं। भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन का परिणाम इस तथ्य का समर्थन करता है कि एक बहु-स्तरीय और बहु-आयामी रणनीति के माध्यम से आपसी आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एक साझा रणनीतिक दृष्टि और एक संयुक्त दृष्टिकोण आने वाले दिनों में विश्व व्यवस्था पर हावी होने वाला है।

व्यवस्था को अस्थिर करने के किसी भी प्रयास के विरुद्ध गंभीर प्रतिक्रिया की संभावना का प्रबंल रखते हुए प्रतिकार की एक नई रणनीति तय करने के लिए देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर अधिक परिपक्व निर्भरता हेतु नया परिप्रेक्ष्य विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### नदी में बहते शव

**देश** कोरोना जैसी विभत्स महामारी से जूझ रहा है। ऑक्सीजन की किल्लत के कारण लोगों को जान गंवानी पड़ रही हैं , लोगों को अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के लिए घाटों पर लकड़ियां जुटाना मुश्किल हो रहा है शवों को गंगा में प्रवाहित किया जा रहा है यह सब घटनाएं बिहार और यूपी से निकल कर आ रही है। वहीं जिम्मेदार लोग अपनी कमियों को छुपाने के बजाय एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर अपना पल्ला झाड़ने में लगे हुए हैं। जरा सोचिए उन लोगों के बारे में भी जिनकी मौत करोना जैसी भयावह बीमारी से हुई हो और उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए भटकना पड़े तब भी उनका अंतिम विधि विधान पूर्वक न हो सके। अंतिम संस्कार के लिए लकड़िया ना मिलती हो और उनको गंगा में प्रवाहित करने के लिए ऐसे ही छोड़ दिया दिया जाए जहां अन्य लोगों के लिए भी संक्रमण का खतरा बना हो और नदी में अनेक जलीय जीव जन्तुओं के लिए खतरा उत्पन्न हो। इस मामले में काफी गंभीरता से सोचना चाहिए एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने की बजाय कोविड से मृत लोगों के अंतिम संस्कार के लिए उनको उचित संसाधनों का प्रयोग करने के लिए जिला स्तर पर आदेशित करें।

– **योगेंद्र गौतम**, उन्नाव

### अंतरिक्ष में तूफान

**विदेशों** से प्राप्त जानकारी का अध्धयन खगोलशास्त्रियों ,वैज्ञानिको ,ज्योतिषों आदि द्धारा किया जाकर सूर्यग्रहण के संबंध में नवीनतम जानकारी प्राप्त की जाकर सौर ज्वालाओं से बच जा सकता है। इसके कुछ वर्ष पूर्व सूर्य कि त्रियामी तस्वीर लेने गया खोजी अभियान नासा ने दो उपग्रह प्रक्षेपित किये गए थे। इस स्टीरियो अभियान का मकसद सूर्य कि त्रियामी तस्वीर के अलावा सूर्य से उत्पन्न होने वाली सोर उर्जा के बारे मे अध्ययन से शक्तिशाली सौर ज्वालाओं कि उत्पत्ति के बारे मे सही अनुमान लगाये जा सकना था, क्योंकि इसके कारण चुम्बकीय तूफान पैदा होते है ,जिससे धरती संचार प्रणाली के तहस-नहस होने कि आशंका हमेशा बनी रहती है। सूर्य पर तूफान कभी भी आ सकता है ,जिससे अन्तरिक्ष मे उपग्रह तथा अन्तरिक्ष यानों को भी क्षति पहुचने कि आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। खगोलशास्त्रियों ने दावा किया कि सूर्य अपनी सतह कि बजाए किनारों से ज्यादा गर्मी उत्सर्जित करता है और गर्मी नाभिकीय विखंडन के जरिये उत्पन्न होती है। इसी कारण सूर्य के धब्बों से अन्तरिक्ष मे तूफान आने कि संभावना बनी रहती है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र


### कोरोना के बदलते प्रतिरूप

**कोरोनावायरस** के बदले प्रतिरूप अधिक घातक हैं और वे संक्रमण तेजी से फैला रहे हैं, लेकिन कहीं ऐसा तो नहीं कि उनकी प्रकृति में बदलाव को अभी भी सही तरह समझा न जा सका हो और इसी कारण वे कहर ढाने में लगे हुए हैं। इसलिए लोगों को लगातार चेताने, समझाने और उन तक सही सूचनाएं पहुंचाने का काम भी किया जाना चाहिए। उनके बीच आवश्यक तालमेल होना चाहिए। महामारी में समय पर सही सूचनाएं और जरूरी जानकारी कई समस्याओं का समाधान करती है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अभी भी कुछ लोग कोरोना वायरस से उपजी कोविड महामारी की गंभीरता को समझने के लिए तैयार नहीं। इसी तरह कुछ ऐसे भी हैं, जो टीका लगवाने में हिचक रहे हैं। टीके को लेकर लोगों की हिचक तोड़ने का काम तब प्रभावी ढंग से हो गा, जब उनकी उपलब्धता भी बढ़ाई जाए। भले ही 18 से 44 साल के लोगों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया हो, लेकिन देश के अनेक हिस्सों में अभी यह अभियान जमीन पर नहीं उतर सका है।

– **डॉ हेमंत कुमार**, गोराडीह

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हमारे** पास किसी भी केंद्र में कोवैक्सीन नहीं बची है। जब तक वैक्सीन की आपूर्ति नहीं होगी किसी भी टीकाकरण केंद्र में कोवैक्सीन नहीं लगाई जाएगी।

– **आतिषी**
आम आदमी पार्टी की विधायक

**मैं** पाकिस्तान का वज़ीरे आज़म हूं और हम गाज़ा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हम फिलिस्तीन के साथ खड़े हैं।

– **इमरान खान**
प्रधानमंत्री, पाकिस्तान





**कोवैक्सीन** विनिर्माता ने कहा है कि वे अनुपलब्धता के कारण दिल्ली को वैक्सीन उपलब्ध नहीं करा पाएंगे। वैक्सीन की आपूर्ति केंद्र के नियंत्रण में है।

– **मनीष सिसोदिया**
उपमुख्यमंत्री, दिल्ली

# विक्रमजीत सिंह साहनी ने पंजाब को दान किए 200 ऑक्सी कंसंट्रेटर

**पायनियर समाचार सेवा।** पंजाब

**देश** के विभिन्न हिस्सों में कोरोना वायरस का कहर बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण भारी संख्या में मरीजों को सांस लेने में दिक्कत आ रही है। इस बात को ध्यान में रखते सन फाउंडेशन अध्यक्ष एवं विश्व पंजाबी संगठन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने पंजाब को 200 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर दान दिये हैं। यह ऑक्सीजन कंसंट्रेटर पंजाब के सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों के उपायुक्तों को सौंपे गए हैं।

जानकारी के मुताबिक समाज के जरूरतमंदों की मदद के लिए विक्रमजीत सिंह साहनी हमेशा आगे रहते हैं। श्री सिंह सन फाउंडेशन और विश्व पंजाबी संगठन के माध्यम से समाज के हित के लिए समय-समय पर सरहनीय कार्य करते रहते हैं। वर्तमान में पूरा देश कोरोना वायरस के कहर से जूझ रहा है। कोरोना की दूसरी लहर में ऐसे में मरीज ज्यादा सामने आ रहे हैं, जिन्हें सांस लेने में दिक्कत आ रही है। इस तरह के मरीजों की संख्या में अचानक वृद्धि होने से ऑक्सीजन की भारी कमी उत्पन्न हो गई थी। जिसके कारण भी मरीजों के परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसे ध्यान में रखते हुए सन फाउंडेशन के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय पंजाबी संगठन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह साहनी द्वारा हाल ही में पंजाब को 200 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर दान किये हैं। यह ऑक्सीजन कंसंट्रेटर कोरोना से ज्यादा प्रभावित पंजाब के जिला होशियरपुर की उपायुक्त अपनीत रियात, अमृतसर के उपायुक्त गुरमीत खेड़ा, भटिंडा के उपायुक्त बी श्रीनिवासन, जालंधर के उपायुक्त घनश्याम और पटियाला के उपायुक्त कुमार अमित को सौंपे गए हैं। इन कंसंट्रेटर का इस्तेमाल गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए किया जाएगा। इसके अलावा श्री साहनी और डीएसजीएमसी द्वारा एसजीपीसी को 100 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर दान किये गए हैं। इससे पहले विक्रमजीत सिंह साहनी दिल्ली के विभिन्न गुरुद्वारा, अस्पताल और कोविड केयर सेंटरों को 500 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्रदान कर चुके हैं। विक्रमजीत सिंह का कहना है कि इस मुश्किल घड़ी में जरूरतमंदों की मदद के लिए वह इसी तरह से प्रसास करते रहेंगे।



# उपायुक्त और पुलिस ने किया हॉट स्पॉट गांवों को दौरा

15 या इससे अधिक पॉजिटिव केस मिलने वाले 35 गांवों को बनाया है हॉट स्पॉट गांव

## जिला के सभी गांवों में बनाई गई हैं ग्राम समन्वय समिति

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**उपायुक्त** श्याम लाल पूनिया ने कहा कि कोविड के संक्रमण को रोकने के लिए जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। जिला के ऐसे 35 गांवों को हॉट स्पॉट की सूची में डाला गया है, जिन गांवों में 15 या इससे ज्यादा कोविड के एक्टिव केस हैं। इन गांवों की स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि कोरोना संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। उपायुक्त श्याम लाल पूनिया व पुलिस अधीक्षक जश्नदीप सिंह रंधावा गुरुवार को हॉट स्पॉट की सूची में आने वाले गांवों का दौरा करते हुए सबसे पहले गांव थाना कलां में राजकीय स्कूल में बनाएं गए आइसोलेशन सेंटर का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा कि हॉट स्पॉट की सूची में आने वाले सभी 35 गांवों में कोविड मरीजों की देखभाल के लिए गांव में ही आइसोलेशन केन्द्र बनाए जाएंगे। ताकि इन आइसोलेशन सेंटरों में उन मरीजों को रखा जाएगा जिनके घर में होम आइसोलेशन रहने के लिए व्यवस्था नहीं है। सभी हॉट स्पॉट गांवों में बनाए गए आइसोलेशन केन्द्रों में 25 से ज्यादा बेड्स की व्यवस्था की गई है।



हॉट स्पॉट गांवों का दौरा करते डीसी-एसपी व अन्य अधिकारी।

उपायुक्त ने दौरे के दौरान थाना कलां, सिसाना तथा गांव हरसाना कलां में बनाए गए आइसोलेशन केन्द्र का निरीक्षण किया। उपायुक्त पूनिया ने सीएमओ को आदेश दिए कि हॉट स्पॉट गांवों में लगातार मॉनिटरिंग करें और गांवों के सभी लोगों का कोविड टेस्ट करने के लिए गांवों में कैंप का आयोजन किया जाए। इसके साथ ही इन गांवों में सभी लोगों को कोविड का टीका लगवाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इन आइसोलेशन केन्द्रों में बेड्स के अलावा मरीजों को स्वास्थ्य से संबंधित सभी दवाइयां व खाने की उचित व्यवस्था की गई है। उपायुक्त ने कहा कि जिला के सभी गांवों में कोविड की मॉनिटरिंग करने के लिए ग्राम स्तर पर ग्राम समन्वय समिति का गठन किया है। एसडीएम सोनीपत शशि वसुंधरा, एसडीएम खरखौदा डॉ. अनमोल, डीएसपी डॉ. रविन्द्र, सीएमओ जेएस पूनिया, डॉ. दिनेश छिल्लर आदि मौजूद रहे।

### जिला में हॉट स्पॉट की सूची में शामिल 35 गांव

उपायुक्त पूनिया ने बताया कि जिला में हॉट स्पॉट सूची में शामिल 35 गांवों में सीएचसी गोहाना के अंतर्गत आने वाला गांव कथूरा, धनाना, बैंसवाल सीएचसी के अंतर्गत गांव खानपुर, भैंसवाल कलां, गन्नौर सीएचसी के अंतर्गत गांव पुरखास, बड़ी, टेहा, धतौली, मुण्डलाना सीएचसी के अंतर्गत गांव मुंडलाना, बरोदा, शामड़ी, जागसी, जुआं सीएचसी के अंतर्गत गांव कबीरपुर, डीक्रस्ट यूनिवर्सिटी, हरसाना कलां, जुआं, मुरथल, रेवली, शाहपुर तुर्क, बैंयापुर, फिरोजपुर बांगर सीएचसी के अंतर्गत गांव थाना कलां, फिरोजपुर बांगर, गोपालपुर, जटोला, रामपुर, बढखालसा सीएचसी के अंतर्गत टीडीआई किंग्सबरी, जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सीआरपीएफ कैंप खेवड़ा, नांगल कलां, सनसाईन काउंटी तथा सीएचसी खरखौदा के अंतगर्त आने वाले गांव सिसाना, खांडा, रोहणा, मटिण्डू व गांव सेहरी शामिल हैं।



जानकारी देते तिलक राज अग्रवाल व अन्य।

# कोरोना पीड़ितों को घर पर हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाएगी हेल्पर्स : तिलक राज

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**कोरोना** पॉजिटिव जो मरीज घर पर ही क्वारेंटाइन है, उनके लिए हेल्पर्स ने मदद करने का बीड़ा उठाया है। ऐसे व्यक्तियों को घर पर ही हरसंभव सहायता उपलबध कराई जाएगी। इसका केवल एक उद्देश्य है कि कोरोना पीड़ित व्यक्ति किसी भी कार्य से घर से बाहर न निकलें। यह फैसला आज हेल्पर्स की आपात बैठक में लिया गया।

प्रधान तिलक राज अग्रवाल ने बताया कि बहुत से कोरोना पीड़ित लोग सुविधाओं से वंचित हैं, इसलिए प्रशासन के सहयोग से उनसे संपर्क किया जाएगा। उन्हें भोजन, पेयजल, एंबुलेंस सुविधा उपलबध कराई जाएगी। इसके अलावा यदि पीड़ित को अन्य किसी चीज की जरूरत है, तो उसे भी पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाहाबाद अस्पताल में आयुष विभाग की ओर से आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति द्वारा कोरोना पॉजीटिव का ईलाज शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेल्पर्स इस कार्य में पूर्ण सहयोग करेगी।

### 193 लावारिस शवों का किया संस्कार

हेल्पर्स के संस्थापक सदस्य एवं गांव कलसाना के पूर्व सरपंच विष्णु भगवान गुप्ता ने बताया कि हेल्पर्स द्वारा कोविड-19 के चलते अब तक 193 लावारिस शवों का विधिवत दाह संस्कार किया गया है और उनके अस्थि (फूल) हरिद्वार में प्रवाहित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शाहबाद के विधायक रामकरण का भी संस्था को पूरा सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर जयपाल सिंह, पूर्ण सिंह, संजीव सिंगला, इंद्र लाल बतरा, सीता राम बतरा, मास्टर नरेंद्र शर्मा, सुरजीत राणा, नरेश सैनी, ईश्वर सिंह आदि अन्य मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## गांव रिवासा में ट्रैक्टर से निकाली हवन यात्रा



**भिवानी।** गांव रिवासा में वातावरण को शुद्ध करने व कोरोना को खत्म करने की भगवान से प्रार्थना करते हुए ट्रैक्टर-ट्राली के माध्यम से मंत्रोचारण के साथ पूरे गांव में हवन यात्रा निकाली गई। इस हवन यात्रा में छात्र नेता प्रदीप काटिया, सुनील यादव, योगेश राजपूत, परविंद्र राजपूत, सिकू राजपूत, कोकलि राजपूत, सेंडिल वर्मा, प्रदीप राजपूत, प्रवेश राजपूत, मोहित, नवीन, तनिस, सुंटी व सिकंद्र ने अपना योगदान दिया। सभी सदस्यों ने भगवान से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे शीघ्र से शीघ्र देश व विश्व को महामारी से निजात दिलाए। उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ करने से वातवरण शुद्ध होता है। हवन के धुंऐ से वातावरण में शामिल अनेक प्रकार की भयानक बिमारियों का खातमा होता है। इसके साथ-साथ उन्होंने ग्रामीणों को अधीक से अधीक पौधे लगाकर उनके लालन-पालन का संदेश भी दिया ताकि घटते हुए आक्सीजन स्तर को नियंत्रित किया जा सके।

## कोरोना संक्रमित मरीजों की मदद को बढ़े हाथ

**रेवाड़ी।** कोरोना संक्रमित मरीजों की सहायता के लिए कैपारो पावर लिमिटेड बावल ने हाथ बढ़ाए हैं। कैपारो कंपनी के निदेशक सचिन गुप्ता व एचआर हेड मदनमोहन ने उपायुक्त यशेन्द्र सिंह से मिलकर 3 लाख की राशि कोविड-19 के इलाज के लिए दिए। उपायुक्त यशेन्द्र सिंह ने यह राशि जिला रेडक्रॉस सोसायटी को सौंपते हुए राशि का प्रयोग कोविड-19 से संक्रमित मरीजों के लिए प्रयोग करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि कंपनी ने कोविड काल में मदद करके सराहनीय व पुण्य का कार्य किया है।

## सेवा नगर में वैक्सीन टीकाकरण कैम्प आज

**भिवानी।** भारत माता सेवा चेरिटीबल ट्रस्ट के तत्वाधान में सेवा नगर के सिद्ध बाबा शंकर गिरि अस्पताल में आज 14 मई को वैक्सीनेशन कैम्प लगाया जायेगा। इस बारे में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य माई जी महाराज ने बताया कि कैम्प में 45 साल से उपर की उम्र के महिला, पुरुषों को वैक्सीन का टीका लगाया जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि जिन लोगों को वैक्सीन का पहला टीका लग चुका है, वें भी कैम्प में पहुंच कर दूसरा टीका लगवा सकते हैं। आचार्य महाराज ने कहा कि वैक्सीन सुरक्षित दवा है और कोरोना से लड़ने की शरीर में इम्युनिटी बढ़ाती है। वैक्सीन के बारे में फैलाई जा रही भ्रांतियों से गुमराह न होएं और वैक्सीन का टीका अवश्य लगवाएं। उन्होंने बताया कि कोरोना से नियमों का पालन करके ही बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर किसी को मास्क पहनना चाहिए और सामाजिक दूरी बना कर रखनी चाहिए।

## परशुराम जयंती पर 108 ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर्स दान करेगा

**भिवानी।** ब्राह्मण समाज की अग्रणी संस्था विप्र फाउंडेशन ने कोरोना काल में एक विराट और महत्ती सेवा कार्य का ऐलान किया है। विप्र फाउंडेशन हरियाणा के अध्यक्ष कुलदीप वशिष्ठ के अनुसार इस वर्ष भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव सादगी पूर्ण ढंग से मनाते हुए अक्षय तृतीया के दिन विप्र फाउंडेशन की शाखाएं 108 ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर मशीन पूरे देश में दान करने का संकल्प करेंगी। 14 से 29 मई के पखवाड़े में संस्था की शाखाएं अपने सामर्थ्य अनुसार ऑक्सीजन मशीन क्रय कर विप्र मेडिकल इक्विपमेंट बैंक के माध्यम से संचालित कर जरूरतमंदों को उपलब्ध करवाएगी। सभी शाखाओं की ओर से दी गई कुल मशीनों की न्यूनतम संख्या 108 होंगी।

## बख्शे नहीं जाने चाहिए दवा की ब्लैक करने वाले : रंबा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने कहा है कि कोरोना काल में इंजेक्शन व दवाइयों की ब्लैक करने वाले लोग समाज के दुश्मान हैं, ऐसे लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। रामकुमार रंबा ने कहा कि एक तरफ तो कोरोना के कारण लोग मर रहे हैं और दूसरी तरफ समाज के दुश्मन दवाइयों की भी ब्लैक कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के सभी सदस्यों को फोन कर कहा कि वे फील्ड में उतरकर ऐसे लोगों की पहचान करें व प्रशासन से संपर्क कर ऐसे लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम करें। उन्होने कहा कि हरियाणा पिछडा वर्ग महासभा कोरोना मरीजों की हर मदद के लिए तैयार है।

## कोरोना काल को देखते हुए निगम की पब्लिक डीलिंग बंद

**रेवाड़ी।** कोविड-19 के संक्रमण के मामलों को देखते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने अपने कार्यालयों में पब्लिक डीलिंग को फिलहाल बंद कर दिया है। कोरोना काल के दौरान आवश्यक सेवाओं के लिए भी उपभोक्ताओं को कार्यालय आने की जरूरत नहीं है। अब उपभोक्ता विभाग से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए ऑनलाइन अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ऑनलाइन माध्यम से आने वाली शिकायतों का समाधान करके उपभोक्ताओं को भी इसकी जानकारी दी जाएगी। उपभोक्ता अपनी शिकायत टोल फ्री नंबर 1912 अथवा ई-मेल 1912@dhbvn.àæræ÷g.in के माध्यम से कर सकता है। यह जानकारी देते हुए अधीक्षक अभियंता पीके चौहान ने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए निगम ने यह फैसला लिया है। श्री चौहान ने उपभोक्ताओं का आह्वान किया है कि वह अपनी बिजली से संबंधित शिकायत को टोल फ्री नंबर 1912 अथवा ई-मेल 1912@dhbvn.àæræ÷g.in के माध्यम से निगम को भेज सकते हैं। इन माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का भी समाधान किया जा रहा है और इनकी मॉनीटरिंग भी की जा रही है। निगम की तरफ से ऑनलाइन बिलिंग की सुविधा पहले ही प्रारंभ की हुई है।

## रेडक्रॉस भवन में दान करें ओक्सीमीटर, थर्मामीटर, पैरासीटामोल

रेवाड़ी। जिला रेडक्रॉस सचिव वाजिद अली ने लोगों से अपील की है कि कोई व्यक्ति ओक्सीमीटर, थर्मामीटर, पैरासीटामोल दान करना चाहता है तो वह गढ़ी बोलनी रोड़ स्थित जिला रेडक्रॉस सोसायटी में जमा करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि ओक्सीमीटर, थर्मामीटर पुराने भी हैं तो भी दान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों को इन उपरोक्त चीजों को दिया जाएगा। यदि कोई सीएसआर से भी ओक्सीमीटर, थर्मामीटर करना चाहता है तो वह कर सकता है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में जिसकी भी मदद की जा सकती वह करनी चाहिए। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी में कार्य कर रहे वालंटियरों की सराहना करते हुए कहा कि ये नि:स्वार्थ भाव से ऑक्सीजन सिलेंडर घर-घर पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

# शिक्षा बोर्ड परिसर में लगाया तीन दिवसीय वैक्सीन कैम्प

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा कोविड-19 महामारी से बचाव हेतु बोर्ड कार्यालय में कार्यारत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को वैक्सीनेशन हेतु 13 मई से 15 मई तक बोर्ड परिसर में एक कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

आज प्रथम दिन स्वास्थ्य विभाग भिवानी की टीम द्वारा कोविड-19 की रोकथाम के लिए को-वैक्सीन के टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया गया तथा रैपिड एंटीजन टेस्ट भी किए। इस अवसर पर बोर्ड अध्यक्ष डाक्टर (प्रो.) जगबीर सिंह एवं सचिव राजीव प्रसाद भी उपस्थित रहे। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि आज प्राथमिकता के आधार पर बोर्ड कार्यालय में 45 वर्ष से अधिक आयु के 325 अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके आश्रितों द्वारा कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए टीका लगाया गया। इसके साथ ही 100 अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा रैपिड एंटीजन टेस्ट भी करवाया गया। उन्होंने बताया कि कारोना की जांच के लिए रैपिड एंटीजन टेस्ट भी किया जा रहा है। इस टेस्ट की प्रक्रिया बहुत जल्द पूरी हो जाती है और रिजल्ट भी तुरन्त प्राप्त हो जाता है।

## भिवानी जिले में 1.67 लाख को वैक्सीन लगी

**भिवानी।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में कोविड़-19 को लेकर वैक्सीन लगाने की प्रक्रिया जारी हैं। वैक्सीन प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर लगाई जा रही हैं। जिला में एक लाख 67 हजार 31 व्यक्तियों को वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी हैं। यह जानकारी देते हुए जिलाधीश राहुल नरवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न चरणों के माध्यम से जिला के प्रत्येक व्यक्ति को वैक्सीन लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस समय 18-45 वर्ष तक की आयु के नागरिकों को वैक्सीन की खुराक दी जा रही हैं। वैक्सीन लगवाने के लिए पंजीकरण करवाना आरोग्य सेतू एप व कोविन एप पर पंजीकरण एवं टीकाकरण के लिए समय निर्धारित किया जा सकता हैं।

# भाजपा किसान मोर्चा ने अनाज मण्डी में मास्क व सेनेटाइजर वितरित किए

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**भाजपा** किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुखविंद्र मांढी व भाजपा जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ ने अनाज मंडी में किसानों, आढ़तियों, दुकानदारों व मजदूरों को कोरोना महामारी से बचाने के लिए मास्क व सेनेटाइजर वितरित किए।



पूर्व विधायक सुखविंद्र मांढी ने कहा कि कोविड-19 का दूसरा दौर चला हुआ है, जो बड़ा खतरनाक है। इस महामारी से बचाने के लिए हमें स्वास्थ्य विभाग व प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई हिदायतों का पालन करना चाहिए। हमें अपने मुंह पर फेसमास्क लगाना चाहिए, अपने हाथों को समय-समय पर सेनेटाईज या साबुन से साफ करते रहना चाहिए, एक दूसरे से दूरी बनाए रखनी चाहिए, किसी प्रकार की कोई परेशानी होती है तो हमें तुरंत चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। कोविड की वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस महामार से केवल सावधानियों से ही बचा जा सकता है।

# कालाबाजारी नहीं, सहायता करने का है समय : राजेश सिडाना

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

विश्वभर मे फैली कोरोना महामारी के दोरान देश सेवा में जुटे लोग ही सच्चे देश भक्त हैं, जिन्हें दिन में जितनी बार सैल्यूट करो वह कम है।

यह बात कहते हुए शाहबाद विकास मंच के अध्यक्ष राजेश सिडाना ने कहा कि चाहे मेडिकल, पैरामेडिकल स्टाफ हो, सफाई कर्मचारी, पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, फायर कर्मी, सेना के जवान, तमाम सरकारी कर्मचारी, देश व प्रदेश की तमाम सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सदस्यगण हों, सभी इस समय कोरोना महामारी में किसी न किसी रूप में सेवा कर देश व प्रदेश की जनता की सुरक्षा कर रहे हैं और कोरोना को हराने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं।



राजेश सिडाना

उन्होंने कहा कि इन सब के बीच कुछ लोग ऐसे भी है, जो दवाईयों, आक्सीजन, जीवन रक्षक टीकों व खाद्धय पदार्थों की कालाबाजारी कर रहे हैं। यही लोग देश व समाज के दुश्मन है।

सिडाना ने मांग की कि दवाई, ऑक्सीजन, टीकों की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ हत्या प्रयास का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग इस दुख की घड़ी में कालाबाजारी करते हैं, वे देश व समाज के दुश्मन है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति कालाबाजारी करने की हिम्मत ही न कर सके। उन्होंने कहा कि आज हम सब को एकजुट होकर कोरोना महामारी से लड़ के जीतना है।

# एमआरपी और कांटा सही न होने पर काटे चालान

**रेवाड़ी।** खाद्य एवं आपूर्ति व मापतोल विभाग की टीम ने गुरुवार को करनावास व बिठवाना में तीन दुकानों के सेक्शन 24-33 के तहत चालान किए।

मापतोल अधिकारी पीके सांगवान ने बताया कि करनावास गांव में दो दुकानदारों के चालान किए जिनमें एक का कांटा सही न होने पर सेक्शन 24-33 के तहत चालान किया गया, वहीं दूसरे दुकानदार का आटे के बैग पर एमआरपी और वजन न होने पर पीसीआर के तहत चालान किया गया। इसके अलावा गांव बिठवाना में भी एक दुकानदार का कांटा सही नहीं था उसका भी चालान किया गया। गौरतलब है कि उपायुक्त यशेन्द्र सिंह द्वारा कोविड महामारी के दौरान फल सब्जियों, किरयाना, दवाइयों व एम्बुलेंस के रेट निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित रेट से अधिक वसूलने वाले दुकानदारों पर गठित टीमों को निरीक्षण के आदेश दिए हुए हैं, जिसके तहत यह कार्रवाई की जा रही है। डीसी यशेन्द्र सिंह ने निरीक्षण टीम को निर्देश दिए हैं कि जिला प्रशासन द्वारा दवाइयों व खाद्य पदार्थों के रेट निर्धारित किए गए हैं। दुकानदारों द्वारा निर्धारित रेट से अधिक वसूलने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला नगर आयुक्त दिनेश यादव द्वारा गठित टीमें रोजाना मार्केट में औचक निरीक्षण जारी रखें। उन्होंने अपील की है कि कोई दुकानदार निर्धारित रेट से अधिक वसूलता है तो उसकी शिकायत दूरभाष 1950 पर अवश्य करें।

## ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा सैनिटाइजेशन : डीसी

**रेवाड़ी।** कोरोना संक्रमण के प्रकोप को समाप्त करने के लिए पंचायत विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में सेनिटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। जानकारी देते हुए डीसी यशेन्द्र सिंह ने बताया कि रेवाड़ी जिला के 190 गांवों में सेनिटाईजेशन का कार्य हो चुका है, जिनमें बावल खंड के 31, डहीना के 37, धारूहेड़ा के 22, जाटूसाना के 14, खोल के 41, नाहड़ के 36, रेवाड़ी के 9 गांव शामिल हैं। डीडीपीओ एचपी बंसल ने बताया कि रेवाड़ी जिले में 358 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें सेनिटाईजेशन का कार्य उपायुक्त यशेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। डीसी को इस संदर्भ में रोजाना रिपोर्ट भी भिजवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला के शेष बचे गांवों को भी एक सप्ताह में कवर कर लिया जाएगा।

## प्रेरणा



पायनियर हरियाणा हमेशा सच के साथ

**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

अंधेरों की वकालत मत कीजिए,
शैतान की इबादत मत कीजिए,
ईमानदारी से कमाई कौडिया अच्छी हैं,
हराम की अशर्फियों की चाहत मत कीजिए।

# कालाबाजारी रोकने के लिए टीमें प्रतिदिन करें दुकानों का निरीक्षण : डीसी

निर्धारित रेट से अधिक वसूलने पर तुरंत करें कार्रवाई : यशेन्द्र सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

**डीसी** यशेन्द्र सिंह ने ड्यूटी मजिस्टेट को निर्देश दिए हैं कि कालाबाजारी रोकने के लिए प्रतिदिन टीम द्वारा निरीक्षण अभियान चलाया जाए ताकि कोई भी निर्धारित किए गए मूल्यों से अधिक रेट न वसूल सके।

डीसी यशेन्द्र सिंह वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में कोविड मैनेजमेंट की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि खाद्य सामग्री के लिए डीएफएससी की टीम, दवाइयों के लिए एसडीसीओ की टीम तथा फल-सब्जियों के लिए डीएमसी द्वारा गठित की गई टीमें लगातार प्रतिदिन निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि कोई निर्धारित मूल्य से अधिक वसूलता है तो उस पर जुर्माना किया जाए तथा आवश्कता पडने् पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि यह समय लोगों को राहत देने का है, इसलिए टीमें अपनी निगरानी बराबर रखें तथा असलियत का पता लगाने



के लिए सरकारी गाड़ियों की बजाए अन्य तरीकों के माध्यम से निरीक्षण करें और कालाबाजारी पर रोक लगाएं। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी अपने साथ अन्य कर्मचारी या ग्राहक को दुकानों पर भेजकर सामान खरीदें, जिससे असलियत का पता चल जाएगा।

उन्होंने कहा कि निर्धारित समय के उपरांत कोई भी दुकान खुली हुई पाई जाती है तो उस पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित समय के उपरांत दुकानें खुलती हैं तो कोई भी इसकी सूचना जिला प्रशासन को 1950 पर कॉल करके दे सकता है। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे सोशल डिस्टेंसिंग बनाने के लिए दुकानों के सामने सर्कल बनाएं तथा दुकान पर एक-एक व्यक्ति को ही आने दें। दुकानों पर भीड़ भाड़ न करें।

जिला राजस्व अधिकारी व डीडीपीओ को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि गांवों में ठीकरी पहरा सही ढंग से लगे, इसके लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीडीपीओ, पंचायत अधिकारियों से निरीक्षण करवाएं। बैठक में एसपी अभिषेक जोरवाल, जिला नगरायुक्त दिनेश यादव, एसडीएम रेवाड़ी रविन्द्र यादव, एसडीएम बावल संजीव कुमार, एसडीएम कोसली होशियार सिंह, सीटीएम रोहित कुमार, डीआरओ राजेश ख्यालिया, डीडीपीओ एचपी बंसल, डीएफएससी अशोक रावत, सीएमओ डा. कृष्ण कुमार, पीएमओ डा. सुशील माही, डिप्टी सीएमओ डा. विजय प्रकाश, डा. दीपक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लॉकडाउन में शराब बेचने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

## विधानसभा स्पीकर ने ली अधिकारियों की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने पंचकूला जिला प्रशासन को लॉकडाउन के दौरान शराब बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। स्पीकर ने पंचकूला जिले में कोरोना महामारी को काबू करने के लिए स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपये की राशि उपलब्ध करवाई है।

इस अनुदान से स्वास्थ्य विभाग को कोविड स्पेसिफिक ढांचा विकसित करने और आवश्यक उपकरण खरीदने में मदद मिलेगी।

### निजी अस्पताल नहीं बना सकेंगे ज्यादा बिल, कमेटी करेगी निगरानी

गुप्ता ने विधानसभा सचिवालय में पंचकूला जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति का जायजा लिया और कोरोना पीड़ितों की मदद के लिए दिशा-निर्देश दिए। लॉकडाउन के बावजूद शराब की बिक्री करने वाले ठेकों को सील करने के निर्देश भी दिए गए।



ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि उन्हें शिकायतें मिल रही हैं कि लॉकडाउन के बावजूद कुछ ठेकों पर शराब की बिक्री हो रही है। उन्होंने पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को सख्ती बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि ठेकों के भीतर जितने भी सेल्समैन मौजूद हैं उन्हें बाहर निकाल कर ठेकों को तत्काल प्रभाव से सील किया जाए।

विधान सभा अध्यक्ष ने आवश्यक वस्तुओं को निर्धारित दामों से अधिक पर बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने उदाहरण दिया कि नारियल की मांग बढने् के कारण अनाप-शनाप दाम वसूले जा रहे हैं। ऐसा करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। स्पीकर ने निजी अस्पतालों में भर्ती सरकारी कर्मचारियों के मनमाने बिल बनाने का मामला भी अधिकारियों के संज्ञान में लाया। ऐसी कारगुजारियों को रोकने के लिए गठित कमेटी को कार्रवाई तेज करनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निजी अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता और उनके द्वारा काटे जा रहे बिलों आदि की रैंडम चेकिंग की जाए।

इस दौरान अस्पतालों में भर्ती मरीजों से मिलने आ रहे परिचितों को रोकने के लिए भी हिदायत दी गई। बैठक में जिला उपायुक्त मुकेश कुमार आहूजा, पुलिस आयुक्त सौरभ सिंह, पुलिस उपायुक्त मोहित हांडा, एसीपी विजय कुमार नेहरा, डीईटीसी प्रदीप यादव समेत अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जन सेवा के माध्यम से सुरजेवाला निभा रहे हैं मानवता का फर्ज



**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं जिला कैथल के आब्जर्वर एडवोकेट मधु सूदन बवेजा ने कहा कि आज देश और प्रदेश में कोरोना की महामारी भयंकर रूप से तांडव मचा रही है और महामारी के समय में सरकार के सभी विधायक, सांसद, मंत्री व पदाधिकारी घरों में दुबके हुए हैं लेकिन जिन लोगों ने वोट देकर सरकार बनाई उन्हीं लोगों की इस महामारी में सेवा करने की बजाय अपने घरों में खुद को इस तरीके से छुपाए हुए हैं मानो उनका इस बीमारी में जनसेवा का कोई फर्ज ही नहीं बनता हो जबकि नैतिकता के चलते भी उनको पब्लिक के बीच होना चाहिए था। बवेजा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला मानवता का फर्ज निभाते हुए जनसेवा के उद्देश्य से जनता के बीच हैं। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। रणदीप सिंह सुरजेवाला पूरे कैथल जिले में सभी सरकारी अस्पतालों, प्राइवेट अस्पतालों, पुलिस स्टेशनों, चौकी आदि में पहुंचकर पीपीटी किट, हैंड सैनिटाइजर, सोडियम हाइफोक्लोराइड की दवाइयां बांट रहे हैं।

### क्रिकेटर सुमित नरवाल ने जिला प्रशासन को दिए चार कंसंट्रेटर



**करनाल।** कोरोना महामारी के समय उत्पन्न हुए ऑक्सीजन संकट को कम करने के लिए जहां देशभर के सेलिब्रिटी आगे आ रहे हैं, वहीं करनाल के क्रिकेटर सुमित नरवाल ने भी जिला प्रशासन की ओर मदद का हाथ बढ़ाया है। सुमित नरवाल ने लघु सचिवालय पहुंचकर एसडीएम इंद्री सुमित सिहाग और नगराधीश अभय सिंह जांगड़ा को कोरोना मरीजों की मदद के लिए चार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर दिए। उन्होंने कहा कि यह बेहद मुश्किल भरा दौर है, जिसमें हर साधन सम्पन्न व्यक्ति को देश की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन को आश्वस्त किया कि उनकी ओर से यह मदद आगे भी जारी रहेगी और जल्द ही 7 से 8 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराए जाएंगे। बता दें कि सुमित नरवाल करनाल के गांव चिड़ाव के रहने वाले हैं और वर्ष 2010 से वर्ष 2015-16 तक आईपीएल खेल चुके हैं। वे आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स और कोलकता नाइट राइडर्स टीम का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में बतौर ऑल राउंडर शानदान प्रदर्शन किया है। मौजूदा समय में वे करनाल में क्रिकेट अकादमी चला रहे हैं ।

# हरियाणा के सभी गांवों में होगी सेनिटाइजेशन : मनोहर लाल

### दस दिन के भीतर प्रत्येक गांव की स्क्रीनिंग पूरी करने के दिए निर्देश

### सीएम ने सभी जिला उपायुक्तों की ली बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के प्रत्येक गांव में सेनिटाइजेशन कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री गुरुवार को यहां गांवों में घर-घर स्क्रीनिंग एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच कराए जाने की योजना की समीक्षा करने के लिए उपायुक्तों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चैटाला भी उपस्थित रहे और गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज वीसी के माध्यम से जुड़े।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 10 दिन के अंदर हर गांव के प्रत्येक व्यक्ति की स्क्रीनिंग एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच करा ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुए गांवों के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है ताकि इस पर जल्द से जल्द नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने कहा कि होम आइसोलेशन में रह रहे कोविड मरीजों को ऑक्सीजन सिलेंडर रीफिलिंग की होम डिलिवरी समय से कराने की व्यवस्था करें। जिस मरीज ने निर्धारित पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया है, उसे जल्द से जल्द सिलेंडर मिलना चाहिए। इसके लिए जरूरत हो तो पीसीआर की सुविधा भी ली जाए। उन्होंने कहा कि जिन होम आइसोलेशन मरीजों के पास ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं हैं, ऐसे रोगियों के लिए संबधित उपायुक्त अपने स्तर पर सिलेंडर की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग से 20-20 गाड़ियां हर जिले में दी जा चुकी हैं और रोडवेज की 5-5 मिनी बसें एम्बुलेंस में बदलकर दे दी गई है। इसलिए किसी भी मरीज को कोई भी परेशानी ट्रासंपोर्ट संबंधी नहीं आनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में कोविड नियंत्रण के लिए आइसोलेशन सेंटर एवं अन्य व्यवस्थाएं करने के लिए फंड जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन दिन से लगातार कोविड रोगियों की संख्या में कमी आ रही है। इसके बावजूद हमें और सतर्कता से कार्य करने की आवश्यकता है।

## कोरोना महामारी से जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** असन्ध

पूरे देश में करोना महामारी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और पूरे देश में लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लॉकडाउन के दौरान जीवन अस्त-व्यस्त नजर आ रहा है।

शहर में भी इसका असर देखने को मिला। बाजारों में अक्सर देखने वाली भीड़ गायब है और लोग जरूरी कामों के लिए ही घर से बाहर निकल रहे हैं। वहीं कोरोना महामारी के कारण राज्य सरकार द्वारा लॉकडाउन में शहर की स्थिति जाननी चाही तो पता लगा आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खुली है, गैस एजेंसी, मेडिकल आदि की सेवायें जारी हैं। कहीं लोग अपनी दुकानों के बाहर बैठे नजर आए। सब्जियां और सब्जी-फल फ्रूट की रेहड़ी वाले अपने फल बेचते नजर आए। कुछ दुकानदार रिस्क लेकर शटर खोलकर अंदर सामान बेच रहे थे। एक फ्रूट विक्रेता अजय, सब्जी विक्रेता नरेश ने कहा कि उनकी सरकार से अपील है कि लॉकडाउन का समय निश्चित हो होना चाहिए।



**इ्यूटी मजिस्ट्रेट डॉ राधेश्याम गुप्ता व अन्य दुकान को सील करते हुए।**

उन्होंने कहा कि 2 बजे तक या किसी अन्य समय पर लोगों को छूट मिलनी चाहिए। उसके बाद पूर्ण लॉकडाउन कर देना चाहिए। ऐसे में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और लोग अपनी दिनचर्या की रोटी के लिए भी तंग हो रहे हैं। इस बारे में बातचीत करते हुए करोना आपातकालीन ड्यूटी मजिस्ट्रेट व खंड कृषि अधिकारी डॉ. राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि सुबह और शाम में पुलिस बल के साथ शहर की अलग-अलग स्थानों की चेकिंग की जा रही है। जो दोषी होगा कार्रवाईकी जागएी।

## एसएफआई ने दवा की कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग उठाई

**पायनियर समाचार सेवा।** थानेसर

**स्टूडेंट्स** फेडरेशन ऑफ इंडिया जिला कमेटी कुरुक्षेत्र ने कोरोना महामारी के चलते आ रही विभिन्न समस्याओं को अवगत करवाने के लिए हरियाणा सरकार को ऑनलाइन प्रदर्शन प्रणाली का उपयोग करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का मांगपत्र ई मेल के माध्यम से सैंकड़ो की संख्या में भेजा गया व अपने घरों के बाहर पोस्टर प्रदर्शनी कर प्रदर्शन किया।

जिला संयोजक गगन व राज्य अध्यक्ष विनोद ने बताया कि कोरोना महामारी की दूसरी लहर में भी केंद्र की मोदी सरकार व राज्य की खटर सरकार दोनों विफल रही है। एसएफआई ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि सभी जरूरतमंद मरीजों के लिए ऑक्सीजन व जरूरी दवाइयों और रीमेडेसिवर इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित हो तथा इनकी कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। होम आइसोलेशन के मरीजों के लिए भी ऑक्सीजन उपलब्ध करवाई जाए। सिविल हस्पताल में आक्सीजन प्लांट तुरंत शुरू किया जाए। सभी गंभीर मरीजों के लिए वेंटिलेटर उपलब्ध हो, सिविल अस्पताल के सभी वेंटीलेटर शुरू किए जाएं।

## कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमित 351 मरीज हुए ठीक : संतलाल

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. संत लाल वर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र से 351 मरीजों को ठीक होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इसके साथ-साथ कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमित 211 नए केस सामने आए है। इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र में कोरोना वायरस से संक्रमित अब तक 16900 मरीज ठीक होकर घर लौट गए है। अहम पहलू यह है कि अभी तक लिए गए 319879 में से 297530 सैम्पलों की रिपोर्ट नेगटिव आ चुकी है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में अलग-अलग जगहों से कोरोना वायरस से संक्रमित 211 नए केस सामने आए हैं।

## महाराजा अग्रसेन ऑक्सीजन कंसंट्रेटर बैंक शुरू

**रणबीर रोहिल्ला।** सोनीपत

**कोविड**-19 से संक्रमित मरीजों के लिए गुरुवार को भाजपा नेता राजीव जैन ने महाराजा अग्रसेन ऑक्सीजन कंसंट्रेटर बैंक का शुभारंभ किया। यह ऑक्सीजन बैंक उनके सेक्टर 15 स्थित मकान नंबर 94 में शुरू किया गया है।

राजीव जैन ने कहा कि कोरोना आपदा के दौरान शहर के समाजसेवी संगठन व आम लोग जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना से पीड़ित हुए तुरंत ऑक्सीजन की आवश्यकता वाले मरीजों के लिए शहर में महाराजा अग्रसेन ऑक्सीजन कंसंट्रेटर बैंक शुरू



किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति की ऑक्सीजन स्तर 95 से नीचे आती है और ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं मिल पाता तो उसे तत्काल इस ऑक्सीजन कंसंट्रेटर बैंक से ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध करवा दिया जाएगा। ऑक्सीजन सिलेंडर मिलने के उपरांत अथवा ऑक्सीजन बेड मिलने के उपरांत संबंधित व्यक्ति को यह ऑक्सीजन कंसंट्रेटर वापस जमा करवाना होगा। जैन ने कहा कि इस ऑक्सीजन कंसंट्रेटर बैंक मैं फिलहाल 20 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि यह शहर के समाजसेवियों के सहयोग से एक साझा प्रयास है और अगर भविष्य में आवश्यकता पड़ती है तो यह और अधिक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध करा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी समय आवश्यकता होने पर आधार कार्ड, डॉक्टर की पर्ची, व किसी एक व्यक्ति का रेफरेंस लेकर आना होगा। उन्होंने कहा कि यह अक्सीजन कंसंट्रेटर उनके मकान नंबर 94 सेक्टर 15 किसी भी समय प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने इसके लिए शहर के सभी सामाजिक संगठनों का धन्यवाद भी किया।

## राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने ली कोविड-19 विषय पर समीक्षा बैठक

**पीएल वर्मा।** कैथल

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि कोरोना संकट काल में सभी अधिकारी इसी तरह मुस्तैदी से कार्य करते हुए कोरोना संक्रमितों को और अधिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देते रहें। जिला में 10 वेंटिलेटर और आए हैं। इसके साथ-साथ ऑक्सीजन का कोटा भी सरकार द्वारा बढ़ाया गया है। इस समय आम जन मानस अपना पूरा सहयोग दें ताकि सभी के सांझे प्रयासों से कोरोना महामारी को हराया जा सके।

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा लोक निर्माण विश्राम गृह में कोविड-19 विषय पर जिला के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रही थी। इस अवसर पर सांसद नायब सैनी, विधायक लीला राम, जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर भी मौजूद रहे। बैठक में उपायुक्त सुजान सिंह ने जिला की कोरोना से संबंधित फीड बैक राज्यमंत्री को दी। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि अस्पतालों में सभी सुविधाओं में और अधिक इजाफा किया जाए ताकि संक्रमित व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवाएं देकर ठीक किया जा सके। सरकार द्वारा 24 घंटे पूरे प्रदेश की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और प्रत्येक जिला में उच्चाधिकारियों की ड्यूटियां भी लगाई गई हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सभी विभागों से निरंतर रिपोर्ट ले रहे हैं और प्रत्येक वीरवार को विडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में सभी को मिलकर काम करना है। ग्रामीण अंचल में रहने वाले लोग इस महामारी को हलके में न लें। बल्कि सभी हिदायतों का पालन करते हुए अपने-आप को सुरक्षित रखें। अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण करवाएं। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि जिला के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिगत किसी भी चीज की जरूरत होती है तो तुरंत उनके संज्ञान में लाएं ताकि इस विषय पर समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

### टीम वर्क से कार्य करते हुए करें मानवता की सेवा : सांसद नायब सैनी


सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह समय बहुत कठिन है फिर भी हम सभी को रास्ता निकालना है और टीम वर्क से कार्य करते हुए मानवता की सेवा करनी है। जिला में स्वास्थ्य सेवाओं के चलते सभी इंतजाम पूरे हैं। जो व्यक्ति अस्पताल में दाखिल है उनका विशेष ध्यान रखा जाए और प्रोटीनयुक्त भोजन तय प्रोटोकॉल के अनुसार दें ताकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और जल्द स्वस्थ होकर अपने घर जा सके। सभी नम्बरदार अपने-अपने क्षेत्रों में आम जन को जागरूक करें। यह समय हम सबके लिए मानव धर्म निभाने का है। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखें और उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाएं। जो व्यक्ति कोरोना को मात देकर ठीक हो रहे हैं, उनसे निरंतर सम्पर्क रखें। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसे व्यक्ति जो कोरोना से ठीक हुए हैं, वे सभी प्लाज्मा दान करें ताकि जरूरत पड़ने पर काम आ सकें।

# एक योग शिक्षक को सबसे पहले अच्छा योग साधक होना चाहिए : देसराज

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**भारतीय** योग संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री देसराज ने कहा कि एक अच्छे योग शिक्षक को सबसे पहले एक अच्छा योग साधक होना चाहिए। उसे प्रतिदिन एकांत में अपने योग साधना करनी चाहिए जिससे उसकी योग साधना निरंतर बढ़ती जाए।

एक अच्छा योग शिक्षक होने के साथ-साथ उसे एक अच्छा वक्ता भी होना चाहिए। उसे योग की अच्छी जानकारी के साथ साथ शरीर की संरचना, शरीर में होने वाले विभिन्न रोग, उन लोगों को ठीक करने वाले योगाभ्यास के अतिरिक्त अध्यात्म एवं निष्काम कर्म का भी ज्ञान होना



**ऑनलाइन योग शिविर के पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान के अधिकारी एवं शिक्षक गण।**

चाहिए। एक अच्छे साधक को प्रतिदिन संस्थान का योग साहित्य पढ़ना चाहिए। उसे अपने वरिष्ठ अधिकारियों से निरंतर संपर्क करते हुए उनसे सद्ज्ञान प्राप्त करते रहना चाहिए और अपने कनिष्ठ साधकों के साथ प्रेम, सहयोग एवं मित्रता का व्यवहार करना चाहिए। उसे अपने आहार, विहार, विचार, व्यवहार आदि को योग संगत बनाना चाहिए। देशराज वीरवार को हरियाणा और चंडीगढ़ के अधिकारियों एवं योग शिक्षकों के लिए अगले सप्ताह 22 व 23 मई को आयोजित होने वाले ऑनलाइन विशेष योग साधना शिविर के पूर्वाभ्यास के अवसर पर साधकों को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि संस्थान अपने अधिकारियों व शिक्षकों के लिए समय-समय पर विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता रहता है ताकि वे अपनी साधना को बढ़ाकर समाज के लिए और अधिक उपयोगी साबित हो सकें।

## नर्सों और स्टाफ को दी जाए ट्रांसपोर्ट और खाने की सुविधा

**रेवाड़ी।** डीसी यशेन्द्र सिंह ने सिविल सर्जन को निर्देश दिए हैं कि कोविड में कार्य रहीं नर्सों एवं मेडिकल स्टाफ को ट्रांसपोर्ट व खाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। कोरोना संक्रमित का इलाज कर रहे वार्ड में इनकी अहम भूमिका होती है, जो मरीजों तक दवाईयां आदि पहुंचाने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि कोविड से लड़ाई में फ्रंटलाइन में रहकर कार्य करने वाले कर्मचारियों के परिजनों से सीधे संपर्क स्थापित करके उनके लिए जरूरी व्यवस्थाएं भी करवाएं तथा फिल्ड में जाकर उनकी समस्याएं भी जानें। डीसी ने कहा कि कोरोना संक्रमितों के साथ-साथ हमें हेल्थ वर्करों के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखना है ताकि उनका मनोबल बढ़ा रहे।

## सांसद कौशिक ने किया दूसरे ऑक्सीजन प्लांट का शिलांयास

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**सांसद** रमेश कौशिक ने जिला नागरिक अस्पताल सोनीपत में ऑक्सीजन उत्पादन के लिए दूसरे ऑक्सीजन प्लांट का शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि यह 180 सिलेंडर प्रतिदिन की क्षमता वाला ऑक्सीजन प्लांट लगभग 90 लाख रुपये की लागत से जल्द ही तैयार होगा। सांसद कौशिक ने कहा कि यह प्लांट केन्द्र सरकार व राज्य सरकार का संयुक्त प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल में पहले भी एक प्लांट लगा हुआ है जिसकी प्रतिदिन 40 सिलेंडर क्षमता थी। अब यह प्लांट लग जाने से सिविल अस्पताल में 220 ऑक्सीजन सिलेंडर प्रतिदिन की क्षमता हो जाएगी। इससे सिविल अस्पताल में कोरोना मरीजों की ऑक्सीजन की पूर्ति बाधित नहीं होगी। कोराना महामारी में अस्पतालों में मरीजों को ऑक्सीजन की कमी से परेशानी न हो इसके लिए केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रोजेक्ट लगाया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले सिविल अस्पताल द्वारा 180 ऑक्सीजन सिलेंडरों को बाहर से भरवाया जाता था। परंतु अब इस ऑक्सजीन प्लांट के लग जाने से कोविड वार्ड में दाखिल मरीजों के लिए अतिरिक्त ऑक्सीजन सिलेंडरों की उपलब्धत सुनिश्चित होगी।

# कोरोना वैक्सीन लेने को ग्लोबल टेंडर करेगा हरियाणा : विज

### केंद्र को 50 लाख डोज के पैसे दिए, मिली छह लाख

### केंद्र से ऑक्सीजन कोटा बढ़ाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा है कि प्रदेश सरकार का कोरोना मरीजों को बेहतर उपचार देने के साथ-साथ प्रदेश वासियों को जल्द से जल्द वैक्सीन देने पर पूरा फोकस है। इसके लिए वैक्सीन की खरीद के लिए ग्लोबल टेंडर किए जाएंगे।

विज ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा में अब तक करीब 37 लाख लोगों को कोरोना की पहली और आठ लाख लोगों को कोरोना की दूसरी डोज दी जा चुकी है। हरियाणा सरकार द्वारा केंद्र के पास 50 लाख डोज के लिए पैसा जमा कराया चुका है। अभी तक करीब छह लाख डोज ही मिली हैं।

हरियाणा द्वारा लगातार केंद्र से मांग की जा ही है कि प्रदेश में कोविशील्ड भेजी जाएं, ताकि वैक्सीनेशन का दूसरा चरण भी पूरा किया जा सके। विज ने कहा कि हरियाणा में आने वाले दिनों में वैक्सीनेशन मुहिम को और तेज किया जाएगा। जिसके चलते प्रदेश सरकार ने वैक्सीन खरीद के लिए ग्लोबल टेंडर करने का फैसला किया है। विज ने कहा कि इसके तहत समूचे विश्व में जहां भी वैक्सीन उपलब्ध होगी और वह मान्य होगी तो संबंधित कंपनी आवेदन कर सकती है। सरकार अपने मानदंडों के अनुसार जांच के आधार पर विश्व में कहीं से भी वैक्सीन की खरीद करेगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश में ऑक्सीजन की कमी को स्वीकार करते हुए कहा कि हरियाणा को इस समय रोजाना औसतन 240 एमटी आक्सीजन मिल रही है, जबिक वर्तमान हालातों और पॉजिटिव मरीजों को देखते हुए हरियाणा को चार सौ एमटी ऑक्सीजन की जरूरत है।

विज ने बताया कि उन्होंने यह मामला केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष उठाया है। केंद्रीय मंत्री से ऑक्सीजन वितरण का दोबारा रिव्यू करने, हरियाणा का कोटा बढ़ाने और हरियाणा को हरियाणा से ही ऑक्सीजन प्रदान करने की मांग की गई है।

### निजी अस्ताल वसूल रहे ज्यादा रेट, होगी कार्रवाई : विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान निर्धारित रेट से ज्यादा राशि वसूल करने वाले किसी भी निजी अस्पताल को बख्शा नहीं जाएगा। इसके अलावा, अस्पताल में दवाई उपलब्ध होने के बावजूद बाहर से दवाई लाने के लिए पर्ची लिखने वाले सरकारी डाक्टरों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज गुरुवार को 'गांव-गांव स्क्रीनिंग एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच' के लिए आयोजित अधिकारियों बैठक को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी में कुछ मामले आए हैं जहां पर निजी अस्पतालों द्वारा निर्धारित रेट से अधिक पैसे वसूल किए जा रहे हैं जो कि ठीक नहीं है। इस महामारी के दौर में जहां सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है, वहीं निजी अस्पतालों में अधिक पैसे लिए जाने की शिकायतें अच्छी बात नहीं। विज ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में सभी दवाइयां उपलब्ध हैं, लेकिन कुछ स्थानों पर चिकित्सक बाहर से दवाइयां मंगवा रहे हैं। ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कालका के विधायक की तुरंत हो बहाली

### नेता प्रतिपक्ष हुड्डा ने विधानसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष से कालका विधायक प्रदीप चौधरी की सदस्यता बहाल करने की मांग उठाते हुए विधानसभा अध्यक्ष के नाम एक पत्र भी लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा 19 अप्रैल को निचली अदालत के उस फैसले पर रोक लगाई जा चुकी है, जिसके आधार पर प्रदीप चौधरी की सदस्यता खत्म की गई है।

26 अप्रैल को खुद प्रदीप चौधरी विधानसभा अध्यक्ष को मिलने पहुंचे थे और उन्होंने कोर्ट के आदेश की कॉपी दी थी। लेकिन इतने दिन के बाद भी उनकी सदस्यता बहाल नहीं की गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रदीप चौधरी की सदस्यता बहाली में विधानसभा अध्यक्ष को देरी नहीं करनी चाहिए।

कोरोना महामारी के दौर में किसी हलके को जनप्रतिनिधि विहीन रखना उचित नहीं है। सदस्यता बहाली में हो रही देरी कालका की जनता और एक जनप्रतिनिधि के अधिकारों के प्रति उदासीनता है। इसलिए विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह है कि वो जल्द ही इसका संज्ञान लें और कालका विधायक की सदस्यता बहाल करें।

## जिले के 35 हॉटस्पॉट गांवों में बनेंगे आइसोलेशन सैंटर : डीसी

**रेवाड़ी।** ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए 35 आइसोलेशन सैंटर स्थापित किए जाएंगे ताकि कोरोना संक्रमित मरीजों को इनमें रखा जा सके। इन आइसोलेशन सैंटरों का नोडल अधिकारी डीडीपीओ एचपी बंसल को नियुक्त किया गया है। डीसी यशेन्द्र सिंह ने आज जिला सचिवालय में पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी जिला के 35 गांव जो हॉटस्पॉट गांवों में आते हैं, में सबसे पहले आइसोलेशन सैंटर स्थापित किए जाएंगे, जिनमें जुड्डी, निमोठ, नाहड़, कंवाली, सीहा, डहीना, औलांत आदि शामिल हैं।

# 'न्यायालय की सुनवाई के सीधे प्रसारण पर गंभीरता से विचार कर रहा हूं'

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधान** न्यायाधीश एनवी रमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय में होने वाली सुनवाई का सीधा प्रसारण करने संबंधी प्रस्ताव पर वह गंभीरता/सक्रियता से विचार कर रहे हैं। न्यायमूर्ति रमण ने हालांकि कहा कि इस संबंध में कोई भी ठोस कदम उठाने से पहले वह शीर्ष अदालत में अपने सभी सहकर्मियों से इस पर विचार करना चाहेंगे।

न्यायालय की सुनवाई में मीडियाकर्मियों को वर्चुअल तरीके से शामिल होने की अनुमति देने संबंधी एप्लीकेशन (ऐप) के लांच पर न्यायमूर्ति रमण ने उक्त बात कही। बतौर पत्रकार अपने दिनों को याद करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि रिपोर्टिंग में मीडिया को कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और उन्हें पता चला है कि अदालती सुनवाई पर खबरें लिखने के लिए पत्रकारों को वकीलों पर निर्भर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर ऐसी प्रक्रिया विकसित करने का अनुरोध किया गया था, जिसकी मदद से मीडिया कर्मी सुनवाई में शामिल हो सकें। न्यायमूर्ति ने कहा, मैं कुछ वक्त के लिए पत्रकार था। उस वक्त हमारे पास कार या बाइक नहीं थी। हम बस में यात्रा करते थे क्योंकि हमसे कहा गया था कि आयोजकों से परिवहन सुविधा नहीं लेनी है। मीडिया से संसाधन (ऐप) का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने और कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने का अनुरोध करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि तकनीक, विशेष रूप से नई विकसित तकनीक संवेदनशील है और उपयोग के शुरुआती दिनों में कुछ दिक्कतें भी आ सकती हैं।

### तकनीकी टीम का साथ देने का किया अनुरोध

न्यायमूर्ति रमण ने कहा, छोटी-छोटी दिक्कतें आएंगी और उन्हें बेकार में बहुत बढ़ाया-चढ़ाया नहीं जाना चाहिए। मैं सभी से धीरज रखने और तकनीकी टीम का साथ देने का अनुरोध करता हूं ताकि एप्लीकेशन बिना किसी दिक्कत के सही तरीके से काम कर सके। मैं आशा करता हूं कि सभी लोग प्रणाली को बेहतर बनने और सही से काम करने का वक्त देंगे। उन्होंने कहा, मैं यह भी बताना चाहूंगा कि आज हम आधिकारिक वेबसाइट पर अतिरिक्त फीचर और उच्चतम न्यायालय का मोबाइल एप भी लांच कर रहे हैं। इंडिकेटिव नोट्स नाम से यह नया फीचर महत्वपूर्ण फैसलों का आसानी से समझ आने योग्य सारांश देगा। न्यायालय के फैसलों के बारे में जानने/समझने के इच्छुक मीडियाकर्मियों और आम जनता के लिए यह महत्वपूर्ण होगा। मीडियाकर्मियों को मान्यता देने के संबंध में न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि उन्होंने नीति को और तर्कसंगत बनाने का निर्देश दिया है और उच्चतम न्यायालय तथा मीडिया के बीच संपर्क का एकल माध्यम स्थापित करने के लिए वह एक वरिष्ठ अधिकारी को नियुक्त करने पर विचार कर रहे हैं।

# टीका, ऑक्सीजन और दवाओं के साथ पीएम भी गायब हैं : राहुल

एजेंसी। नई दिल्ली



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे समय में जब देश कोविड-19 महामारी का सामना कर रहा है, टीके, ऑक्सीजन और दवाओं के साथ वह खुद भी गायब हैं। राहुल ने एक ट्वीट कर कहा, वैक्सीन, ऑक्सीजन और दवाओं के साथ-साथ प्रधानमंत्री भी गायब हैं। बचे हैं तो बस सेंट्रल विस्टा, दवाओं पर जीएसटी और यहां-वहां प्रधानमंत्री की फोटो।

ज्ञात हो कि कोविड-19 के प्रबंधन को लेकर राहुल गांधी प्रधानमंत्री पर लगातार हमले बोल रहे हैं और देश में संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर ऑक्सीजन, दवाओं और टीकों की हो रही कमी के लिए सरकार की आलोचना कर रहे हैं। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने गंगा में बहती लाशों को लेकर सरकार पर हमला बोला। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में गंगा नदी में बालू के अंदर शवों को दफनाने संबंधी एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने ट्वीट किया, नए भारत में क्या वक्त आया है, जब हुकूमत को लाशें भी दिखाई नहीं दे रहीं ...लानत है। बृहस्पतिवार को देश में एक दिन में कोविड-19 के 3,62,727 नए मामले सामने आए। इसके साथ ही संक्रमण के कुल मामले 2,37,03,665 हो गए हैं, जबकि कोरोना वायरस संक्रमण से 4,120 लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या 2,58,317 पर पहुंच गई है।

### प्रियंका ने गंगा में शव मिलने के मामले की न्यायिक जांच की मांग की



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश में गंगा में बहते शव मिलने के मामले में हाईकोर्ट के न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच कराने की बृहस्पतिवार को मांग की और कहा कि जो हो रहा है वह अमानवीय एवं आपराधिक है। उन्होंने ट्वीट किया, उत्तर प्रदेश में जो हो रहा वह अमानवीय एवं आपराधिक है। सरकार छवि बनाने में व्यस्त है जबकि लोग अकल्पनीय पीड़ा से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा, इन घटनाओं की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में तत्काल न्यायिक जांच होनी चाहिए। प्रियंका की ये टिप्पणी बलिया में गंगा तथा उत्तर प्रदेश एवं बिहार कुछ स्थानों पर शवों के बहते मिलने की खबरों के बीच आई हैं। कांग्रेस महासचिव ने अन्य ट्वीट में कहा, बलिया और गाजीपुर में गंगा में शव बहते मिल रहे हैं। उन्नाव में नदी के किनारों पर बड़े पैमाने पर शवों को दफन किए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। प्रतीत होता है कि लखनऊ, गोरखपुर, झांसी और कानपुर जैसे शहरों से आधिकारिक संख्या काफी कम बताई जा रही हैं।

### गंगा नदी में कई शव मिलने पर अखिलेश ने सरकार को घेरा




**लखनऊ।** बलिया और गाजीपुर जिलों में गंगा नदी में कई शव बहते पाए जाने की घटना के बाद समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को मांग की कि सरकार को इसकी जवाबदेही तय करनी होगी। यादव ने ट्वीट किया, गंगा नदी में पाए जाने वाले शव एक आंकड़ा भर नहीं है, ये शव किसी के पिता, माता, भाई, बहन के हैं। यह सरकार की जवाबदेही है जो लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है।

गौरतलब है कि बलिया और गाजीपुर में गंगा नदी में कई शव बहते पाए गए थे। स्थानीय प्रशासन ने शव मिलने की बात स्वीकार की थी, लेकिन कितने शव पाए गए इस बात की जानकारी नहीं दी। हालांकि बलिया के स्थानीय लोगों ने दावा किया था कि यहां पचास से अधिक शव पाए गए थे। एक अन्य ट्वीट में अखिलेश ने कहा, मैं ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडिया ओरिजिन को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने दान में 122 वेंटीलेटर और 95 ऑक्सीजन सांद्रक दिए। यह एक बात और याद दिलाती है कि हम सब एक हैं। ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडिया ओरिजिन को दिल से धन्यवाद।

# क्या इस संघीय ढांचे में कन्नड लोग अनाथ हो गए हैं: कुमारस्वामी

एजेंसी। बेंगलुरू



**जद** (एस) नेता एच डी कुमारस्वामी ने ऑक्सीजन और कोविड-19 रोधी टीकों की आपूर्ति को लेकर बृहस्पतिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कर्नाटक के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया और पूछा कि क्या कन्नड़ लोग इस संघीय ढांचे में अनाथ बन गए हैं। कुमारस्वामी ने कई ट्वीट कर कहा कि केंद्र को अपना अहंकार त्याग देना चाहिए। केंद्र को लगता है कि वही सबसे ताकतवर है, उसे यह मानना छोड़कर इसके बजाय कर्नाटक की वास्तविक जरूरतों को पूरा करने के लिए कदम उठाना चाहिए।

भाजपा नेता सीटी रवि एवं तेजस्वी सूर्या ने पलटवार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री को ट्वीट करने से पहले अपने तथ्यों को ठीक करने की सलाह दी। कुमारस्वामी ने ट्वीट किया, कर्नाटक के लिए 1,200 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति के अदालत के आदेश के बावजूद केंद्र राज्य को सिर्फ 120 मीट्रिक टन ऑक्सीजन दे रहा है। केंद्र ने उत्तर प्रदेश को 1,680 मीट्रिक टन ऑक्सीजन मुहैया कराकर अपना पक्षपातपूर्ण रवैया दिखाया है जहां कर्नाटक की तुलना में कोविड-19 के कम मामले आ रहे हैं। उन्होंने पूछा, क्या कर्नाटक के लोग इस संघीय ढांचे में अनाथ बन गए हैं? उन्होंने कहा कि कर्नाटक को लेकर केंद्र के पक्षपातपूर्ण रवैया का खुलासा सरकार के ही आंकड़ों से हुआ है। उन्होंने कहा, आखिर केंद्र कर्नाटक और कन्नड़ों का इतना तिरस्कार क्यों कर रहा है? क्या यह इस कारण है कि कर्नाटक से भाजपा के सबसे अधिक सांसद चुनकर आए हैं या येदियुरप्पा (कर्नाटक के मुख्यमंत्री) को खलनायक के तौर पर पेश करने का एक प्रयास है। कुमारस्वामी के ट्वीट का जवाब देते हुए रवि और सूर्या दोनों ने कहा कि कर्नाटक को कुल 1,075 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति हो रही है और जिस 120 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की वह बात कर रहे हैं वह राज्य की आपात जरूरत को पूरा करने के लिए ऑक्सीजन एक्सप्रेस से भेजी गई थी।

रवि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं। उन्होंने ट्वीट किया, कर्नाटक को कुल 1015 मीट्रिक टन, 60 मीट्रिक टन यानी 1075 मीट्रिक टन ऑक्सीजन आवंटित किया जा रहा है। जिस 120 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आप बात कर रहे हैं उसे राज्य की आपात जरूरतों को पूरा करने के लिए ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेन से भेजा गया। एक जिम्मेदार पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते आपको ट्वीट करने से पहले तथ्यों पर गौर करने की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### डेनवर में हवा में दो विमानों की भिड़ंत, कोई हताहत नहीं

**डेनवर।** अमेरिका में डेनवर शहर के समीप दो छोटे विमानों के बीच हवा में ही टक्कर हो गई, जिसमें एक विमान को बहुत क्षति पहुंची जबकि दूसरे विमान के पायलट को सुरक्षित नीचे उतरने के लिए पैराशूट का इस्तेमाल करना पड़ा। गनीमत यह रही कि कोई भी घायल नहीं हुआ। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड और दक्षिण मेट्रो दमकल बचाव सेवा के अनुसार, दोनों विमान बुधवार को डेनवर उपनगर में एक छोटे क्षेत्रीय हवाईअड्डे पर उतरने की तैयारी कर रहे थे जब उनकी भिड़ंत हो गई। एरापाहोए काउंटी में शेरिफ के सहायक जॉन बार्टमैन ने कहा, विमान में सवार सभी लोग ठीक हैं। मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा, यह अविश्वसनीय था। फेयरचाइल्ड मेट्रोलाइनर विमान में केवल पायलट ही सवार था और विमान को भारी नुकसान पहुंचने के बावजूद वह सुरक्षित उतर गया।

### एवरेस्ट पर्वत पर एक स्विस, एक अमेरिकी नागरिक की मौत

**काठमांडू।** विश्व के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एवरेस्ट पर इस साल के पहले हताहतों में स्विट्जरलैंड के एक और अमेरिका के एक पर्वतारोही की मौत हो गई। पर्वत यात्रा आयोजकों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नेपाल में सेवन सम्मिट ट्रैक्स के यात्रा आयोजक चांग दावा ने बताया कि स्विस पर्वतारोही, 41 वर्षीय अब्दुल वराइच ने दिक्कत होने से पहले पर्वत की चढ़ाई कर ली थी। उन्होंने बताया, अब्दुल शिखर पर सफलतापूर्वक पहुंच गए थे, लेकिन पर्वत से उतरते वक्त उन्हें दिक्कत होने लगी। हमने ऑक्सीजन और भोजने के साथ दो अतिरिक्त शेरपा भेजे थे लेकिन शेरपा उन्हें बचा नहीं पाए। शेरपा हिमालई लोगों के समूह के सदस्य को कहा जाता है जिन्हें पर्वतारोहण में कुशलता हासिल होती है। अमेरिकी नागरिक, 55 वर्षीय पुवेई लियू की भी साउथ कोल में पर्वत के सबसे ऊंचे शिविर में मौत हो गई। वह साउथ कोल और शिखर के बीच में स्थित हिलेरी स्टेप तक पहुंच गए थे लेकिन बर्फ की वजह से हुए अंधेपन और थकान की वजह से उन्हें लौटना पड़ा था। आयोजकों ने बताया कि सहायता टीम के सदस्यों की मदद से और अतिरिक्त ऑक्सीजन देकर उन्हें साउथ कोल में वापस लाया गया लेकिन बुधवार की शाम उनकी मौत हो गई।

### तमिलनाडु के संयंत्र में ब्वायल फटने से चार की मौत

**कुडलूर।** तमिलनाडु के कुडलूर में रसायन के एक संयंत्र में बृहस्पतिवार को ब्वायलर फटने और उसके बाद अमोनिया गैस का रिसाव होने के कारण एक महिला समेत चार कर्मचारियों की मौत हो गई तथा दस लोग घायल हो गए। राज्य सरकार ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मृतकों के परिजन को तीन-तीन लाख रुपये का मुआवजा तथा घायलों को एक-एक लाख का मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। एक सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया कि ब्वायलर में विस्फोट के बाद अमोनिया गैस का रिसाव हुआ जिसके चलते चार लोगों की मौत हो गई तथा दस लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि संयंत्र में फसलों की सुरक्षा में इस्तेमाल होने वाले रसायनों का उत्पादन किया जाता है। गुरुवार सुबह जब घटना घटी तब सभी कर्मचारी काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विस्फोट के बाद गैस रिसाव होने पर एक महिला और तीन पुरुषों की दम घुटने से मौत हो गई तथा दस लोग घायल हो गए। कुडलूर जिले के पुलिस अधीक्षक अभिनव ने संवाददाताओं को बताया, उन लोगों की मौत दम घुटने के कारण हुई। वे झुलसे नहीं थे। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। श्रम मंत्री सीवी गणेशन ने कहा कि हादसे की जांच करवाई जाएगी। घायलों को कुडलूर के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### गढ़चिरौली में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में बृहस्पतिवार की सुबह सुरक्षाबलों के साथ मठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ सुबह करीब छह बजे धानोरा तालुका के तहत मोरचुल गांव के जंगल में हुई जब गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 कमांडों की टीम और अन्य सुरक्षाकर्मी इलाके की गश्त कर रहे थे। गढ़चिरौली पुलिस अधीक्षक अंकित गोयल ने बताया कि पुलिस को विशिष्ट सूचना मिली थी कि 25 नक्सलियों का समूह मोरचुल में जंगल में एकत्र हुआ है। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम को देखकर, नक्सलियों ने उन पर गोलियां चलानी शरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के बाद, विद्रोही घने जंगल में भाग गए। गोयल ने बताया कि बाद में इलाके की तलाश के दौरान पुलिस को दो नक्सलियों के शव मिले जिसमें एक महिला थी और अन्य नक्सल संबंधित सामग्रियां मिली।

### भारत को 2020 में 83 अरब डॉलर का धनप्रेषण: विश्व

**वाशिंगटन।** विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 महामारी के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था को हुए नुकसान बावजूद भारत को 2020 में विदेश से धनप्रेषण के रूप में 83 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि मिली, जो इससे पिछले वर्ष के मुकाबले सिर्फ 0.2 प्रतिशत कम है। विश्व बैंक द्वारा बुधवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान चीन ने 59.5 अरब डॉलर का धनप्रेषण हासिल किया, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 68.3 अरब डॉलर था। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के लिए धनप्रेषण में 2020 के दौरान महज 0.2 प्रतिशत की कमी हुई और ऐसा संयुक्त अरब अमीरात से होने वाले धनप्रेषण में 17 प्रतिशत की कमी के चलते हुआ। हालांकि, इस दौरान अमेरिका से भारत को पर्याप्त राशि भेजी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि धनप्रेषण के लिहाज से भारत और चीन के बाद मेक्सिको (42.8 अरब डॉलर), फिलीपींस (34.9 अरब डॉलर), मिस्र (29.6 अरब डॉलर), पाकिस्तान (26 अरब डॉलर), फ्रांस (24.4 अरब डॉलर) और बांग्लादेश (21 अरब डॉलर) का स्थान है।

# पंजाब के अस्पताल को खराब वेंटिलेटर भेजने की खबरें निराधार: केंद्र

एजेंसी। नई दिल्ली



**केंद्र** ने गुरुवार को उन खबरों को निराधार करार दिया, जिनमें कहा गया है कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम केयर्स फंड के तहत पंजाब के फरीदकोट स्थित जीजीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को भेजे गए वेंटिलेटर बेकार पड़े हैं क्योंकि इनमें तकनीकी खामियां हैं जिनका समाधान नहीं हो सका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गुरु गोबिंद सिंह (जीजीएस) मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अवसंरचना के अभाव की वजह से ये जीवनरक्षक मशीन खराब हुई हैं।

मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा अस्पताल अवसंरचना को मजबूत करने के क्रम में केंद्र सरकार अप्रैल 2020 से वेंटिलेटर सहित अत्यावश्यक चिकित्सा उपकरण खरीदती रही है और इन्हें राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों/केंद्रीय अस्पतालों/संस्थानों को उपलब्ध कराती रही है। इसने अपने बयान में कहा, मीडिया में कुछ ऐसी खबरें आई हैं कि भारत सरकार ने जीजीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, फरीदकोट, पंजाब को (पीएम केयर्स की मदद से) जो वेंटिलेटर भेजे थे, वे तकनीकी खामियों की वजह से बेकार पड़े हैं, जिनका विनिर्माताओं की बिक्री बाद की तकनीकी मदद प्रणाली ठीक न होने के कारण समाधान नहीं हो सका है। मंत्रालय ने कहा, ये खबरें निराधार प्रतीत होती हैं, जिनमें मामले को लेकर पूरी जानकारी नहीं है। इसने कहा कि मीडिया में आईं इन खबरों कि एग्वा निर्मित 80 वेंटिलेटर में से 71 वेंटिलेटर अस्पताल में बेकार पड़े हैं, स्पष्ट किया जाता है कि 88 वेंटिलेटर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) द्वारा और पांच एग्वा द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।


## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने यमन में संघर्ष विराम का आह्वान किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने यमन में संघर्ष रोकने का आह्वान करते हुए कहा है कि टिकाऊ संघर्ष विराम और राजनीतिक वार्ता से ही अरब जगत के इस सबसे गरीब मुल्क में छह साल से चल रही जंग खत्म हो पाएगी।

अशांति-अस्थिरता का माहौल खत्म करने का आह्वान करते हुए सुरक्षा परिषद ने बुधवार को संकेत दिया कि यमन के तेल से संपन्न मारिब प्रांत में ईरान समर्थित शिया हूती विद्रोही भड़कावे की कार्रवाई कर रहे हैं। हमलों के कारण 2015 से करीब 10 लाख लोगों को दूसरी जगह विस्थापित होना पड़ा है।

# राज्यसभा का देश की प्रगति, संघीय ढांचे में राज्यों के अधिकार बनाए रखने में अहम योगदान : नायडू

एजेंसी। नई दिल्ली



**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश की प्रगति और संघीय ढांचे में राज्यों के अधिकारों को बनाए रखने में संसद के उच्च सदन राज्यसभा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ज्ञात हो कि आज ही के दिन 1952 में राज्यसभा की पहली बैठक हुई थी। उपराष्ट्रपति का यह बयान इसी उपलक्ष्य पर आया है।

उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी एक ट्वीट के मुताबिक, नायडू ने कहा, तभी से यह (राज्यसभा) अपने संघीय व्यवस्था में राज्यों के अधिकारों को बनाए रखते हुए देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है। उन्होंने कहा, राज्यसभा, संसद में हमारी संघीय व्यवस्था को अभिव्यक्ति देती है। राज्यसभा की संवैधानिक भूमिका के निर्वहन में माननीय सदस्यों, पूर्व सदस्यों और सचिवालय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस सुअवसर पर आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। इसी साल राज्यसभा के 253वें सत्र की बैठक संपन्न हुई थी। राज्यसभा की पहली बैठक 13 मई 1952 को भारत के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की अध्यक्षता में हुई थी। पहली राज्यसभा का गठन 3 अप्रैल 1952 को हुआ था।

संविधान के अनुच्छेद 80 में राज्यसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 निर्धारित की गई है, जिनमें से 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा नामनिर्देशित किए जाते हैं ।

# कोविड-19 के 72 प्रतिशत नए मामले 10 राज्यों में से


एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली**, हरियाणा और उत्तर प्रदेश उन 10 राज्यों में शामिल हैं, जहां पिछले 24 घंटे में सामने आए 3,62,727 नए मामलों में से 72.42 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान भी इन 10 राज्यों की सूची में शामिल हैं। महाराष्ट्र से एक दिन में 46,781 नए मामले सामने आए हैं। इसके बाद केरल में 43,529 जबकि कर्नाटक में 39,998 नए मामले दर्ज किए गए।

भारत में 37,10,525 मरीज उपचाराधीन हैं और यह देश में संक्रमण के कुल मामलों का 15.65 प्रतिशत है। एक दिन में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में कुल 6,426 मामलों की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। भारत के कुल उपचाराधीन मामलों में 79.67 प्रतिशत मरीज कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और हरियाणा में हैं। मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय मृत्यु दर फिलहाल 1.09 प्रतिशत है। साथ ही कहा कि पिछले 24 घंटे में 4,120 मौत हुई। मौत के नए मामलों में से 74.30 प्रतिशत मामले 10 राज्यों में हैं। महाराष्ट्र में सर्वाधिक 816 लोगों की मौत हुई जबकि कर्नाटक में 516 मरीजों ने दम तोड़ दिया। देश में पिछले 24 घंटों में 3,52,181 लोगों के स्वस्थ होने के बाद संक्रमण से उबरने वाले लोगों की कुल संख्या ।,97,34,823 हो गई। स्वस्थ होने वाले नए मरीजों में से 72.90 प्रतिशत भी 10 राज्यों में हैं।

# संदिग्ध आतंकी ने कोर्ट से तिहाड़ में डॉक्टर के तौर पर काम करने की अनुमति मांगी

एजेंसी। नई दिल्ली



**अलकायदा** का कथित तौर पर सदस्य रहे और तिहाड़ जेल में बंद एक डॉक्टर ने दिल्ली की अदालत का रुख कर कोविड-19 मरीजों के इलाज में जेल प्रशासन का सहयोग करने की अनुमति मांगी है। विशेष न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा के समक्ष बुधवार को दाखिल याचिका में आरोपी सबील अहमद ने कहा है कि चिकित्सा पेशेवर के तौर पर उसके अनुभवों और विशेषज्ञता का लाभ केंद्रीय जेल में कैदियों के उपचार और कोविड-19 के मामलों से निपटने में लिया जा सकता है।

आतंकी संगठन अलकायदा इन द इंडियन सब कॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) के सदस्य रह चुके अहमद को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 22 फरवरी को गिरफ्तार किया था। उस पर भारत और विदेशों में आतंकी संगठन के सदस्यों को कथित तौर पर वित्तीय और अन्य मदद मुहैया कराने का आरोप है। अहमद के वकील एमएस खान ने आरोपी को जेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की अनुमति के लिए जेल अधीक्षक को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया, यह उल्लेख करना जरूरी होगा कि आरोपी एमबीबीएस डॉक्टर है और उसे गंभीर मरीजों के उपचार का सात साल का अनुभव भी है। याचिका में कहा, चिकित्सा पेशेवर के तौर पर उसके अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ कोविड-19 के मामलों से निपटने और जेल के कैदियों के उपचार में किया जा सकता है। अहमद 30 जून 2007 को ब्रिटेन के ग्लासगो हवाईअड्डे पर फिदाईन हमला मामले में भी आरोपी है। अहमद को 20 अगस्त 2020 को सऊदी अरब से प्रत्यर्पित किया गया था और बेंगलुरु में आतंकवाद के दर्ज मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने उसे हिरासत में लिया था।

# पश्चिम बंगाल में चुनाव पश्चात हिंसा पर हस्तक्षेप करें राष्ट्रपति: विहिप

एजेंसी। नई दिल्ली



**विश्व** हिंदू परिषद (विहिप) ने पश्चिम बंगाल में हुई चुनाव पश्चात हिंसा के मामले में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से हस्तक्षेप करने का अनुरोध करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमले किए जा रहे हैं। राज्य में स्थिति को चिंताजनक बताते हुए विहिप ने राष्ट्रपति से इस पर संज्ञान लेने तथा केंद्र सरकार को पश्चिम बंगाल में विधि का शासन बहाल करने के लिए उचित कदम उठाने की सलाह देने का अनुरोध किया।

राष्ट्रपति को मंगलवार को लिखे गए एक पत्र में विहिप ने आरोप लगाया, पश्चिम बंगाल में प्रदेश भर में हो रही भीषण, उन्मादपूर्ण एवं उन्मुक्त हिंसा एजेंडा से प्रेरित एवं पूर्व नियोजित एवं सोच समझकर की जा रही है। विहिप ने दावा किया कि राज्य में विधानसभा चुनावों के दौरान तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने धमकी देते हुए कहा था कि राज्य में केंद्रीय बल सिर्फ चुनाव तक ही रहेंगे तथा चुनाव के बाद सत्ता की बागडोर उनके हाथों में होगी। गौरतलब है कि बनर्जी की पार्टी ने विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है। विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने आरोप लगाया, पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम की घोषणा के साथ, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस जेहादियों के साथ मिलकर राज्य में बेहद क्रूरतापूर्ण हिंसा का अंजाम दे रही है।

**दंगा प्रभावित लोगों का किया जाए पुनर्वास**

पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हिंसा को लेकर राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग करते हुए विहिप ने कहा कि बिना देरी किए दंगाई की पहचान की जानी चाहिए, जांच पूरी की जानी चाहिए और हिंसा में शामिल लोगों को त्वरित अदालतों की मदद से जल्दी सजा दिलाई जानी चाहिए। विहिप ने मांग किया कि दंगा प्रभावित लोगों का पुनर्वास किया जाए और जानमाल की क्षति के लिए सरकार उन्हें मुआवजा दे। विहिप नेता ने राष्ट्रपति को लिखे पत्र में कहा है, चूंकि हिंसा बिना किसी उकसावे के जारी है, इससे देश के सामने यह साफ हो गया है कि जबतक पश्चिम बंगाल प्रशासन पर नकेल नहीं कसी जाएगी और तुरंत संतुलन नहीं बनाया जाएगा, यह बहुत बर्बादी फैला सकता है। ऐसा भी संभव है कि कुछ जगहों पर हिंदू समाज को अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं तरीके खोजने पड़ेंगे। दोनों ही हालात पूरे देश के लिए चिंता की बात हैं।

घरों में आइसोलेट कोरोना पीड़ितों को मिली बड़ी राहत

# निगम उपलब्ध करा रहा है मेडिकल किट

## तीन हजार से भी अधिक संक्रमितों को दी जा चुकी हैं दवाइयां

● मरीजों को दवा लेने का तरीका भी समझा रही निगम की स्वास्थ्य टीम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कोरोना संक्रमण से जूझ रहे शहर को राहत दिलाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम की स्वास्थ्य टीम मैदान में उतर गई है। यही नहीं कोरोना से पीड़ित जो लोग घरों में आइसोलेशन में रह रहे हैं, उन्हें दवाई आदि उपलब्ध कराने का अभियान भी शुरू कर दिया गया है।

खास बात यह है कि नगर निगम के सुपरवाइजर व सफाई नायक अपनी-अपनी टीम के कर्मचारियों के साथ घर-घर जाकर कोरोना पीड़ितों को मेडिकल किट उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही दवाई का इस्तेमाल करने का तरीका भी उन्हें बता रहे हैं। अपर नगर आयुक्त आरएन पांडे के नेतृत्व में यह विशेष अभियान शुरू हो चुका है और रात-दिन कोरोना योद्धा इस अभियान में जुटे हुए हैं। अपर नगर आयुक्त आरएन पांडे ने बताया कि अब तक इस अभियान में 3000 से भी अधिक कोरोना पीड़ितों को मेडिकल किट सौंपी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अभियान में पारदर्शिता लाने के लिए क्षेत्र की निगरानी समितियों व आरडब्लूए टीम की मदद ली जा रही है।


शहर में परिवार के मुखिया कोविड किट सौंपते हुए निगम कर्मी।

उन्होंने बताया कि नगर निगम सीमा के अंतर्गत निगरानी समितियों की अध्यक्षता में शहर के निवासियों का कोविड चेकअप कराकर उन्हें यह मेडिकल किट दी जा रही है।

नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि होम आइसोलेशन के मरीजों तक दवाई पहुंचाने की जिम्मेदारी अपर नगर आयुक्त आरएन पांडे को सौंपी गई है जिनके नेतृत्व में यह काम पारदर्शिता के साथ चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान इसलिए चलाया गया है ताकि आइसोलेशन में रहने वाले मरीज अपने आप को अकेला ना समझें। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग 24 घंटे मरीजों के साथ में है।

# दो साल पहले अगवा किया गया बच्चा बदायूं से बरामद

● रिश्तेदार को 90 हजार में बेचा था, दो धरे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र से वर्ष 2019 में अगवा हुए एक बच्चे को पुलिस ने बृहस्पतिवार को बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना ईकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार ने बताया कि जलपुरा गांव में रहने वाले बच्चे शादाब अली का जुलाई, 2019 में अपहरण हो गया था।

उसके परिजनों ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार को जनपद बदायूं से बच्चे को बरामद किया है। उन्होंने बताया कि बच्चे को राजाराम तथा उसकी मां ने ग्रेटर नोएडा से अगवा करके बदायू जनपद में रहने वाले अपने रिश्तेदार राजेंद्र शाक्य को 90 हजार रुपए में बेच दिया था। उन्होंने बताया कि राजेंद्र शाक्य का कोई बेटा नहीं था इसलिए उसने शादाब को खरीद लिया था तथा गांव में यह बात फैला दी थी कि उसने बच्चे को गोद लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने शादाब का नाम बदलकर अंश शाक्य रख दिया था।


अपने पिता की गोद में बरामद बच्चा।

# प्लाज्मा दान करने वाले कोरोना योद्धा सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**कोरोना** महामारी की दूसरी लहर में संक्रमण का खतरा सबसे ज्यादा है। मरने वालों का आंकड़ा भी बढ़ गया है। संकट की इस घड़ी में गंभीर मरीजों को प्लाज्मा दान कर नई जिंदगी देने वाले कोरोना वारियर्स का उत्साहवर्धन करने के लिए गौतमबुद्धनगर पुलिस ने बृहस्पतिवार को कोरोना योद्धाओं को अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय सूरजपुर में सम्मानित किया।

पुलिस आयुक्त मुख्यालय पुष्पांजलि व पुलिस उपायुक्त मुख्यालय द्वितीय मिनाक्षी कात्यायन ने कोरोना योद्धाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सभी का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उनके इस मानवीय कार्य पर गर्व है। बता दें कि गौतमबुद्धनगर पुलिस ने एक सराहनीय पहल की है, जिसमें कोरोना संक्रमित व्यक्ति जिसे प्लाज्मा की आवश्यकता है, वह कोविड हेल्पलाइन 8851066433 या ट्विटर लिंक के माध्यम से संपर्क कर प्लाज्मा के लिए आवेदन कर सकता है। महामारी के इस दौर में जरूरतमंद को गौतमबुद्धनगर पुलिस के कोरोना वारियर्स अपना प्लाज्मा दान कर रहे हैं।


पुलिस मुख्यालय पर खड़े प्लाज्मा दान करने वाले कोरोना योद्धा। फोटो : दीपक

# फांसी पर लटका मिला विवाहिता का शव, पति पर हत्या का आरोप

● पुलिस ने बीच में रुकवाया अंतिम संस्कार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**मसूरी** थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक विवाहिता ने फांसी लगाकर संदिग्ध रूप से आत्महत्या कर ली, ससुराल पक्ष के लोगों ने मायके वालों को घटना की सूचना दे दी लेकिन उनके आने से पहले ही श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार की रस्म शुरू कर दी।

जब मायके वाले मौके पर पहुंचे तो हैरत में रह गए और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी । पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर विवाहिता के अंतिम संस्कार को बीच में रुकवा दिया और उसके अधजले शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में महिला के परिजनों ने पति व ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है।

मरने वाली महिला का नाम सरिता है । दो साल पहले उसकी शादी बयाना निवासी संदीप के साथ हुई थी । मसूरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सरिता के अधजले शव को चिता से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके वालों ने पति व ससुराल वालों पर सरिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इराज राजा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## कोरोना योद्धाओं की देखभाल करेगा निगम

**गाजियाबाद।** शहर में संक्रमण को रोकने के लिए मैदान में उतरे नगर निगम के कोरोना योद्धाओं व उनके परिवारों की देखभाल निगम खुद करेगा। इस संबंध में निगम प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों से सभी कर्मचारियों और उनके परिजनों का ब्यौरा मांगा है। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तवर ने बताया कि निगम के कर्मचारी दिन-रात अपने परिवार की परवाह किए बगैर शहर के लोगों की सेवा में लगे हुए हैं। इन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए निगम ने फील्ड में काम कर रहे सभी कोरोना योद्धाओं का डाटा एकत्र करने के लिए कहा है ताकि समय-समय पर उनकी व उनके परिवारों की स्वास्थ्य जांच पड़ताल करके उन्हें उचित दवाई व इलाज उपलब्ध कराया जा सके। नगरायुक्त ने बताया कि कैलाश मानसरोवर में निगम ने अपना अस्पताल भी शुरू कर दिया है।

# 20 लाख की लूट का खुलासा, गैंग के 7 लुटेरे गिरफ्तार

● दो महिलाओं समेत पांच बदमाश फरार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

बृहस्पतिवार को इंदिरापुरम पुलिस ने पिछले माह शिप्रा अंडरपास से कोनोडिया इंफ्राटेक के केशियर से हथियारों के बल पर की गई 20 लाख की लूट का खुलासा कर दिया है।

पुलिस ने इस मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के 7 लुटेरों को गिरफ्तार किया है जबकि दो महिलाओं समेत पांच आरोपी फरार हैं। वारदात को फैक्ट्री मालिक के ड्राइवर सतेंद्र ने ही ताना-बाना बुना था।

पुलिस अधीक्षक नगर (द्वितीय) ज्ञानेंद्र ने बताया कि 19 अप्रैल को कनोडिया इंफ्राटेक के कैशियर संदीप खेमका से तमंचे के बल पर बदमाशों ने 20 लाख रुपए की नकदी लूट लिया था। इस मामले में खेमका ने इंदिरापुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद से ही पुलिस की टीमें घटना का अनावरण करने के लिए जुटी थी।

बृहस्पतिवार को पुलिस ने इस मामले में जितेंद्र उर्फ जीतू, गजराज, रामू उर्फ टीटू, सत्येंद्र, मनीष, सचिन व पप्पू को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि फैक्ट्री के मालिक के ड्राइवर सत्येंद्र के अलावा सीमा, प्रीत, अमजद व रोहित फरार हैं।


इंदिरापुरम पुलिस द्वारा पकड़े गए सातों लुटेरे।

उन्होंने बताया कि सत्येंद्र फैक्ट्री मालिक का ड्राइवर है और पैसा लाने ले जाने का काम वही करता था। उसी ने सीमा, प्रीति अन्य आरोपियों से रेकी कराई थी। पुलिस ने अपराधियों कब्जे से 9 लाख 30 की नकदी, दो तमंचे लूट में प्रयुक्त की गई दो मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं । इनमें कई आरोपी पूर्व में जेल में जा चुके हैं।

# पत्नी का पहले सिर कुचला फिर गर्दन काटकर मार डाला

● पति समेत कई हिरासत में लिए गए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मसूरी थाने के बयाना गांव में एक युवक ने झगड़े के बाद मायके में रह रही अपनी पत्नी की बेरहमी से सिर कुचलकर नृशंस हत्या कर दी। इतना ही नही पति ने धारदार हथियार से उसकी गर्दन और कान भी काट दिए। घटना के कुछ ही घंटों बाद पुलिस ने महिला के पति दीपक और पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। इस संबंध में अभी तक पुलिस ने गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. इराज राजा ने बताया कि बयाना गांव में राजकुमारी नामक एक नवविवाहिता का शव खून से लथपथ उसके मायके में बरामद हुआ। मृतका का सिर किसी वजनी वस्तु से कुचला हुआ था।

साथ ही उसकी गर्दन व कान भी धारदार हथियार से काटे गए हैं। पूछताछ में राजकुमारी के परिजनों ने बताया कि राजकुमारी की शादी इन्द्रगढ़ी निवासी दीपक के साथ एक साल पहले ही हुई थी।

## दुकानों का समय बढ़ाने की मांग

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सरकार से लॉकडाउन में फुटकर सब्जी और किराना दुकानों के समय 7 से 11 को 2 घंटे बढ़ाने की मांग की गई। बैठक में कहा गया कि थोक व रिटेल का एक समय रहने के कारण सब्जी का फुटकर विक्रेता 8:00 बजे तक सब्जी लेकर अपनी दुकान तक बेचने के लिए पहुंचता है, फिर सब्जी लगाता है। ऐसे में जब तक उसकी सब्जी की बिक्री शुरू होती है तभी प्रशासन द्वारा तय दुकान बंद करने का समय हो जाता है।

# 500 स्थानों पर निगम ने कराया सैनिटाइजेशन

## निगरानी समितियों और आरडब्ल्यूए की देखरेख में हो रहा कार्य

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कोरोना से जंग

महानगर को ऑक्सीजन की किल्लत से मुक्ति दिलाने के बाद नगर निगम ने अब शहर में कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए सैनिटाइजेशन का काम शुरू कर दिया है। इस रणनीति के तहत जहां-जहां शहर में सैनिटाइजेशन का कार्य पूरा हो रहा है उस वार्ड का संबंधित पार्षद और आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

नगर निगम की इस रणनीति का चौतरफा स्वागत किया जा रहा है। पिछले 24 घंटों में 100 वार्डों के अलावा 500 विभिन्न इलाकों में सेनेटाइजेशन का काम किया गया है। जहां-जहां सैनिटाइजेशन का काम पूरा हो चुका है वहां 2 दिन या 3 दिन छोड़कर पुनः सैनिटाइजेशन का काम किया जाएगा ताकि संक्रमण का खात्मा हो सके। अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव के नेतृत्व में सैनिटाइजेशन का यह विशेष अभियान चल रहा है।

अपर नगर आयुक्त ने बताया कि इस अभियान के तहत साफ-सफाई, फागिंग तथा सैनिटाइजेशन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए शहर के विधायकों, महापौर आशा शर्मा और नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर का मार्गदर्शन भी कारगर साबित हो रहा है।

यादव ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के हर कोने-कोने में सैनिटाइजेशन और फागिंग कराने का है और क्षेत्रीय निगरानी समितियों के सहयोग से इसमें काफी सफलता मिल रही है।


पटेल नगर बी ब्लॉक में सैनिटाइज करता नगर निगम का कर्मचारी।

# गाजियाबाद में पांच हजार से कम हुए सक्रिय मामले

## नए कोरोना संक्रमितों से अस्पतालों से डिस्चार्ज होने वाले मरीजों की संख्या ज्यादा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कोरोना संक्रमण को लेकर जहां केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय देशभर में स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़ने की खबर दे रहा है वहीं देश की राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद जनपद में भी पिछले छह दिनों से लगातार राहत देने वाली रिपोर्ट आ रही है। जी हां पिछले छह दिन से लगातार कोविड-19 के जितने नए मामले आ रहे हैं, डिस्चार्ज होने वालों की संख्या उनसे अधिक रहती है।

जाहिर सी बात है कि जनपद में एक्टिव केस भी लगातार कम हो रहे हैं। 6 मई तक स्थिति इसके उलट थी। किसी दिन यदि स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़ी भी तो अगले ही दिन फिर गोता खा गई और एक्टिव केस घटते कम और बढ़ते ज्यादा दिख रहे थे, लेकिन अब मामूली सा सही राहत की किरण दिखने लगी है। उत्तर प्रदेश शासन से रोजाना जारी होने वाली रिपोर्ट के मुताबिक बृहस्पतिवार को जिले में कोविड के कुल 374 नए पॉजिटिव मामले सामने आए तो पिछले 24 घंटे के दौरान 684 लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज भी हो गए। नए मामलों के मुकाबले स्वस्थ होने वालों की संख्या ज्यादा होना निःसंदेह अच्छी खबर है। वहीं डेली रिपोर्ट पर नजर डालें तो सात मई से जनपद की रिपोर्ट ऐसी ही खबर दे रही है। सात मई, 2021 को 686 नए मामले सामने आए थे और 887 उपचाराधीन स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए थे। छह मई को इस बार के अधिकतम सक्रिय केस 6915 दर्ज किए गए थे जो सात मई को घटकर 6707 रह गए थे और उस दिन से लगातार सक्रिय मामले कम हो रहे हैं।

इसी प्रकार आठ मई को 564 नए मामलों के मुकाबले 1100 स्वस्थ हुए। नौ मई को 578 नए मामलों के मुकाबले 921 उपचाराधीन स्वस्थ हुए। 10 मई को 532 के मुकाबले 846 और 11 मई को 817 नए मामलों के मुकाबले 999 उपचाराधीन स्वस्थ्य हुए। 12 मई को जरूर स्वस्थ होने वालों की संख्या नए मामलों से कम रह गई लेकिन 13 मई को एक बार फिर रिपोर्ट में अच्छे संकेत मिले। बृहस्पतिवार को जहां नए मामले केवल 374 रहे वहीं स्वस्थ होने वालों की संख्या 684 पहुंचने से एक्टिव केस घटकर 4958 रह गए।

*लगातार मामले घट रहे हैं। यह अच्छा संकेत है। लोग घरों में रहें। केवल जरूरी काम से ही बाहर निकलें। बाहर निकलते समय मॉस्क, सामाजिक दूरी और हैंड हाईजीन में कोई समझौता न करें। जागरूकता और बचाव से कोविड-19 पर काबू पाया जा सकता है।*


**डा. एनके गुप्ता, सीएमओ, गाजियाबाद**

# कोरोना नियमों के साथ कड़ी सुरक्षा में मनेगी ईद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कोरोना काल में ईद उल फितर का त्यौहार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज मनाया जाएगा। ईद उल फितर पर कोई गड़बड़ ना हो और कोरोना नियमों का पालन कराया जा सके इसके लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है।

कार्यवाहक जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने सर्किल वाइज 8 मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी है। जो सुबह 6:00 बजे से देर शाम तक अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहेंगे। वहीं शहर इमाम मुफ्ती जमील जमीर बेग कासमी ने लोगों से कोरोना नियमों का पालन करते हुए की ईद का त्यौहार मनाने की अपील की है।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक सर्किल में मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसमें सिटी मजिस्ट्रेट विपिन कुमार सर्किल 1, जीडीए के विशेष अधिकारी सुशील चौबे सर्किल दो, संजय कुमार कवि नगर सर्किल, एसडीएम विजय कुमार सर्किल 3, अंजुम खालिद सर्किल 4, डीपी सिंह सदर सर्किल, आदित्य प्रजापति मोदीनगर सर्किल तथा शुभांगी शुक्ला लोनी सर्किल में तैनात रहेंगे और अपने ड्यूटी को अंजाम देंगे। इस दौरान संवेदनशील इलाकों को भी चिन्हित कर लिया गया है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
आज दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। नए दोस्त बनने की संभावना है। सामाजिक दायरा बहुत हद तक बढ़ सकता है। आसपास के लोगों से मदद मिलेगी। व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ होगा। दैनिक कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। एक-दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे।
(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** लक्ष्मी जी को प्रणाम करें।

### वृष
व्यावसायिक संदर्भ में नए व्यापार संबंधों और सौदों को अंतिम रूप देने के लिए के लिए यह एक अनुकूल अवधि है। कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क स्थापित कर अधिक प्रभावशाली बन जाएंगे। प्रेम संबंधों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। विवाहित जातकों के लिए आवेग के कारण जीवनसाथी से अनबन हो सकती है।
(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)
**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** महालक्ष्मी जी कपूर से आरती करें।

### मिथुन
लेन-देन में सावधानी रखें। ऑफिस में मेहनत ज्यादा रहेगी। महत्वपूर्ण सफलता भी मिलने के आसार नहीं है। पुराने रोग उभर कर आएंगे। खाने-पीने में सावधानी रखें। रुटीन कामों में किसी की मदद नहीं मिल पाएगी। किसी भी मामले पर जल्दबाजी में फैसला लेने से परेशान हो सकते हैं। कुछ नुकसान होने की भी संभावना है। ऑफिस की समस्याएं बढ़ सकती हैं।
(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)
**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** बासमती चावल में चांदी का सिक्का डालकर घर में रख दे।

### कर्क
विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। माता-पिता की तबियत में सुधार होगा। एकतरफा प्यार निराश कर सकता है। कार्यक्षेत्र में नई चुनौतियां आएंगी, खास तौर पर कूटनीतिक तरीके से चीजों को नहीं इस्तेमाल करेंगे तो संतानों के अध्ययन या अन्य मामलों के पीछे धन खर्च या पूंजी निवेश होगा। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्रा लाभकारी सिद्ध हो सकती है।
(ही, हूं, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)
**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** घर में क्रीम रंग के परदे लगाएं।

### सिंह
किसी काम से भागदौड़ करनी पड़ सकती है। परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। खर्चें को नियंत्रण में रखना चाहिए। नया काम सिखने का अवसर मिलेगा। ज्ञान में बढ़ोतरी होगी। कार्यस्थल पर सहयोगी के साथ व्यवहार को अच्छा बनाकर रखें। बिना वजह उलझने से आपको बचना चाहिए। आपका ज्यादातर समय उनके साथ बीतेगा।
(मा, मी, मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)
**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** लक्ष्मी जी को फूल अर्पित करे।

### कन्या
व्यावसायिक क्षेत्र मे आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे। प्रभावशाली लोगों से संपर्क लाभकारी रहेंगे। व्यवसायियों को साझेदारी या एसोसिएशन के माध्यम से लाभ मिल सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी। संपत्ति या वाहन की बिक्री या खरीद संभव है। प्रेमी शादी करने का निर्णय ले सकते हैं।
(टो, पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)
**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** मांसाहार का पूर्णता त्याग कर दे।

### तुला
निवेश करना चाहते हैं, तो सोच-समझकर करें। नौकरीपेशा लोग कामकाज न टालें। साथ के कुछ लोगों से मदद मिल सकती है। धन और परिवार के सहयोग से मन प्रसन्न रहेगा। कॅरियर और पेशे में प्रगति के लिए हर संभव कोशिश जरूर करें। मेहनत के दम पर आज आपका असर लोगों पर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।
(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)
**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** महालक्ष्मी को मखाने की खीर का भोग लगाएं।

### वृश्चिक
किसी पुराने मित्र से मिलन होने की संभावना है। नजदीकी व्यक्ति विरोध करेंगे। व्यावसायिक यात्रा का योग है। आर्थिक मामलों में सोच समझकर निर्णय लें। सामाजिक गतिविधियों में भागदौड़ अधिक रहेगी। कार्य का बोझ बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ शिथिलता रहेगी। अविवाहित लोगों को उपयुक्त जीवनसाथी मिलने की प्रबल संभावना है।
(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू,)
**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** झूठ फरेब छल कपट से बचें।

### धनु
सारे काम मन-मुताबिक पूरे होंगे। आप अपने बच्चों के साथ खुशी के पल बिताएंगे। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। बैंकिंग एग्जाम की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के लिए दिन फेबरेबल रहने वाला है। पहले दिए गए किसी एग्जाम का रिजल्ट फेवर में रहेगा। किसी मित्र की मदद करने का मौका मिलेगा। इससे मित्रों के बीच आपकी तारीफ होगी।
(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)
**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** लक्ष्मी जी के सामने कपूर का दीपक जलाएं।

### मकर
भाग्य आज आपके साथ है। आज रुके हुए कार्यों को आगे बढ़ाने में बहुत मदद मिलेगी। पराक्रम और उत्साह में वृद्धि रहेगी। काम में मन लगेगा और मेहनत के अनुसार परिणाम भी आएगा। इस समय पूरे दिल से किया हुआ कोई भी कार्य परिणाम अवश्य देगा। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वालों को या शिक्षार्थियों को थोड़ी परेशानी उठानी पड़ सकती है।
(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)
**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** संध्या के समय घर में चंदन की धूप जलाएं।

### कुंभ
नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन मिल सकता है। अधिकारियों से मदद मिलेगी। साथ के लोग भी आपके कामकाज में मदद कर सकते हैं। पुरानी योजनाएं पूरी होने से आज फायदा मिल सकता है। कोई नया काम भी आज आप कर सकते हैं। नए लोगों से मदद मिलने के योग बन रहे हैं। आज आपको लव पार्टनर की सलाह से धन लाभ हो सकता है। अपनी सेहत का ध्यान रखें।
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)
**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** बुजुर्ग महिला का आशीर्वाद ग्रहण करें।

### मीन
आप आज सभी कार्य दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से पूरा करेंगे और उसमें सफलता भी मिलेगी। समस्या का एक व्यवहार्य समाधान खोजना सबसे अच्छी बात होगी जो आप कर सकते हैं। आय में अचानक वृद्धि खुश करेगी क्योंकि आपकी मेहनत को पहचाना जाएगा। पिता की तरफ से आपको कोई लाभ मिलेगा। झगड़े और विवादास्पद स्थिति से दूर रहने का प्रयास करें।
(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** चांदी के गिलास में जल ग्रहण करें।

## वैक्सीन लगवाने आए बुजुर्ग को धक्का देकर निकाला

**गाजियाबाद।** शहर के एक कोविड वैक्सीनेशन सेंटर पर झड़प का वीडियो वायरल हुआ है। यह वीडियो काफी जगह शेयर हुआ है। इस वीडियो में एक सीनियर सिटीजन वैक्सीनेशन सेंटर पर वैक्सीन लगवाने के लिए दिखाई दे रहे हैं। जहां सेंटर पर मौजूद एक शख्स सीनियर सिटीजन को धक्का देते हुए कमरे से बाहर निकाल रहा है। झड़प होने की क्या वजह रही यह स्पष्ट नहीं है। मगर सोशल मीडिया पर लोग इस वीडियो पर काफी तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जो व्यक्ति धक्का देते हुए सीनियर सिटीजन को बाहर निकाल रहा है उसे एक जनप्रतिनिधि का करीबी भी बताया जा रहा है। धक्का देने की परिस्थितियां क्यों बनी यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हुआ है। वीडियो विजय नगर क्षेत्र के किसी इलाके का बताया जा रहा है।

# श्रीकांत की टोक्यो ओलंपिक में जगह बनाने की धुंधली उम्मीद बरकरार

**अमित कुमार दास।** नई दिल्ली



**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत की आखिरी तीन ओलंपिक क्वालीफायर्स के रद्द होने के बावजूद विश्व संस्था के ओलंपिक प्रक्रिया को लेकर दिए आश्वासन के कारण टोक्यो खेलों में जगह बनाने की धुंधली उम्मीद बरकरार है।

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के कोरोना वायरस के कारण सिंगापुर में आखिरी क्वालीफाईंग प्रतियोगिता रद्द करने के फैसले के बाद विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत और लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल की टोक्यो ओलंपिक में जगह बनाने की उम्मीदें लगभग समाप्त हो गई हैं। सिंगापुर ओपन से पहले इस महामारी के कारण मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन को भी रद्द कर दिया गया था। बीडब्ल्यूएफ ने हालांकि कहा कि वह टोक्यो ओलंपिक के क्वालीफाईंग को लेकर बाद की तिथियों में बयान जारी करेगा। श्रीकांत ने एजेंसी से कहा, यदि मैं क्वालीफायर्स में खेलता तो क्वालीफाई कर सकता था, लेकिन अब मैं उसको लेकर कुछ नहीं कर सकता हूं। अब मैं क्वालीफिकेशन को लेकर बीडब्ल्यूएफ के बयान की प्रतीक्षा कर रहा हूं, इसलिए कुछ उम्मीद तो बची हुई है। अगस्त तक किसी टूर्नामेंट का कार्यक्रम नहीं है और तेलंगाना में भी लॉकडाउन है।

श्रीकांत ने कहा कि वह अब अभ्यास से भी अवकाश ले सकते हैं। उन्होंने कहा, मैंने विश्राम ले लिया है। वे अभ्यास के लिए अनुमति लेने की कोशिश कर रहे हैं। यदि हमें अनुमति मिल जाती है तो संभवतः अगले सप्ताह से हम अभ्यास शुरू कर देंगे।

## निश्चित तौर पर मैं निराश हूं: प्रणीत

श्रीकांत से पूछा गया कि क्या उन्हें बीडब्ल्यूएफ से कुछ हटकर फैसला करने की उम्मीद है, उन्होंने कहा, टूर्नामेंट नहीं हो रहे हैं और इसलिए हम कई तरह की बातें कर सकते हैं लेकिन मैं वास्तव में नहीं जानता कि बैडमिंटन संघों और बीडब्ल्यूएफ के बीच क्या चल रहा है। उन्होंने कहा, इसलिए मुझे नहीं पता कि क्या किया जा सकता है। बीडब्ल्यूएफ खिलाड़ियों को बेहतर बता सकता है। अभी जबकि कोई प्रतियोगिता नहीं हो रही है तो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके पीवी सिंधू, बी साई प्रणीत और पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी ने विश्राम करने का फैसला किया है। प्रणीत ने कहा, निश्चित तौर पर निराश हूं कि सभी तीनों प्रतियोगिताएं रद्द हो गई है। मैं सात सप्ताह से अभ्यास कर रहा था और अब बिना किसी उद्देश्य के अभ्यास करने का कोई मतलब नहीं बनता।

# सेरेना विलियम्स को कॅरियर के 1000वें मैच में मिली हार



**रोम। से**रेना विलियम्स को कॅरियर के 1000वें टूर मैच में पराजय का सामना करना पड़ा, जिसे इटालियन ओपन टेनिस के दूसरे दौर में नादिया पोडोरोस्का ने 7-6, 7-5 से हराया। चार बार की चैंपियन आठवीं वरीयता प्राप्त सेरेना ने आस्ट्रेलियाई ओपन के बाद से टेनिस नहीं खेला है। उसे करीब दो घंटे तक चले मैच में अर्जेंटीना की खिलाड़ी ने हराया।

सेरेना ने हार के बाद कहा, क्लेकोर्ट पर पहला मैच कठिन होता है। शायद कुछ और मैचों की जरूरत है। मैं अपने कोच और टीम से बात करके देखूंगी कि क्या हो सकता है। गत चैंपियन सिमोना हालेप को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एंजेलिक कर्बर के खिलाफ चोट के कारण मैच छोड़ना पड़ा। वह उस समय 6-1, 6-1 से आगे थी। दूसरी वरीयता प्राप्त नाओमी ओसाका को अमेरिका की जेसिका पेगुला ने 7-6, 6-2 से हराया। वहीं चौथी वरीयता प्राप्त सोफिया केनिन को बारबोरा के ने 6-1, 6-4 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त एशले बार्टी और पूर्व चैंपियन कैरोलिना प्लिसकोवा अगले दौर में पहुंच गई। पुरुष वर्ग में रफेल नडाल ने स्थानीय युवा जानिक सिनेर को 7-5, 6-4 से हराया। वहीं रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव हमवतन असलान कारात्सेव से 2-6, 6-6 से हार गए।

# पूर्व स्पिनर रमेश पोवार भारतीय महिला क्रिकेट टीम के कोच बने

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पूर्व** स्पिनर रमेश पोवार को गुरुवार को डब्ल्यू वी रमन की जगह भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पोवार इससे पहले भी टीम के साथ यह भूमिका निभा चुके है। उन्हें हालांकि 2018 टी-20 विश्वकप के बाद सीनियर खिलाड़ी मिताली राज के साथ विवाद के बाद निलंबित कर दिया गया था। पूर्व भारतीय खिलाड़ी मदन लाल की अगुवाई वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने इस पद के लिए मौजूदा कोच डब्ल्यू वी रमन के अलावा आठ उम्मीदवारों के साक्षात्कार के बाद पोवार के नाम की सिफारिश की।

बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से जारी बयान में कहा गया, बीसीसीआई रमेश पोवार को भारतीय टीम (वरिष्ठ महिला) के प्रमुख कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करता है। बीसीसीआई ने इस पद के लिए विज्ञापन दिया था और 35 से अधिक आवेदन प्राप्त किए थे। इस पद के लिए पोवार और रमन के अलावा भारत के पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा और पूर्व मुख्य चयनकर्ता हेमलता काला सहित पांच महिला उम्मीदवार दौड़ में थे। यह देखना होगा पवार मिताली के साथ सामांजस्य कैसे बैठाते है। मिताली ने पोवार पर हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टी-20 टीम से इंग्लैंड के खिलाफ विश्वकप (2018) सेमीफाइनल से बाहर करने का आरोप लगाया था। मिताली ने बीसीसीआई को पत्र लिख कर पोवार पर आरोप लगाया था कि पोवार ने मेरे कॅरियर को खत्म करने और मुझे अपमानित करने के लिए ऐसा किया है। पोवार ने पलट वार करते हुए कहा था, मिताली काफी नखरे दिखाती है और टीम में विवाद पैदा करती है।



## न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम को तैयार करना होगा चुनौती

महिला टीम की जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने के बाद पोवार ने खुद को एक कोच के रूप में साबित किया और इस साल की शुरुआत में विजय हजारे ट्राफी में बुरी तरह से विफल रहने वाली मुंबई की टीम को सैयद मुश्ताक अली टी-20 प्रतियोगिता का चैम्पियन बनने में अहम भूमिका निभाई। पूर्व भारतीय रमन बल्लेबाज की देख-रेख में टीम पिछले साल टी-20 विश्वकप के फाइनल में पहुंची थी। इस साल मार्च में दक्षिण अफ्रीका की टीम के खिलाफ घरेलू मैदान पर एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला गंवाना का उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। कोविड-19 महामारी के कारण पिछले 12 महीने में हालांकि यह टीम का पहला मुकाबला था। पोवार के लिए न्यूजीलैंड में होने वाले वनडे विश्वकप के लिए टीम को तैयार करने की चुनौती होगी। इससे पहले उनकी देखरेख में टीम इंग्लैंड का दौरा करेगी जहां उसे 16 जून से सात साल के बाद पहला टेस्ट मैच खेलना है। विश्व कप से पहले टीम को ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी करना है।

## शेफाली वर्मा, राधा यादव डब्ल्यूबीबीएल में पदार्पण को तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाजी सनसनी शेफाली वर्मा महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में दो बार की चैम्पियन सिडनी सिक्सर्स की ओर से पदार्पण करने को तैयार है। इस 17 साल की विस्फोटक बल्लेबाज के साथ वामहस्त स्पिनर राधा यादव से भी सिडनी सिक्सर्स फ्रेंचाइजी की बात-चीत जारी है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने को बताया, शेफाली का करार हो गया है, डब्ल्यूबीबीएल के कार्यक्रम को जारी करते समय इसकी घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया, राधा से सिडनी सिक्सर्स की बात-चीत जारी है।

शेफाली अभी नाबालिग है इसलिए लीग में खेलने के लिए उनके पिता को सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने की जरूरत होगी। शेफाली के अलावा इस लीग से भारतीय टी-20 कप्तान हरमनप्रीत कौर (सिडनी थंडर) सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (ब्रिसबेन हीट) और हरफनमौला वेदा कृष्णामूर्ति (होबार्ट हरिकेन्स) भी जुड़ी हुई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की महिला टी20अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज शेफाली इस साल के अंत में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की 100 गेंदों की घरेलू प्रतियोगिता द हंड्रेड के पहले सत्र में बर्मिंघम फीनिक्स का प्रतिनिधित्व करेंगी। द हंड्रेड को पिछले साल कोविड-19 महामारी के कारण रद्द कर दिया गया था। इस साल इसका आयोजन 21 जुलाई से होगा। शेफाली के लिए द हंड्रेड छोटे प्रारूप में पहला विदेशी टूर्नामेंट होगा। उन्होंने 22 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 148.31 के प्रभावशाली स्ट्राइकरेट के साथ 617 रन बनाए है।

संजू के लिए कप्तानी बहुत अच्छा अनुभव

# इस भूमिका में लगातार बेहतर हो रहा है: बटलर

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**इंग्लैंड** के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करना संजू सैमसन के लिए बहुत अच्छा अनुभव रहा और टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वह अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से निभा रहा था। संजू ने 2020 सत्र में अपनी टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। उन्हें जनवरी में आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ की जगह राजस्थान रॉयल्स का कप्तान नियुक्त किया गया था।

बटलर ने वर्चुअल मीडिया सत्र में कहा, यह उसके लिए बहुत अच्छा अनुभव था और मुझे लगता है कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वह इस भूमिका को बेहतर तरीके से निभाने लग गया था। सैमसन की अगुवाई में रॉयल्स ने सात में से तीन मैचों में जीत दर्ज है। आईपीएल को जैव सुरक्षित वातावरण में कोविड-19 के कुछ मामले पाए जाने के बाद स्थगित कर दिया गया था। बटलर ने कहा, मैंने वास्तव में संजू की अगुवाई में खेलने का लुत्फ उठाया। मुझे नहीं लगता कि इससे एक व्यक्ति के तौर पर उसमें कुछ बदलाव आया। वह सहज होकर खेलने वाला खिलाड़ी है और टीम से भी ऐसा ही चाहता है। रॉयल्स के निदेशक कुमार संगकारा ने आलराउंडर रेयान पराग की प्रशंसा की जिन्हें भविष्य का भारतीय खिलाड़ी माना जा रहा है। संगकारा ने कहा, हमारे लिए रेयान पराग बेहद विशेष खिलाड़ी है। मुझे लगता है कि वह केवल रॉयल्स ही नहीं बल्कि भविष्य में भारतीय क्रिकेट में अहम योगदान दे सकता है। वह विशिष्ट प्रतिभा का धनी है जिसे अच्छी तरह से संवारने की जरूरत है। श्रीलंका के इस दिग्गज ने कहा कि वह तेज गेंदबाज चेतन सकारिया, विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल से भी प्रभावित दिखे। संगकारा ने कहा, चेतन सकारिया का रवैया, दबाव से निबटने की क्षमता और कौशल बेजोड़ है। हमारे पास अनुज और यश भी हैं और मैं इन तीनों से काफी प्रभावित हूं।

**संजू ने 2020 सत्र में अपनी टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे**

**सैमसन की अगुवाई में राजस्थान ने जीते है सात में से तीन मैच**

## संक्षिप्त समाचार

### ऋषभ पंत को कोरोना के टीके का पहला डोज लगा



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार विकेटकीपर ऋषभ पंत ने कोरोना के टीके का पहला डोज गुरुवार को लगवा लिया। भारत के इस 23 वर्षीय क्रिकेटर ने टीका लेते हुए अपनी तस्वीर ट्वीट की है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में हैं। उन्होंने ट्वीट किया, टीके का पहला डोज लग गया। अगर आप टीका लगवाने के योग्य हैं, तो देर मत कीजिए। जितनी जल्दी हम टीका लगवाएंगे, वायरस को हरा सकेंगे। इससे पहले कप्तान विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा, उमेश यादव, ईशांत शर्मा और जसप्रीत बुमराह ने भी अलग-अलग केंद्रों पर टीके का पहला डोज ले लिया। मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सबसे पहले मार्च में ही टीका लगवा लिया था। सरकार ने एक मई से 18 वर्ष से ऊपर की उम्र के सभी नागरिकों के लिए टीकाकरण शुरू कर दिया है।

### केंट के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप मैच से वापसी करेंगे आर्चर

**लंदन।** चोट के कारण डेढ महीने मैदान से दूर रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर गुरुवार को काउंटी मैच के जरिए क्रिकेट के मैदान पर वापसी करेंगे। आर्चर ने आखिरी बार मार्च में भारत के खिलाफ पांचवां टी-20 मैच खेला था। घर में मछली का टैंक साफ करते समय उनके हाथ में कांच घुस गया था और उन्हें ऑपरेशन कराना पड़ा था। वह आईपीएल में भी नहीं खेल सके जो बाद में निलंबत हो गई। आर्चर को केंट के खिलाफ काउंटी मैच के लिए ससेक्स की 13 सदस्यीय टीम में रखा गया है। क्लब की वेबसाइट पर मुख्य कोच इयान सालिस्बरी ने एक बयान में कहा, दुनिया की कोई भी टीम आर्चर जैसा खिलाड़ी पाकर रोमांचित होगी। उसकी प्रतिभा परिचय की मोहताज नहीं है। आर्चर 2018 के बाद काउंटी चैंपियनशिप में वापसी करेंगे। यह उनके पास दो जून से न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले अपनी फिटनेस साबित करने का भी मौका है।

### रेबिक की हैट्रिक से मिलान ने टोरिनो को 7-0 से रौंदा

**मिलान।** एंटे रेबिक के 12 मिनट के अंदर बनाई गई हैट्रिक की मदद से एसी मिलान ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग सीरि ए में टोरिनो को 7-0 से हरा कर चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। रेबिक की हैट्रिक के अलावा थेओ हेर्नांडेज ने भी टीम के लिए दो गोल किए। इस जीत के साथ मिलान की टीम तालिका में तीसरे स्थान बनी हुई है। मिलान और अटलांटा के 36 मैचों में एक सामना 75-75 अंक है लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण अटलांटा दूसरे स्थान पर है। अटलांटा ने एक अन्य मुकाबले में बेनेवेंटो को 2-0 से हराया। तालिका में पांचवें स्थान पर काबिज जुवेंटस ने सासुओलो को 3-1 से शिकस्त दी। लीग खिताब पक्का कर चुके इंटर मिलान ने रोमा को 3-1 और गेनोआ ने बोलोगना को 2-0 से हराया।

### सोसीडाड को हराकर स्पेनिश खिताब के करीब पहुंचा एटेलेटिको

**मैड्रिड।** यान्निक काराकसो और एंजेल कोर्या के पहले हाफ में किए गए गोल से एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रीयल सोसीडाड को 2-1 से हराकर चैंपियन बनने की अपनी उम्मीदों को और मजबूत कर लिया। डिएगो शिमोन की टीम ने अपने घरेलू मैदान पर पहले हाफ में 2-0 की बढ़त कायम कर ली। सोसीडाड के इगोर जुबेल्दिया ने 83वें मिनट में गोल कर हार के अंतर को कम किया। इस जीत के साथ ही टीम 2014 के बाद पहली बार खिताब जीतने के इतने करीब पहुंची है। एटलेटिको के 36 मैचों में 80 अंक हो गए है जो दूसरे स्थान पर काबिज बार्सीलोना से चार और तीसरे स्थान पर काबिज रीयल मैड्रिड से पांच अंक अधिक है। रीयल मैड्रिड ने हालांकि एक मैच कम खेला है। एटलेटिको के लिए टूर्नामेंट में अभी दो दौर के मुकाबले बाकी है और रीयल मैड्रिड की टीम अगर ग्रानाडा में अपना अगला मैच जीतती है तो दोनों टीमों के बीच का दो अंक का फासला रह जाएगा। अगर यह मुकाबला ड्रा या रीयाल मैड्रिड की हार हुई तो एटलेटिको का खिताब पर दावा काफी मजबूत हो जाएगा। अन्य मुकाबलों में सेल्टा विगो ने गेटाफे को 1-0 जबकि हुएस्का ने एटलेटिको बिलबओ को 1-0 से हराया।

### चैंपियंस लीग का फाइनल पोर्तो में, 12,000 दर्शकों को मंजूरी

**लंदन।** चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी के बीच चैंपियंस लीग फुटबॉल का फाइनल पोर्तो में खेला जाएगा। पुर्तगाल सरकार ने स्टेडियम में दर्शकों के प्रवेश की अनुमति दे दी है। यूएफा (यूरोपीय फुटबॉल महासंघों का संघ) ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि की कि इस मुकाबले के लिए 12,000 दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। यह मैच 29 मई को 50000 दर्शकों की क्षमता वाले ड्रागाओ स्टेडियम में खेला जाएगा जिसमें इंग्लैंड के क्लबों के हजारों समर्थक जुटेंगे। पुर्तगाल में स्टेडियमों में दर्शकों के प्रवेश पर रोक थी लेकिन अब कोरोना प्रोटोकॉल में रियायत के बाद दस प्रतिशत दर्शकों को प्रवेश मिलेगा। यूएफा ने कहा कि चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी के प्रशंसको को छह-छह हजार टिकट बेचे जाएंगे। यूएफा अध्यक्ष एलेक्जेंडर सेफेरिन ने कहा, प्रशंसकों को पिछले 12 महीने से अपने टीमों को देखने का मौका नहीं मिल रहा है। चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचना किसी भी फुटबॉल क्लब के लिए बड़ी बात है। उन्होंने कहा, दर्शकों को मैच से दूर रखना विकल्प नहीं था और मुझे खुशी है कि कुछ हद तक इसका हल निकाल लिया गया है। पहले यह मैच लंदन के वेम्बले स्टेडियम में होना था लेकिन प्रसारकों और अतिथियों को ब्रिटिश अधिकारियों की ओर से पृथकवास में राहत नहीं मिल सकी।

### ब्रिटिश मास्टर्स में भारतीयों की निराशाजनक शुरुआत

**बेलफ्राइ ( ब्रिटेन )।** शुभंकर शर्मा और अजितेश संधू सहित सभी चार भारतीय गोल्फरों ने बेलफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स के पहले दौर में निराशाजनक प्रदर्शन किया और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। भारतीयों में शुभंकर (73) ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन वह भी संयुक्त 70वें स्थान पर चल रहे हैं। आखिरी क्षणों में टूर्नामेंट में जगह बनाने वाले संधू (74) संयुक्त 94वें स्थान पर हैं। एसएसपी चौरसिया (75) पहले दौर के बाद संयुक्त 115वें और गगनजीत भुल्लर (77) संयुक्त 140वें स्थान पर हैं। मैथियास श्वाब ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए पहले दौर में 66 का कार्ड खेला और वह पहले दिन के बाद बढ़त पर हैं।

# आईपीएल में खेलने वाले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी रविवार को लौट सकते हैं स्वदेश

**एजेंसी।** माले (मालदीव)

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्थगित होने के बाद अभी मालदीव में फंसे आस्ट्रेलिया के क्रिकेटर, प्रशिक्षक और कमेंटेटर विशेष विमान से रविवार को स्वदेश लौट सकते हैं हालांकि उन्हें अब भी अपनी सरकार से इसके लिए पुष्टि की प्रतीक्षा है। आईपीएल 2021 को निलंबित किए जाने के बाद 14 खिलाड़ियों सहित कुल 38 आस्ट्रेलियाई छह मई को मालदीव चले गए थे क्योंकि उनकी सरकार ने भारत में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत से 15 मई तक उड़ानों पर प्रतिबंध लगा रखा है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, अभी जो योजना तैयार की जा रही है उसके अनुसार 38 लोगों का समूह रविवार 16 मई को विशेष विमान से मालदीव से मलेशिया होते हुए सिडनी लौट सकता है जहां उन्हें 14 दिन के कड़े पृथकवास पर रहना होगा।

इसमें हालांकि कहा गया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट आस्ट्रेलिया को अब भी आस्ट्रेलियाई सरकार से मालदीव में फंसे आस्ट्रेलियाई नागरिकों को 15 मई के बाद स्वदेश लौटने की अनुमति मिलने की प्रतीक्षा है। रिपोर्ट में कहा गया है, क्रिकेट आस्ट्रेलियाई, आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स संघ और बीसीसीआई को आस्ट्रेलियाई सरकार से इसकी पुष्टि की प्रतीक्षा है कि क्या उन लोगों को 15 मई के बाद स्वदेश लौटने की अनुमति दी जाएगी जो हाल तक भारत में थे। चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइक हस्सी कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए जाने के कारण अभी चेन्नई में पृथकवास पर हैं।

## 'ओलंपिक खेलने का सपना पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती'

**बेंगलुरू।** ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना हर खिलाड़ी का सपना होता है और भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर नेहा गोयल ने कहा कि वह इसके लिए हरसंभव प्रयास करेगी। ओलंपिक इस साल जुलाई अगस्त में होने वाले हैं। गोयल ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, अंतिम टीम में जगह बनाने के लिए कोर समूह में काफी प्रतिस्पर्धा है। ओलंपिक खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है। रियो ओलंपिक खेलने वाले खिलाड़ियों से मैने कई कहानियां सुनी है। ओलंपिक खेलने की प्रेरणा हर अभ्यास सत्र में सौ फीसदी देने के लिए प्रेरित करती है। उसने कहा, मैं अंतिम टीम में जगह बनाकर ओलंपिक खेलने का सपना पूरा करने की कोशिश करूंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम ने 36 साल बाद 2016 में रियो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। अब फोकस 23 जुलाई से आठ अगस्त तक टोक्यो में होने वाले ओलंपिक पर है।

# पेन ने दिया आस्ट्रेलिया के एशेज जीतने पर कप्तानी छोड़ने का संकेत

**एजेंसी।** मेलबर्न



**आस्ट्रेलिया** के टेस्ट कप्तान टिम पेन ने संकेत दिया है कि अगर उनकी टीम इस साल एशेज क्रिकेट श्रृंखला में इंग्लैंड को हरा देती है, तो वह कप्तानी से विदा ले लेंगे। उन्होंने स्टीव स्मिथ को अगला कप्तान बनाए जाने की भी हिमायत की। सत्र की शुरुआत में सितारों के बिना खेल रही भारतीय टीम के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में आस्ट्रेलिया की हार के बाद से 36 वर्ष के पेन पर कप्तानी से हटने का दबाव है। वहीं स्मिथ 2018 के गेंद से छेड़खानी प्रकरण से पहले आस्ट्रेलिया के कप्तान थे।

पेन ने न्यूज डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, निश्चित तौर पर मैं फैसले नहीं लेता, लेकिन मैने जितना समय स्टीव की कप्तानी में खेला, वह शानदार था। वह तकनीक का धनी है। उन्होंने कहा, वह बहुत कुछ मेरी तरह ही है। उसे काफी कम उम्र में कप्तानी सौंप दी गई, जिसके लिए वह तैयार नहीं था। लेकिन जब तक मैं आया, वह परिपक्व हो गया था। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका वाली घटना (गेंद से छेड़खानी) हो गई। लेकिन मैं उसे अगला कप्तान बनाए जाने का समर्थक हूं। पेन ने संकेत दिया कि आस्ट्रेलियाई टीम अगर इस साल एशेज में इंग्लैंड को हरा देती है तो वह पद छोड़ देंगे। उन्होंने कहा, कम से कम अगले छह टेस्ट तक तो हूं। मुझे लगेगा कि समय सही है और हम एशेज में इंग्लैंड का सफाया कर देते हैं तो वह जाने का सही समय होगा।

## दिवंगत हॉकी दिग्गजों के परिवरों को मिलेंगे पांच-पांच लाख रुपये

**नई दिल्ली।** खेलमंत्री किरेन रिजिजू ने कोरोना संक्रमण के कारण अपनी जान गंवाने वाले पूर्व हॉकी खिलाड़ी रविंदर पाल सिंह और एम के कौशिक के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। कौशिक और सिंह दोनों 1980 की मॉस्को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य थे। रिजिजू ने ट्वीट किया, हमने दो हॉकी दिग्गजों को कोरोना के कारण खो दिया। भारतीय खेलों में कौशिक जी और रविंदर पाल सिंह जी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा, सहायता के तौर पर खेल मंत्रालय उनके शोकाकुल परिवार को सहायता के तौर पर पांच-पांच लाख रुपये देगा। दुख की इस बेला में हम उनके साथ है। 60 वर्ष के सिंह का दो सप्ताह कोरोना से जूझने के बाद लखनऊ में निधन हो गया। वहीं 66 वर्ष के कौशिक ने तीन सप्ताह जूझने के बाद दम तोड़ दिया। कौशिक सीनियर महिला और पुरुष टीमों के कोच भी थे।

## नकारात्मक राय से टोक्यो ओलंपिक को कोई खतरा नहीं

**जिनेवा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने इन आशंकाओं को खारिज किया है कि जापान की जनता की राय नकारात्मक होने से तोक्यो ओलंपिक रद्द होंगे। वहीं आईओसी की वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदर्शनकारियों ने बाधा डाली। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड की सालाना बैठक के बाद बुधवार को यह प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई थी। टोक्यो में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण आपातकाल लागू है। जापान में हुई रायशुमारी में भी अधिकांश लोगों का मत था कि 23 जुलाई से आठ अगस्त तक होने वाले इन खेलों को रद्द कर दिया जाए। आईओसी प्रवक्ता मार्क एडम्स ने कहा, हम जनता की राय सुनते हैं, लेकिन उसके आधार पर फैसला नहीं लेते। खेल होंगे और होकर रहेंगे। एडम्स आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक की नुमाइंदगी कर रहे थे, जिनकी अगले सप्ताह होने वाली जापान यात्रा रद्द कर दी गई है। कॉन्फ्रेंस में आखिरी सवाल याहू स्पोर्ट्स के पत्रकार को पूछना था, लेकिन स्क्रीन पर एक प्रदर्शनकाली काला और सफेद बैनर लेकर टोक्यो ओलंपिक का विरोध करता नजर आया।



# सालाना अपडेट के बाद भारत आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष पर

**एजेंसी।** दुबई

**आईसीसी** टेस्ट टीम रैंकिंग का वार्षिक अपडेट जारी होने पर भारत पहले स्थान पर बना हुआ है। रैंकिंग गुरूवार को जारी की गई। भारत एक रेटिंग अंक समेत कुल 121 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके 24 मैचों में 2914 अंक रहे। वहीं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत के खिलाफ खेलने जा रही न्यूजीलैंड के 120 अंक है। उसके 18 टेस्ट में दो रेटिंग अंक समेत कुल 2166 अंक हैं।

भारत ने पिछले साल आस्ट्रेलिया को 2-1 और इंग्लैंड को 3-1 से हराया। इसके अलावा न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज और पाकिस्तान को 2-0 से मात दी। आईसीसी द्वारा जारी बयान के मुताबिक यह सालाना अपडेट 2017-18 के नतीजों में जुड़ेगा। इसमें मई 2020 से खेले गए सभी मैचों को सौ फीसदी और दो साल पहले के मैचों को 50 फीसदी रेटिंग मिली है। इंग्लैंड 109 रेटिंग अंक लेकर तीसरे और आस्ट्रेलिया उससे एक अंक पीछे चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान के 94 अंक है और वह पांचवें स्थान पर है, जबकि वेस्टइंडीज 84 अंक लेकर छठे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका सातवें और श्रीलंका आठवें स्थान पर है जिनके क्रमशः 80 और 78 अंक हैं। भारत और न्यूजीलैंड साउथम्प्टन में 18 से 22 जून तक पहला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलेंगे।

**केन विलियमसन के नेतृत्व वाली न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर रही**

**आईसीसी की टेस्ट टीम रैंकिंग में भारत के 121 अंक**

**मैदा से बने ये तीन खास फेस पैक आपके चेहरे पर लाएंगे इंस्टैंट ग्लो, निखारेंगे रंग और दाग-धब्बों को दूर कर त्वचा को बनाएंगे खूबसूरत और सॉफ्ट।**



नींबू और मैदे से बना ये फेस पैक आपकी त्वचा के डेड स्किन सेल्स को निकाल देता है और आपके स्किन टोन में निखार लाता है

# त्वचा को खूबसूरत बनाने और ग्लो बढ़ाने में बहुत फायदेमंद है मैदा

## इन तीन तरीकों से फेस पैक बनाकर करें इस्तेमाल

मैदे को अक्सर सेहत के लिए बुरा मानकर प्रयोग करने से मना किया जाता है। मगर क्या आप जानते हैं कि यही मैदा आपको खूबसूरत बनाने, चेहरे पर ग्लो लाने और बेदाग त्वचा पाने में आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है? जी हां, मैदे से बने फेस पैक को आप अपना ब्यूटी सीक्रेट बना सकते हैं, बशर्ते आप इसका ठीक तरीके से इस्तेमाल करें। दिखने में बेहद सफेद और छूने में चिकना मैदा आपकी त्वचा के लिए कई तरह से फायदेमंद हो सकता है। कुछ अन्य इंग्रीडिएंट्स मिलाकर आप इस मैदे से बेहतरीन फेस पैक बना सकते हैं, जिससे कि आपकी त्वचा से दाग-धब्बे गायब हो जाएंगे और आपकी मिलेगी खूबसूरत, खिलखिलाती, सॉफ्ट और ग्लोइंग त्वचा।

### लेमन-फ्लोर फेस पैक

नींबू एक ऐसा फल है, जिसमें नैचुरल एसिड की मात्रा बहुत अच्छी होती है। ये एसिड आपकी त्वचा के लिए नैचुरल ब्लीच की तरह काम करता है। नींबू और मैदे से बना ये फेस पैक आपकी त्वचा के डेड स्किन सेल्स को निकाल देता है और आपके स्किन टोन में निखार लाता है। इसे बनाना और प्रयोग करना भी बेहद आसान है। इसके लिए आप एक छोटी सी कटोरी में 1 चम्मच मैदा लें। इसमें 2 चम्मच नींबू का रस और 1 चुटकी हल्दी डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और सूखने दें। लगभग 20-25 मिनट के बाद जब फेस पैक सूख जाए, तो चेहरे को गीला करें और हल्के हाथों से रगड़ते हुए फेस पैक को छुड़ाएं। पूरा मुंह साफ हो जाने के बाद सादे पानी से मुंह धोएं और कोई लाइट मॉइश्चराइजर लगा लें। आप पाएंगे कि आपके चेहरे पर तुरंत चमक आ गई है। लगातार प्रयोग से ये फेस पैक चेहरे की रंग को सुधारता है, दाग, धब्बों को दूर करता है और स्किन को टाइट बनाता है।

### एलोवेरा जेल के साथ मैदे का फेस पैक

डेड स्किन सेल्स को निकालने और स्किन पोर्स की अच्छी सफाई के लिए आप मैदा और एलोवेरा जेल से खास फेस पैक बना सकते हैं, जो त्वचा की गहराई में समाकर इसकी सफाई करता है। इस खास फेस पैक में एक्सफोलिटिंग के गुण होते हैं, इसलिए ये चेहरे पर मौजूद मृत त्वचा को निकाल देता है, जिससे नए सेल्स का जन्म होता है। इससे त्वचा हमेशा जवान और खूबसूरत नजर आती रहती है। फेस पैक को बनाने के लिए एक बाउल में 1 चम्मच मैदा लें और इसमें आधा चम्मच के लगभग एलोवेरा जेल डालें। इन्हें आपस में अच्छी तरह मिलाएं। अगर पेस्ट सूखा है, तो आप इसमें थोड़ा सा पानी मिला सकते हैं। गाढ़ा पेस्ट बन जाने पर इसे चेहरे पर लगाएं और सूखने दें। 10-15 मिनट बाद पेस्ट सूख जाए, तो इसे सादे या गुनगुने पानी से हल्के हाथों से रगड़ते हुए छुड़ाएं। पानी बहुत अधिक गर्म नहीं होना चाहिए, वर्ना त्वचा जल जाएगी। एलोवेरा में मौजूद मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स आपकी त्वचा में एब्जॉर्ब हो जाते हैं, जिससे त्वचा में प्राकृतिक कसावट और निखार आता है। त्वचा स्वस्थ रहती है, तो आप जवान और खूबसूरत भी दिखते हैं।



### मैदा और दूध से बनाएं कमाल का फेस पैक

अगर आपके घर में ज्यादा कुछ नहीं है और आपको चेहरे पर तुरंत निखार लाने की जरूरत है, तो आप मैदे और दूध से 15 मिनट के भीतर गजब का निखार पा सकते हैं। जी हां, मैदे और दूध से बना फेस पैक आपके चेहरे की रंगत को निखारने के लिए सबसे बेहतरीन फेस पैक्स में से एक है। इसे बनाने के लिए 1 छोटी सी कटोरी में 1 बड़ा चम्मच मैदा लीजिए और इसमें 4 चम्मच दूध मिला लीजिए। साथ ही 1 चम्मच शहद भी मिला लीजिए। अगर शहद नहीं है, तो थोड़ा सा गुलाबजल मिला लें। इन्हें अच्छी तरह मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को अपने फेस और गर्दन पर लगाएं, तथा 20 मिनट तक इंतजार करें, ताकि दूध और शहद के पोषक तत्व आपकी त्वचा में समा जाएं। इसके बाद सादे पानी से चेहरे को हल्के हाथों से रगड़ते हुए साफ करें और धो लें। थोड़ा सा मॉइश्चराइजर और लाइट सा फेस पाउडर लगा लें। चेहरे पर अपने आप ग्लो आ जाएगा।

# सेहत के साथ सुंदरता भी देती है ग्रीन टी, जानें इस्तेमाल करने का तरीका

**आजकल** अच्छी सेहत और इम्युनिटी बढाने के लिए ग्रीन टी का सेवन आम हो चुका हैं। ग्रीन टी की मदद से अच्छी सेहत की चाहत पूरी होती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यही ग्रीन टी चहरे की सुंदरता की चाहत को भी पूरा करने का काम करती हैं। जी हां, ग्रीन टी को चेहरे पर इस्तेमाल कर निखार पाया जा सकता हैं। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से ग्रीन टी का इस्तेमाल कर अपनी खूबसूरती को बढ़ाया जाए। तो आइए जानते हैं इसके बारे में।

### ड्राई स्किन के लिए

**अगर** आपकी त्वचा भी ड्राई है तो इस पैक का इस्तेमाल जरूर करें। ये आपकी त्वचा को मुलायम और चमकदार बनाएगी। दो चम्मच शहद में एक चम्मच ग्रीन टी मिलाकर पेस्ट बना लें। चेहरे और गर्दन पर इस पैक को लगा लें। सप्ताह में दो बार से ज्यादा इस पैक का इस्तेमाल न करें।

### सामान्य त्वचा के लिए

दो चुटकी हल्दी, एक चम्मच ग्रीन टी और एक चम्मच बेसन को मिलाकर पेस्ट बना लें। चेहरे को अच्छी तरह धोकर साफ करें और पेस्ट को चेहरे पर लगाएं। बीस मिनट के बाद कॉटन में गुलाब जल लगा कर सूख चुके पैक को गीला करें। अब दोनों हाथों से मसाज करते हुए पैक को छुड़ाएं। चेहरे को ताजे पानी से धो लें। ये पैक चेहरे के पिंपल को दूर भगाने में कारगर है।

### ग्रीन टी फेस पैक

कुछ महिलाओं के टी शेप यानि फॉरहेड, नाक और गाल के जगह की त्वचा ज्यादा तैलीय होती है और बाकि स्किन नार्मल रहती है। इस तरह की त्वचा में संतरे के छिलके और ग्रीन टी का फेस पैक फायदेमंद होता है। आधा चम्मच शहद, एक चम्मच ग्रीन टी और एक चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर मिक्स गुलाब जल मिलाकर के पेस्ट बना लें। चेहरे पर लगाने के बाद सुखने दें। फिर हल्के हाथों से रगड़ते हुए छुड़ाएं।



# खीरे का फेस मास्क देगा आपको बेदाग और गोरी त्वचा

गर्मियों के इस मौसम में त्वचा को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं, जो कि त्वचा का निखार छिनने का काम करती हैं। लेकिन ऐसे में एंटीऑक्सीडेंट और कई अन्य गुणों से भरपूर खीरा मददगार साबित होता हैं। खीरा अगर आहार में लिया जाए तो यह शरीर को ठंडक पहुंचाता हैं और त्वचा के लिए भी फायदेमंद साबित होता हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए खीरे से बने कुछ फेसमास्क लेकर आए हैं जिनकी मदद से बेदाग और गोरी त्वचा को पाने में आसानी होगी। तो आइये जानते है इन फेसमास्क के बारे में।



### खीरे और एलोवेरा का फेस मास्क

रूखी त्वचा के लिए ये फेस मास्क बहुत फायदेमंद रहेगा। खीरे के साथ-साथ एलोवेरा भी स्किन को हाइड्रेट करता है। आधा खीरा लें और उसे छिलकर ब्लेंड कर लें। अब इसे छानकर इसमें से रस निकाल लें। इसमें दो चम्मच एलोवेरा जैल डालें और मिश्रण तैयार कर लें। इस मास्क से चेहरे की हल्के हाथों से मालिश करें। मालिश करने के बाद इसे 15 मिनट तक चेहरे पर ही लगा रहने दें। अब चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

### खीरे और ओटमील का फेस मास्क

मुंहासों वाली त्वचा के लिए ये मास्क बहुत अच्छा रहता है। खीरे में एस्ट्रिंजेंट गुण होते हैं, जबकि ओटमील स्किन से मृत कोशिकाओं को हटाकर उसे एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। शहद त्वचा में बैक्टीरिया को संतुलित करने का काम कर सकता है। आधा खीरा लें और उसे छिलकर ब्लेंड कर लें। अब इसे छानकर इसमें से रस निकाल लें। इसमें एक चम्मच ओटमील मिलाकर मिक्स करें। अब एक चम्मच शहद डालकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं और अंगुलियों से मसाज करें। इसके बाद इस मास्क को चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। अब गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

# कहीं आपकी खूबसूरती पर भारी न पड़ जाए ज्यादा देर तक लगा फेसमास्क

चहरे की सुंदरता को पाने के लिए महिलाएं कई जतन करती हैं। खासतौर से इन गर्मियों के दिनों में महिलाएं त्वचा का अच्छे से ख्याल रखती हैं। इसके लिए महिलाएं फेसमास्क का उपयोग भी करती हैं ताकि त्वचा कि गंदगी को दूर किया जा सकें, लेकिन जरा संभलकर कहीं आपका फेसमास्क आपकी खूबसूरती के लिए भारी न पड़ जाए। जी हां, अक्सर महिलाएं सोचती हैं फेसमास्क ज्यादा देर तक लगाए रखेंगी, तो ज्यादा खूबसूरती मिलेगी, लेकिन असल में होता इसका उल्टा है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि कसी तरह ज्यादा देर तक फेसमास्क लगाए रहने से त्वचा को नुकसान होता हैं।

### त्वचा की नमी खो जाती है

हर किसी की त्वचा में कुछ नेचुरल ऑयल होते हैं जो इसे कुदरती रूप से मॉइश्चराइज रखते हैं। यह ऑयल त्वचा को हेल्दी बनाए रखने के लिए जरूरी है, लेकिन आप यदि अधिक देर तक फेसमास्क लगाकर रखती हैं, तो यह नेचुरल ऑयल स्किन से निकल जाते हैं और आपके पोर्स अधिक ऑयल निकावने लगते हैं, जिससे त्वाचा का पीएच बैलेंस बिगड़ जाता है और आपकी त्वचा लाल हो सकती है।

### ड्राई स्किन वालों के लिए नुकसानदायक


जिन लोगों की स्किन ड्राई है यदि वह बहुत देर तक फेसमास्क लगाए रखते हैं तो उसे उतारते समय बहुत खिंचाव और दर्द महसूत होता है साथ ही इससे स्किन भी डैमेज हो सकती है। इसलिए फेसमास्क लगाते समय इस बात का ध्यान रखें कि उसे उतनी ही देर लगाए जितना की बोला गया है।

### एलर्जिक रिएक्शन

जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव है उन्हें स्किन के एक छोटे से हिस्से पर मास्क लगाकर पहले टेस्ट कर लेना चाहिए, क्योंकि यदि बिना टेस्ट के आप पूरे चेहरे पर मास्क को लंबे समय तक लगाकर रखती है तो चेहरे पर मुहांसे और रैशेज आ सकते हैं। यदि मास्क का ट्रायल करते समय ही त्वचा में जलन महसूस होने लगे, तो तुरंत उस हिस्से को पानी से धो लें।

### स्किन इरिटेशन

कुछ होममेड फेसमास्क से तो किसी तरह का नुकसान नहीं होता है, लेकिन स्किन पर किस चीज को कितनी देर तक लगाए रखना है इस संबंध में जो मास्क लगाने के नियम है उसका पालन करें। मसलन आपको यदि दही-बेसन मास्क आधे घंटे तक ही लगाने के लिए बोला जा रहा है, तो उसे एक घंटे तक लगाकर न रखें। जहां तक बाजार में मिलने वाले मास्क का सवाल है तो उसमें कई तरह के केमिकल मिक्स होते हैं जिससे अधिक समय तक लगाए रखने से त्वचा में जलन (इरिटेशन) की समस्या हो सकती है।



**आम दिनों में तो पार्लर जाकर बालों की देखभाल कराना आसान होता है, लेकिन लॉकडाउन में पार्लर बंद होने के कारण बालों की देभखाल करना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। अगर आपने भी बालों को कलर कराया हुआ और पार्लर जाना बंद है तो हम आपको घर बैठे रंगों बालों की देखभाल करने का आसान तरीका बता रहे हैं।**

# लॉकडाउन में बालों का कलर पड़ने लगा फीका? घर बैठे इन टिप्स से करें रंगे हुए बालों की देखभाल

**जब** भी हम अपने बाल को रंगते हैं यानी की कलर करते हैं, तो हम निश्चित रूप से खुद को बदला हुआ पाते हैं और यकीन मानिए रंगे हुए बालों को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। एक निश्चित समय के बाद बालों का रंग हल्का पड़ना शुरू हो जाता है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं जैसे सूर्य की हानिकारक यूवी किरणें, प्रदूषण, अत्यधिक स्टाइलिंग, रासायनिक उपचार और बालों की देखभाल के लिए गलत हेयर केयर रूटीन। इन्हीं के कारण बालों की देखभाल कर पाना हमारे लिए मुश्किल हो जाता है। आम दिनों में तो पार्लर जाकर बालों की देखभाल कराना आसान होता है, लेकिन लॉकडाउन में पार्लर बंद होने के कारण बालों की देभखाल करना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। अगर आपने भी बालों को कलर कराया हुआ और पार्लर जाना बंद है तो हम आपको घर बैठे रंगों बालों की देखभाल करने का आसान तरीका बता रहे हैं। आप इन टिप्स के साथ बालों पर कलर को लंबे समय तक बनाए रख सकते हैं और ऐसा करने से आपके बाल गिरेंगे व टूटेंगे भी नहीं।



### रंगे बालों की कुछ इस तरीके से करें देखभाल

**बालों के रंग को बचाने वाला शैम्पू और मास्क का इस्तेमाल करें:** बार-बार बालों पर रंग कराने या हाइलाइट किए गए बाल हल्के होने पर बिल्कुल भी अच्छे नहीं लगते हैं क्योंकि वे डल हो जाते हैं, अपनी चमक खो दोते हैं, रूखे हो जाते हैं और उलझे लगते हैं और बालों को करने की प्रक्रिया के कारण वे कमजोर होकर टूटने भी लगते हैं। इससे बचने के लिए आपको अपने कलर्ड हेयर के लिए हेयर मास्क लगाने के बाद शैम्पू का उपयोग करना बहुत ही ज्यादा जरूरी हो जाता है।

### अच्छे हेयर केयर रूटीन के लिए इन स्टेप्स को पालन करें

क्लींज (शैंपू), देखभाल (मास्क), प्रोटेक्ट (लीव-इन) 3 बालों की देखभाल के लिए ये 3 चरण बहुत ही ज्यादा जरूरी हैं। रंगे हुए बालों की देखभाल के लिए आपको सीरम जैसे ऑयल का इस्तेमाल करना है, जो आपके बालों को कई फायदे पहुंचाता है। यह आपके बालों को हल्का पोषण प्रदान करने में मदद करता है और 96 घंटे तक बालों को उलझन से दूर रखने का काम करता है। इसके अलावा ये बालों के रंग को ऑक्सीकरण से भी बचाता है। बालों को चिकने, चमकदार, उलझन मुक्त बनाने के लिए अपने बालों पर कुछ महक वाले तेल की कुछ बूंदें जरूर डालें। ऐसा रोज करें ताकि आपके बालों की लंबाई भी बढ़ सके।

### रंगे बालों पर इन चीजों को करने से बचें

**बार बार शैम्पू न करें :** अपने बालों को बार-बार न धोएं। सप्ताह में दो बार शैंपू करने की सलाह दी जाती है, हालांकि जिनकी जड़ें तैलीय हैं वे अधिक बार शैम्पू का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**ओवर स्टाइल :** अत्यधिक गर्मी आपके बालों के रंग और हाइड्रेशन को छीन लेगी और आपके बाल सूखे और क्षतिग्रस्त होना शुरू हो जाएंगे। इन समस्याओं से बचने के लिए गर्म उपकरण का उपयोग करते समय हीट प्रोटेक्टेट उत्पादों का उपयोग करना आवश्यक है। यह नमी के नुकसान को कम करने में मदद करेगा, बालों के क्यूटिकल्स को चिकना बनाएगा और आपको बालों में नमी को बचाएगा।

### रंगे बालों की देखभाल करने के लिए आसान टिप्स

- बालों पर रंग विशेष रूप से ब्लीच करने से पहले अपने बालों की प्राकृतिक छिद्रों से अवगत रहें, क्योंकि यह आपको हेयर ट्रीटमेंट की तीव्रता के बारे में बेहतर तरीके से बताएगा खासकर जिसका आप उपयोग करने जा रहे हैं।
- बालों को धोते समय गुनगुने या ठंडे पानी का प्रयोग करें क्योंकि गर्म पानी आपके बालों के कलर को जल्द हल्का कर सकता है। गर्म पानी से बाल धोने पर आपके बाल के छिद्र खुल जाते हैं, जिससे आपके बालों का रंग हल्का हो सकता है।
- हर बार जब भी आप शैम्पू करें तो मास्क का उपयोग जरूर करें और इसे 5 मिनट तक रखें। इसके अलावा आप मास्क को शॉवर पूरा करने तक लगाए रह सकते हैं। एक अच्छा मास्क आपके रंगीन बालों को दिखने में हेल्दी बनाएगा। यहां तक कि अगर आपके बाल ठीक हैं तो ये आपके बालों की लंबाई बढ़ाने में भी मदद करेगा। क्योंकि रंगे हुए बालों को अधिक देखभाल की आवश्यकता होती है।
- डीप कंडिशनिंग के लिए मस्का लगाएं और उन पर शॉवर कैप लगा लें। पांच मिनट के बाद धो लें। ऐसा करने से बालों की मसल्स तेजी से कार्य करती हैं और बालों को अंदर से मजबूत बनाती हैं।
- यूवी किरणें बालों का रंग फीका कर देती हैं और बालों की नमी खींच लेती हैं। इसलिए अपने बालों को सूरज की रोशनी में आने से बचाएं। गर्मियों में बालों के रंग को संरक्षित करना सबसे महत्वपूर्ण है। नहीं तो आपके बालों का रंग ब्रॉसी हो सकता है या बहुत जल्दी बेजान हो सकते हैं। इसलिए तेज धूप में बाहर जाने पर अपने बालों को हैट या कपड़े से ढकें।